फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 121 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 2 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**It was the Hand of God**
Milla excelled with dribbling and shooting and fooled the rivals with his defy body movement. Milla was adjudged the fourth-best player of that World Cup.
**A cup of Kadak chai**
**Parties At Maradona's Villa!!**
Watch the match and celebrate the win



*युनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलम्बिया की एक रिपोर्ट के अनुसार आर्कटिक क्षेत्र में बदलते मौसम के दबाव की प्रतिक्रिया स्वरुप नारवाल अपना माइग्रेशन पैटर्न बदल रही हैं। माइग्रेशन के अध्ययन के लिए नारवाल एकदम सही जानवर हैं। इन्हें सर्वाधिक संवेदनशील आर्कटिक समुद्री जीव माना जाता है। लगभग 100 वर्ष जीने वाली यह प्रजाति मौसम के अनुसार प्रवास करती है। नारवाल छिछले और बर्फ रहित क्षेत्र से ट्रैवल करके 95 प्रतिशत बर्फ से ढके शीतकालीन आवासों तक जाती हैं। लम्बे समय से नारवाल, क्षेत्र की सी आईस में कमी जैसी स्थितियों से तालमेल करने के लिए माइग्रेशन का समय बदल रही हैं। शोधकर्ताओं ने नारवाल के व्यवहार को देखने के लिए सैटलाइट मैज़रमैंट उपकरणों का प्रयोग किया और यह भी पता लगाया कि, कब उनका व्यवहार माइग्रेशन मोड में आ जाता है, कब ये ग्रीष्मकालीन क्षेत्रों से रवाना होती हैं तथा इनके मूवमैंट कितने डायरैक्ट हैं। युनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलम्बिया में पोस्ट डॉक्ट्रेट फैलो और मुख्य शोध लेखक डॉ. कोर्टनी शुअर्ट ने कहा, ''हमने कैनेडियन आर्कटिक के 21 साल के सैटलाइट डेटा का अध्ययन किया और पाया कि नारवाल के शरद प्रवास में काफी देरी हो गई है और ये ग्रीष्मकालीन क्षेत्रों में ज्यादा समय बिता रहीं हैं। यह देरी दस दिन प्रति दशक की दर से हुई है। यही नहीं, हमने यह भी देखा कि नर के रवाना होने के एक सप्ताह बाद मादा अपने बच्चों के साथ प्रवास पर निकल रहीं हैं।'' नारवाल को ठंडा पानी पसंद है। लेकिन आईस कवर की वजह से ठंडे पानी के खुले प्राकृतिक क्षेत्रों में कमी आ रही है इसलिए शायद ये ग्रीष्मकालीन क्षेत्रों में ज्यादा देर तक रहती हैं। सर्दी में सी आईस की मात्रा बढ़ने से इनके बर्फ में फंसने का खतरा भी बढ़ जाता है जिसकी वजह से इन्हें गहरे पानी से होकर अपने शीतकालीन आवास तक जाना पड़ता है। माइग्रेशन सम्बंधी व्यवहार में यह बदलाव जलवायु परिवर्तन की वजह से हुआ है। वरिष्ठ शोधकर्ता, डा. मारी ऑगर मेथे ने कहा कि, माइग्रेशन में देरी नारवाल के लिए अच्छी खबर नहीं है। ग्रीष्मकालीन आवासों में ज्यादा समय रहने से शिपिंग ट्रैफिक से इनके लिए खतरा बढ़ जाएगा। चूंकि ये जीव शोर के प्रति संवेदनशील हैं इसलिए गत 20 वर्षों से इनका स्ट्रैस लैवल बढ़ रहा है।*

# 'सुबह छः बजे से चलना और दिन में 24 किलोमीटर से कम नहीं चलना'

## कमलनाथ ने कथावाचक प्रदीप मिश्रा से बात करते हुए यह टिप्पणी भी कि, ''हम तो सात दिन से मर रहे हैं''

- कमलनाथ का यह विडियो वायरल होने से भाजपा को मज़ाक बनाने का अच्छा अवसर मिल गया।
- साथ ही, दिग्विजय सिंह खरगौन जिले में यात्रा के दौरान लड़खड़ा कर गिर गए, जिससे सोशल मीडिया पर भाजपा को तंज कसने का एक और मौका मिला। जवाब में कांग्रेस ने व्यगांत्मक टिप्पणी की, मध्य प्रदेश में सड़कों की हालत पर और इसे दिग्विजय सिंह के लड़खड़ाने का कारण बताया।
- राहुल गांधी की ''फिज़िकल फिटनैस'' भी काफी चर्चा में है तथा राहुल गांधी के, पानी की टंकी पर चढ़ने व सड़क पर ''पुश-अप'' करने के विडियो भी काफी दिखे।
- यात्रा गुरूवार को प्रातः उज्जैन से रवाना हुई, एक दिन के ''ब्रेक'' के बाद तथा मध्य प्रदेश की राजस्थान सीमा पर अंतिम जिले अगर मालवा की ओर बढ़ी।
- मध्य प्रदेश के बाद, 4 दिसंबर को यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी।
- गुरूवार को फिल्म तारिका स्वरा भास्कर ने यात्रा में भाग लिया, इससे पहले अमोल पालेकर, संध्या गोखले, पूजा भट्ट, रिया सेन, सुशांत सिंह, मोना अम्बेगांवकर, रश्मि देसाई व आकांक्षा पुरी भी यात्रा में भाग ले चुके हैं।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर जैसे सभ्य समाज के गैर-कांग्रेसी सदस्यों के राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेना जारी रखने के कारण और इसके हिंदी भाषी राज्य मध्य प्रदेश में प्रवेश करने के साथ ही यह दक्षिण पंथ से प्रेरित ट्रोल्स का सोशल मीडिया में लगातार निशाना बनती जा रही है।

अभिनेत्री स्वरा भास्कर आज मध्य प्रदेश के उज्जैन मे राहुल गांधी की कांग्रेस यात्रा में शामिल हुईं।

इण्डियन नैशनल कांग्रेस के ऑफिशियल ट्विटर हैण्डिल ने राहुल गांधी के साथ भास्कर की एक फोटो शेयर की।

ट्वीट में लिखा गया है कि ''प्रसिद्ध अभिनेत्री स्वरा, भारत जोड़ो यात्रा का आज वास्तव में हिस्सा बन गईं। समाज के प्रत्येक वर्ग की उपस्थिति ने इस यात्रा को कामयाब बना दिया है।''

स्वरा भास्कर को ज्वलंत मुद्दों पर मुखर होकर अपनी राय व्यक्त करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने भी कांग्रेस पार्टी की पोस्ट को रिट्वीट किया।

इससे पहले, अमोल पालेकर, संध्या गोखले, मोना अंबेगांवकर, रश्मि देसाई और आकांक्षा पुरी जैसे सिने शख्सियत यात्रा में भाग ले चुकी हैं।

भाजपा नेता एवं पार्टी की आई.टी. सैल के राष्ट्रीय संयोजक अमित मालवीय राहुल गांधी के नेतृत्व वाले इस अभियान को सक्रिय रूप से निशाना बना रहे हैं और इसकी छोटी-छोटी त्रुटियों को लेकर भी पहाड़ खड़ा कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के नेता भी इस यात्रा के मजाक में बनने वाले ट्रोल्स का मौका देने में पीछे नहीं हैं। आज यह काम मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किया।

कमलनाथ ने एक कथावाचक से बेलाग बातचीत की, जिससे उनकी पार्टी कांग्रेस राज्य में मजाक का पात्र बन गई। कथावाचक प्रदीप मिश्रा से बातचीत का यह वीडियो बहुत सर्कूलेट हुआ है, जिसमें इस 76 वर्षीय नेता को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के कठोर कार्यक्रम के बारे में शिकायत करते हुए देखा जा सकता है। यह यात्रा वर्तमान में मध्य प्रदेश से गुजर रही है।

नाथ को यह कहते हुए सुना गया- ''हम तो सात दिन से मर रहे हैं। सुबह 6 बजे से चलना और एक दिन में 24

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट काफी चौंकाने वाली है, भारत में तापमान की वृद्धि के बारे में

## रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक 16 करोड़ भारत वासी ''हीट वेव'' के दुष्परिणाम का शिकार होंगे तथा इनमें से एक चौथाई भारतीय ''हीट वेव'' के कारण अपना रोजगार खो देंगे

- पर, वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, ''हीट वेव'' के कारण रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशन्स व एयर कूलर्स की मांग में भारी वृद्धि होगी।
- ''कूलिंग'' इण्डस्ट्री में 129 लाख करोड़ रूपये की आवश्यकता होगी तथा रोजगार के 37 लाख नये अवसर भी खुलेंगे।

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। पृथ्वी के गर्म होने को लेकर विश्व बैंक की भविष्य वाणियों में भारत के लिए भी चिन्ताजनक भविष्यवाणी है। आज से आठ वर्ष बाद वर्ष 2030 तक 16 करोड़ से अधिक भारतीय हीट वेब्ज़ के विपरीत प्रभावों को झेलेंगे और उनमें अनुमानतः एक चौथायी लोग गर्मी के कारण कार्यक्षमता में होने वाली कमी के कारण नौकरियों से हाथ धो बैठेंगे।

विश्व बैंक ने ''क्लाइमेट इन्वैस्टमैंट अपॉरचुनिटीज़ इन इण्डियाज़ कूलिंग सैक्टर'' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में इस पर जोर दिया है कि ''हीट वेव'' कूलिंग की आवश्यकता को प्रबल रूप से बढ़ा देंगी, जिससे एयर-कंडीशनर्स और कूलर्स की मांग बढ़ जाएगी। इससे वर्ष 2040 तक 129 लाख करोड़ रूपयों के निवेश अवसर प्राप्त होंगे और 37 लाख नई नौकरियां निर्मित होंगी।

बिजली की खपत 30 प्रतिशत कम करने के लिए विश्व बैंक ने कम लागत की डिस्ट्रिक्ट कूलिंग टैक्नॉलजी का प्रस्ताव रखा है जैसे सैंट्रल प्लांट में ठंडा पानी बना कर उसे भूमिगत ऊष्मारोधी पाइप्स के जरिए कई बिल्डिंग से ये सप्लाई करना। रिपोर्ट कहती है कि ''सरकार द्वारा बनाई जा रही कुलिंग टैक्नीक्स और प्राइवेट फंडेड निर्माण से गरीब लोगों पर बढ़ते तापमान का असर नहीं पड़ेगा।''

रिपोर्ट के बढ़े हुए तापमान में परिवहन के दौरान खाद्य पदार्थों व दवाइयों के रखाब होने की संभावना बढ़ने की चेतावनी दी और कहा कि कोल्ड चेन डिस्ट्रिब्यूशन नैटवर्क की कमियां दूर की जानी चाहिए। प्रीकूलिंग और रैफ्रिजरेटेड ट्रांसप्लांट में निवेश से भोजन की क्षति के 76 प्रतिशत कमी होगी और कार्बन उत्सर्जन में भी 16 प्रतिशत की कमी होगी। रिपोर्ट आगे कहती है कि लागत कम करने के उपायों में सुधार से अगले तीन वर्ष में ट्रेन्ड टैक्नीशियन्स के लिए रोजगार के दो लाख अवसर सृजित होंगे। भारत में वर्ल्ड बैंक के डॉ. यॉक्टर ऑकस्टे टानो कॉमे ने कहा ''भारत की कूलिंग रणनीति जीवन जीविका को बचाने, कार्बन उत्सर्जन कम करे और भारत को ग्रीन कूलिंग निर्माण में अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र बनने में मदद कर सकती है।''

# प्रधानमंत्री मोदी ने ब्लॉग लिखा

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। भारत आज जी-20 का अध्यक्ष बना। प्रधानमंत्री कार्यालय के ट्वीट के अनुसार, इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने एक ब्लॉग लिखा है।

- जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ब्लॉग में कहा, ''भारत दुनिया में एकता की भावना को बढ़ाने के लिए काम करेगा। भारत की अध्यक्षता का दौर उम्मीद, सद्भावना और आहत भावनाओं पर मरहम लगाने का होगा।''

उन्होंने लिखा, ''चलो हम सब मिलकर भारत की जी-20 की अध्यक्षता को, समरसता, विश्वास घावों पर मरहम लगाने की अध्यक्षता बनाएं।''

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ई.डी. का सक्रिय होना संकेत है कि उस राज्य में चुनाव होने जा रहे हैं'

## तेलंगाना के मु.मंत्री की बेटी, कविता, जो एम.एल.सी. हैं तथा राजनीति में काफी सक्रिय हैं, ने केन्द्रीय सरकार पर तीखा कटाक्ष किया

- जैसा कि विदित ही है, मु.मंत्री की पुत्री, दिल्ली के ''लिकर स्कैम'' में आरोपित हैं, जिसकी ई.डी. ने जांच शुरू कर दी है।

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। तेलंगाना राष्ट्र समिति (टी.आर.एस.) की विधान परिषद सदस्य एवं मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की पुत्री कविता ने कहा कि ''यदि एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट'' (ई.डी.) किसी राज्य में जाता है तो यह एक तरह से किसी आसन्न चुनाव का संकेत है। आज की तारीख में भारत का एक बच्चा भी यह बात जानता है।

टी.आर.एस. नेता ने ई.डी. का हैदराबाद में स्वागत करते हुए कहा कि ना तो वह और ना ही उनकी पार्टी ई.डी. या गिरफ्तारी या केसों से डरती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने ई.डी. के अधिकारियों का स्वागत किया है और सभी जांच-पड़ताल में उनका पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

टी.आर.एस. नेता कविता का दिल्ली के शराब घोटाले में ई.डी. की चार्जशीट में नाम है। उन्होंने गुरूवार को मीडिया कर्मियों को बताया कि दिल्ली की भाजपा सरकार का यह चलन बन गया है कि वह देश भर में यथावत रूप से चुनी गई सरकारों को हटाने और परेशान करने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों का इस्तेमाल करती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब से भाजपा सरकार केन्द्र में आई है जब से 9 राज्यों में गैर भाजपाई निर्वाचित सरकारें गिरी हैं और उनकी जगह भाजपा की सरकार बनी है।

उन्होंने कहा कि जितनी चाहे कोशिश कर ले भाजपा, पर तेलंगाना में उसे सफलता नहीं मिलेगी। आज मैं, मेरे मंत्री और वरिष्ठ नेता भाजपा के निशाने पर हैं और विपक्ष की साख गिराने की मुहिम का अंग हैं। भाजपा मीडिया को चुन-चुन कर सूचनाएं लीक करती है और कई बार तो झूठी जानकारी भी देती है ताकि विपक्ष की छवि खराब की जा सके। उन्होंने आगे कहा कि, लेकिन तेलंगाना में लोग जानते हैं कि क्या हो रहा है और वे भाजपा को चुनाव में सबक सिखाएंगे।

कविता ने कहा, हम इसके लिए तैयार हैं। तेलंगाना में टी.आर.एस. सरकार केन्द्र सरकार और उसकी एजेंसियों का जमकर सामना कर रही है और टी.आर.एस. 2 विधायकों को खरीदने के मामले में भाजपा को बुरी तरह से फंसा दिया है।

तेलंगाना सरकार की स्पेशल इन्वैस्टिगेशन टीम ने चार लोगों के कॉल रिकॉर्ड कोर्ट में पेश किए हैं जो कथित तौर पर षड्यंत्र में शामिल थे इनमें से एक वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एल. संतोष हैं। इन रिकॉड्स में कथित आरोपियों के बीच हुई वॉट्स एप चैट को भी आरोपों के सबूत के रूप में पेश किया है।

# कम्प्यूटर से बातचीत के लिए चिप

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। टैक अरबपति एलन मस्क मस्तिष्क में इम्प्लांट करने वाला एक ऐसा चिप बना रहे हैं जिससे आप अपने विचारों के माध्यम से कम्प्यूटर से सीधे संवाद कर सकते हैं।

ऑनलाइन बिज़नैस न्यूज़ मैगज़ीन लाइव मिंट के अनुसार, इसका इन्टरफेस मस्क की कंपनी न्यूरालिंक कॉर्पोरेशन ने बनाया है, जिससे उपभोक्ता अपने कम्प्यूटर से बात कर सकेंगे और सीधे संवाद कर सकेंगे। ट्विटर सी.ई.ओ. ने कहा, छः महीनों के अंदर यह डिवाइस मनुष्य के मस्तिष्क में इम्प्लांट की जा सकेगी।

- अरबपति एलन मस्क मानव मस्तिष्क में लगने वाली ऐसी चिप बना रहे हैं जिससे विचारों के जरिए कम्प्यूटर से सीधे बात की जा सकेगी।

मस्क ने कहा, ''हमने अपना लगभग सारा पेपरवर्क यू.एस. के फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफ.डी.ए.) को भेज दिया है और हम सोचते हैं कि तकरीबन छः महीनों में हमारा पहला ''न्यूरालिंक'' मनुष्य के मस्तिष्क में इम्प्लांट हो जाएगा।''

इतना ही नहीं, मस्क का लक्ष्य है कि, उनकी कंपनी जो इम्प्लांट बना रही है उसके जरिए मनुष्य में दृष्टि एवं गतिशीलता को भी बहाल किया जा सकेगा। सुनने में जहाँ यह अद्भुत लगता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत की इकॉनमी के बारे में नवीनतम आंकड़ों की सबसे सुखद खबर है, सर्विस सैक्टर की लगातार बढ़ोतरी

## इकॉनमी विशेषज्ञों का मानना है, फार्म सैक्टर में गिरावट न आने से खान-पान के मूल्यों में स्थिरता बरकरार है

- पर, इन विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि, औद्योगिक उत्पादन में कोई बढ़त न होना, बल्कि पिछली तिमाही की तुलना में कुछ गिरावट ही आना, जरूर चिंता का विषय है।
- पर, एक पेचीदा पहलू, औद्योगिक उत्पादन के बारे में यह है कि, कुछ क्षेत्रों, जैसे ऑटोमोबाइल (विशेषकर कार) निर्माण में हमारी प्रगति बहुत अच्छी है। अपनी कारें, अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की हैं और कुछ निर्यात भी हो रही हैं। पर, अन्य औद्योगिक उत्पादन में स्थिति इतनी खराब है कि, देश में आयातित होने वाले सामान की सूची देखी जाये तो, वे चीजें आज भी ''इम्पोर्ट'' हो रही हैं, जो आसानी से अपने देश में ही बनायी जा सकती हैं।
- इन आंकड़ों का यह निष्कर्ष जरूर है कि, देश की इकॉनमी बहुत हद तक, ''प्राइवेट कंज़म्पशन'' पर ही आधारित है।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। देश की सकल आय, जिसे ग्रोस डोमैस्टिक प्रोडक्ट (जी.डी.पी.) के नाम से अधिक जाना जाता है, के नवीनतम आंकड़े दर्शाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन है, और कुछ कुछ कमजोरियों के बावजूद यह सही मार्ग पर है।

आंकड़े सतत सफलता के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था की विफलताओं, उसकी कठोरताओं और लचीलेपन के अलावा उसके संरचनात्मक ढांचे को दर्शाते हैं। शानदार घरेलू निजी उपभोग और अल्प निर्यातों के कारण ये गतिविधियां आगे बढ़ रही हैं।

वित्तीय वर्ष की द्वितीय तिमाही में जी.डी.पी. में सुखद 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वैश्विक महामारी और अनिश्चितताओं के आघात को देखते हुए एक सकारात्मक संकेत है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही की तुलना में जी.डी.पी. दूसरी तिमाही में थोड़ी कम गति से आगे बढ़ी। उसे चिन्ताजनक बताया जाता रहा है। हालांकि, अक्सर यह भुला दिया जाता है कि जी.डी.पी. में वृद्धि के आंकड़ों की तुलना एक आधार से की जाती है, और अक्सर इस आधार में ही दांवपेज छुपे होते हैं। बुद्धिमानी इसी में है कि सूक्ष्म विवरणों को जाने बिना इनमें से किसी को भी गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

हमें नवीनतम आंकड़ों से दो महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं। पहला तो यह कि वैश्विक महामारी के दौर में असक्रिय रहने के बाद अर्थव्यवस्था पुनः पटरी पर लौट आयी है। हम फिर से एक बड़ी अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जबकि दुनिया के शेष देश ऐसा बमुश्किल कर पा रहे हैं।

दूसरा, अर्थव्यवस्था के लिए कृषि सैक्टर सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। पिछली तिमाही में कृषि सैक्टर में मामूली तेजी रही। कृषि सैक्टर खाद्यान्नों की वैश्विक कमी और खाद्य पदार्थों की अनिश्चितता के इस दौर में अधिक महत्वपूर्ण बन गया है।

बढ़ता हुआ और लचीला कृषि सैक्टर देश के साथ ही कीमतों ने स्थायित्व को लेकर एक सबसे बड़ी सुरक्षा है। खाद्यान्नों की कीमतों ने देश की समग्र अर्थव्यवस्था में लय और ताल ला दी है। खाद्यान्न की कीमतों का बढ़ता स्तर अर्थव्यवस्था को सकारात्मक रखने में नीति निर्माताओं के समक्ष समस्या खड़ी कर सकता था। उदाहरण के तौर पर रिज़र्व बैंक को ब्याज दरें बढ़ाने के लिये बाध्य किया जाता।

लेकिन इसके साथ ही, जैसा कि नवीनतम आंकड़ों से प्रकट होता है, निर्माण सैक्टर के उत्पादन का 4.3 प्रतिशत कम होना, देश की एक बड़ी आर्थिक गतिविधि की लगातार विफलता का संकेत है। नीति निर्माताओं और भारतीय उद्योग के लिए यह समस्या का मूल विषय बना हुआ है।

सरकार और प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से देश के निर्माण सैक्टर के विकास पर जोर देते रहे हैं। इसके दो पहलू हैं। पहला तो देश की घरेलू जरूरतों को पूरा करना क्योंकि हम आयातों पर निर्भर हैं। देश के आयातों पर गौर कीजिए। हम ऐसी बहुत सी वस्तुएं विदेशों से मंगाते हैं, जिनका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# '24 साल बाद भी मिलिटरी लोडर दिहाड़ी पर!'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 दिसम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर आश्चर्य व्यक्त किया कि मिलिटरी लोडर्स 24 वर्षों से कार्य करने के बावजूद अब तक दिहाड़ी पर है। कोर्ट ने केन्द्र सरकार और तीनों सेनाओं के प्रमुखों को नोटिस जारी कर कहा कि वे इन्हें नियंत्रित करें और वह सभी बैनिफिट्स दें जो ऐसा ही काम करने वाले रैग्यूलर लोडर्स को दिए जा रहे हैं।

- सुप्रीम कोर्ट ने मिलिटरी लोडर्स को 24 साल की सेवा के बाद भी दिहाड़ी पर रखने पर हैरानी जताई और केन्द्र सरकार तथा तीनों सेनाध्यक्षों को नोटिस दिया।

चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) डी.वाय. चन्द्रचूड़ और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**शासन के समर्थक को जनता पसंद नहीं करती और जनता के पक्षपाती को शासन। इन दोनो का प्रिय कार्यकर्ता दुर्लभ है।**

–पंचतंत्र

# कॉप 27 की समाप्ति पर जो निर्णय दिनांक 20.11.2022 को लिये क्या उन्हें लागू किया जा सकेगा ?

दिनांक 20 नवम्बर 2022 को यूनाईटेड नेशन्स क्लाईमेट चेन्ज कॉनफरेन्स कॉप 27 की समाप्ति के अन्तिम क्षणों में मेम्बर सदस्यों के मध्य बड़े उतार-चढ़ाव के बाद एक समझौता हुआ। इसका उद्देश्य था कि उन देशों को जिन्हें जलवायु परिवर्तन के कारण जो क्षति हुई उसके नुकसान की पूर्ति के हेतु Loss and Damage नाम से फण्ड बनाया गया।

इस समझौते पर यूएन क्लाईमेट चेन्ज के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुआ कहा कि "हम जिस समस्या पर कई दशकों से असफल वार्ता करते आ रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण गरीब देशों को नुकसान हुआ है, उनका जीवन जीविका को अपरिमित हानि हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति की जावे"। उन्नत देशों प्रयत्न करें कि उक्त फण्ड में वे राशि जमा करायें। वे उन घोषणा पर अमल करें कि वे धरती का तापमान 1.5 डिग्री से. से ऊँचा नहीं बढ़े। उन अविकसित देशों के नुकसान की पूर्ति के हेतु उचित कदम उठायें और उनकी आर्थिक सहायता करें, उन्हें टेक्नोलोजी देवें तथा यह भी तय किया कि एक Transitional Committee बनायें यह कमेटी सिफारिश करेगी कि कॉप 27 का फण्ड और कॉप 28 जो आगे होगी उन्हें Operational बनाया जावे। यह कमेटी अपनी मीटिंग मार्च 2023 से पहले की जावेगी। यह भी तय हुआ कि Global Goal on Adaptation को आगे बढ़ाया जावे जो कॉप 28 की कॉनफरेन्स में पूरा होगा। नई घोषणाओं के अनुसार USD 230 मिलियन से अधिक का फण्ड है।

जलवायु परिवर्तन से सारा विश्व पीडित है। यह सही है प्रलय हमने नहीं देखा है, किन्तु गत वर्ष बादल फटने व प्रलय जैसी बाढ़ तो हमने देखी है। आज संसार की स्थिति बिगड़ रही है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं, नदियाँ सिकुड रहीं हैं, समुद्र अपनी सीमा का उल्लंघन कर रहा है। तूफान आ रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है, इस सदी के अंत तक समुद्र एक तिहाई धरती को निगल जायेगा। जंगल जल रहे हैं। बीमारियां नये-नये रूपों में जन्म ले रही हैं। धरती की ऊर्जा कम हो रही है। अत: 1.5 डिग्री से अधिक तापमान बढ़ने के भय से सभी देश विचलित हैं। अत: Loss and Damage की पूर्ति के लिये फण्ड होना जरूरी नहीं है। हमारा देश उन 60 देशों में है जिसने वायदे निभाने का पूरा प्रयास किया है यों विकासशील देशों की जिनमें भारत भी है इस बाबत भूमिका फिर भी सराहनीय है।

कॉप 27 में जो निर्णय कुछ महत्वपूर्ण वायदे हो पायें हैं वे संक्षेप में निम्न प्रकार हैं:–

1) Technology: कॉप 27 में 5 वर्षीय प्रोग्राम बनाया गया है जिससे तकनीकी ज्ञान का लाभ गरीब देशों तक पहुँच सके।

2) Mitigation: कॉप 27 ने Mitigation को बढ़ाया है। बिजली की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके लिये प्रोग्राम, कॉप से प्रारम्भ हो गया है, यह कार्य 2030 तक पूरा होगा। सभी देशों की सरकारों को इस हेतु नेशनल क्लाईमेट प्लान बनाना होगा। कोयले से बिजली की निर्भरता समाप्त होगी।

**इन परिस्थितियों में आपसी सद्भाव से सभी सदस्य देश अपने अपने वायदों को पूरा करें और प्रयत्न करें कि धरती का तापमान 1.5 डिग्री से. की सीमा को पार न कर पाये। धरती को बचाना है तो दिनांक 20.11.2022 को कॉप 27 में जो घोषणायें की हैं उन्हें सभी सदस्य देश कर्त्तव्य निष्ठा के साथ निभायें।**

कॉप 27 में 45000 डेलीगेट्स ने भाग लिया था तथा मूल निवासियों को सुना। पेरिस एग्रीमेण्ट की महत्वाकांक्षा पर विचार किया। यूएन के सेक्रेटरी जनरल, 2023 में Climate Ambition Submit 2023 आहूत करेंगे ताकि कॉप 28 की मीटिंग में चर्चा हो और कोई सहज मार्ग अपनाया जावे।

उपरोक्त निर्णयों के बाद जो अन्य विषयों पर चर्चा हुई उसके निर्णय के अन्य विषय निम्नलिखित हैं:–

अ) मेम्बर सदस्य देश 25 New Collaborative Action का पेकेज लान्च करेंगे। पांच मुख्य स्थानों पर चर्चा करेंगे, उसमें 5 विषयों पर वार्ता होगी, वे हैं, ऊर्जा, सड़क, ट्रान्सपोर्ट, स्टील, हाइड्रोजन व कृषि।

ब) यूएन सेक्रेटरी जनरल एनटोनियो गुटेरेज ने घोषणा की कि USD 3.1 मिलियन का एक फण्ड देंगे ताकि धरती पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा के हेतु पूर्व चेतावनी का एक सिस्टम 5 वर्ष में तैयार करेंगे।

स) यूएन सेक्रेटरी जनरल ने जो उच्च स्तर के विशेषज्ञों का ग्रुप Net-Zero Commitment की जो रिपोर्ट कॉप 27 में तैयार की है उसे प्रकाशित करेंगे ताकि सभी देशों को सलाह दी जा सके कि Net-Zero Pledges को मूर्त रूप दिया जा सके।

द) एक G7 प्लान जिसे Global Shield Financing Facility कॉप 27 में तैयार हुआ उसके अनुसार फण्ड की राशि से क्षतिपूर्ति की जावे जिन्होंने क्लाईमेट चेन्ज से अपरिमित हानि वहन की है ताकि उनकी सुरक्षा और सहायता हो सके।

य) जो USD 105.6 Million का फण्ड डेनमार्क, फिनलैंड, जर्मनी, आयरलैंड, स्लोवेनिया, स्वेडन, स्वीटजरलैंड व बेल्जियम आदि ने बनाया है उसकी बढ़ोत्तरी की अपील की है ताकि Global Environment Facility Funds से तत्काल आवश्यकता के लिये, गरीब देशों की सहायता की जावे।

र) नये इण्डोनेशिया ने ßevespe Just Energy Transition Partnership की घोषणा की है, जिसे जी-20 सबमिट में जो कॉप 27 की समान्तर मीटिंग में की गई है, उस देश ने यूएसडी 20 मिलियन देने का वचन दिया है जिसे इण्डोनेशिया ने 3 से 5 वर्ष की अवधि में देगा यह राशि Just Energy Transition को गति देगा।

ल) Forest and Climate Leaders' Partnership के गठन की घोषणा की गई इसका उद्देश्य जंगलों को बचाना तथा लैण्ड Degradation को 2030 तक समाप्त करना है।

अभी तक जो सदस्य देश हैं, उन्होंने अपने अपने स्तर में घोषणा की है, किन्तु किसी भी प्रोटोकाल/एग्रीमेंट अथवा घोषणा को कार्यशील बनाने का कोई तरीका नहीं है। अन्तर्राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल अथवा Domestic Court में वे Enforce नहीं किये जा सकते हैं। अत: उपरोक्त घोषणाओं में अथवा एग्रीमेण्ट को बाध्यकारी नहीं माना जा सकता। क्वोटो प्रोटोकॉल में आर्बीट्रेशन का प्रावधान है, किनतु उसका भी कोई लाभ नहीं है, क्योंकि आर्बीट्रेशन के लिये उस पक्षकार की स्वीकृति होना आवश्यक है जिसके विरूद्ध कार्यवाही अपेक्षित है परन्तु वह व्यक्ति अपनी गलती को क्यों कर स्वीकार करेगा अर्थात आर्बीट्रेशन अर्थहीन हो जावेगी। हाँ एक उपाय है, जलवायु परिवर्तन का विवाद मानव अधिकार है और मानव अधिकार डोमेस्टिक अदालत में Enforceable है अथवा इन्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में जाया जा सकता है।

भारतीय एनजीओ मौसम के प्रतिनिधि सौम्या दत्ता व पैरवी-सिकोय के प्रतिनिधि अजय झा ने कॉप 27 में पुरजोर भागीदारी निभाई। सौम्या दत्ता ने दो विषयों पर प्रेस को सम्बोधित किया। विषय थे, "False Solutions and Global Carbon Bombs"

इन परिस्थितियों में आपसी सद्भाव से सभी सदस्य देश अपने अपने वायदों को पूरा करें और प्रयत्न करें कि धरती का तापमान 1.5 डिग्री से. की सीमा को पार न कर पाये। धरती को बचाना है तो दिनांक 20.11.2022 को कॉप 27 में जो घोषणायें की हैं उन्हें सभी सदस्य देश कर्त्तव्य निष्ठा के साथ निभायें।

सबको सन्मति दे भगवान!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# पिछवाई कला को विकसित करने में मंगलम आर्ट्स का अद्वितीय योगदान

शब्द का अर्थ है पीछेवाली। पिछवाई चित्र आकार में बड़े होते हैं। इन्हें कपड़े पर बनाया जाता है। नाथद्वारा के श्रीनाथजी मंदिर तथा अन्य मंदिरों में मुख्य मूर्ति के पीछे दीवार पर धराने के लिये इन वृहद आकार के चित्रों को काम में लिया जाता है। ये चित्र मंदिर की भव्यता बढ़ाने के साथ-साथ भक्तों को श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र की जानकारी देते हैं।

श्रीनाथजी के तीज-त्यौहारों, बारह महीनों एवं प्रतिदिन दर्शन महत्व के अनुसार अलग-अलग पिछवाई धराई जाती हैं। पिछवाइयाँ पूर्ण रूप से श्रीनाथजी को समर्पित होती हैं। ये भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला, दानलीला, माखनचोरी, चीरलीला, गोवर्धन लीला, होली आदि से संबंधित होती हैं। पिछवाई नाथद्वारा श्रीनाथजी मंदिर से प्रारंभ हुई जानी- मानी चित्रकला परंपरा है।


राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त श्री द्वारका लाल जांगिड़ पिछवाई चित्रकारी के सिद्धहस्त चित्रकार हैं। उनका जन्म नाथद्वारा के परंपरागत चित्रकारों के परिवार में हुआ। अपनी बाल्यावस्था के आरंभिक दिनों में ही इन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता इनके पिताजी रामलाल जी और चाचाजी नरोत्तम नारायण जी ने चित्रकारी की तकनीकी शिक्षा दी। इनके काम की प्रशंसा विभिन्न भारतीय तथा विदेशी पत्रिकाओं में की गई।

श्री द्वारका लाल जांगिड़ के चित्र विश्व भर के विभिन्न संग्रहालयों में संग्रहीत हैं। इन्होंने दिल्ली, वाराणसी, बड़ौदा में अनेक प्रदर्शनियों में भाग लिया। उन्होंने भारतीय कला एवं संस्कृति के विकास में अपनी पूरी शक्ति लगा दी। उनके चारों पुत्र गिरिजाशंकर, बाबूलाल, रमेशचंद्र एवं स्वर्गीय प्रेम नरेंद्र (दाजी) पिछवाई के महारथी रहे हैं।


पन्नालाल मेघवाल

स्वर्गीय दाजी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार रहे हैं। उन्होंने अनेक चित्रकारों को पिछवाई सिखाई। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता श्री विट्ठलदास जांगिड़ भी पिछवाई चित्रकारी के जाने-माने कलाकार हैं।

पिछवाई कला को विकसित करने में मंगलम आर्ट्स का अद्वितीय योगदान रहा है। संस्था ने स्वर्गीय प्रेम नरेंद्र (दाजी), श्री रेवाशंकर शर्मा, श्री शम्मीबन्नू एवं श्री विट्ठलदास जांगिड़ को विदेशों में इस कला को सिखाने के लिए भेजा है। वहां उन्होंने अनेक विदेशी चित्रकार तैयार किए हैं।



पिछवाई बनाने के लिए चित्रकार कपड़े को प्लाई पर चिपकाकर वांछित चित्र का स्कैच लेते हैं। इसके लिए वाटर कलर काम में लेते हैं। पिछवाई अधिकतम 16 गुणा 12 फीट की बनती है। पिछवाई मांग पर चांदी-सोने में भी बनती है। चांदी के बर्क की तरह सोने के बर्क को गोंद की सहायता से चढ़ाया जाता है। इसके लिए श्वेत पुष्प कंपनी का 100 प्रतिशत कॉटन कपड़ा उपयोग में लेते हैं।

- **पिछवाई नाथद्वारा श्रीनाथजी मंदिर से प्रारंभ हुई जानी-मानी चित्रकला परंपरा है**
- **उदयपुर के चित्रकारों द्वारा राजाओं की सवारी एवं प्रकृति चित्रण पर भी पिछवाईयां चित्रित की गईं**

पिछवाई के पर्दे पर मध्य में एक प्रमुख दृश्य होता है और चारों ओर दो पतले किनारों के बीच में एक चौड़ा किनारा या बोर्डर बनाया जाता है। इस किनारे के लिए फूल और पत्तियों की अल्पनाओं के विभिन्न आकारों से पूरी बेल बनाई जाती है। पिछवाईयां भगवान श्रीनाथजी को ही समर्पित होती थी, लेकिन नाथद्वारा एवं उदयपुर के चित्रकारों द्वारा राजाओं की सवारी एवं प्रकृति चित्रण पर भी पिछवाईयां चित्रित की जाने लगी। अलग-अलग मौसमों का पिछवाईयों में सुन्दर चित्रण मिलता है, जिसे बारह मासा भी कहा जाता है। राधा और कृष्ण की प्रेमलीलाओं के मनोहर चित्रों से सुसज्जित एक और लोकप्रिय विषय रागमाला के नाम से जाना जाता है।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# खुले में कचरा परिवहन से बढ़ रहा संक्रमण का खतरा

**भीम,** (निसं)। कस्बे के डंपिंग यार्ड में चारदीवारी का निर्माण नहीं होने व कस्बे के मुख्य मार्गों से कचरा संग्रहण वाहनों का खुले रुप से कचरा परिवहन करने से कस्बेवासियों एवं आम नागरिकों के लिए संक्रमण लगने की संभावना बढ़ती नजर आ रही है। डंपिंग यार्ड के चारों

- **डंपिंग यार्ड बना आवारा मवेशियों का अड्डा**

ओर चार दीवारी नहीं होने के कारण कचरा एवं पॉलिथीन की थैलियां फैल कर आस-पास के घरों में तथा करेड़ा रोड सड़क मार्ग पर गंदगी फैला रही हैं। और दिन-रात कचरे की दुर्गंध से आस-पास की आबादी के लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। डंपिंग यार्ड के आस-पास गायों व आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं


**कस्बे के करेड़ा रोड स्थित खुले डंपिंग यार्ड में लगा आवारा मवेशियों का जमावड़ा।**

किया गया है। भीम ग्राम पंचायत के पास कचरा निस्तारण को लेकर कस्बे के करेड़ा रोड हिंदोला स्थित डंपिंग यार्ड है।

ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार भांवरिया ने बताया कि पंचायत क्षेत्र की करीब 20 हजार की आबादी में पंचायत द्वारा 22 सफाई कर्मचारी नियुक्त कर रखे हैं जो कस्बे में सुबह शाम सफाई व्यवस्था को देखते हैं। एक ट्रैक्टर ट्रॉली वाहन के माध्यम से कचरा संग्रहण कर डंपिंग यार्ड पर कचरा डाला जाता है। ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार भांवरिया ने बताया कि विधायक मद से 6 लाख रुपए डंपिंग यार्ड की चारदीवारी के लिए मिले लेकिन तत्कालीन सरपंच सचिव द्वारा निर्माण कार्य नहीं किया गया था। अब वर्तमान में ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 16 सौ फीट की चारदीवारी निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

## शिक्षिका विमला का नेत्रदान

**कोटा,** (निसं)। शाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को विज्ञान नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका विमला जैन का नेत्रदान संपन्न हुआ। संस्था की ज्योति मित्र डॉ प्रीति जैन ने संस्था सदस्यों को सूचना दी कि, उनकी सासू मां विमला जैन का आकस्मिक निधन हो गया है, उनके ससुर मोहनचन्द जैन का भी 2 वर्ष पूर्व निधन के बाद नेत्रदान का कार्य सम्पन्न हुआ था। प्रीति की सूचना पर शाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से नेत्रदान का पुनीत कार्य निवास पर संपन्न हुआ। इसी क्रम में पाठक सदन स्टेशन क्षेत्र निवासी मनोज पाठक के सुपुत्र यश पाठक का भी अल्प आयु (28 वर्ष) में निधन हुआ । जिसके उपरांत यश की दादी प्रेमलता पाठक (80 वर्षीया) के आग्रह पर यश के नेत्रदान का अभूतपूर्व निर्णय लिया गया। यश के दादा वीरेंद्र नारायण पाठक और ताऊ राजेंद्र नारायण पाठक सहित परिवार के करीबी सदस्यों ने नेत्रदान की प्रक्रिया को अपने सामने होते देखा।

# खनन के चलते बांध व 540 वर्ष पुराने मंदिर को खतरा

**पाटन,** (निसं)। नीमकाथाना कस्बे से 10 कि.मी. दूर स्थित ग्राम गांवड़ी में स्थित गांवड़ी बांध के कैचमेंट एरिया में माइनिंग विभाग ने सिंचाई विभाग से एनओसी लिए बिना चार खनन पट्टे जारी कर दिए। पट्टा धारकों द्वारा बांध केचमेंट एरिया के अंदर खनन के चलते बांध के क्षतिग्रस्त होने का खतरा हो गया है। खनन पट्टा धारकों के रसूख एवं राजनीतिक पहुंच के चलते माइनिंग विभाग एवं ग्राम पंचायत के द्वारा बांध क्षेत्र मे खनन नहीं करने की पाबंदी के बाद भी मौके पर खनन धडल्ले से जारी है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते खनन कर्ताओं के होंसले इतने बुलंद है कि खनन कर्ताओं द्वारा बांध की पाल को तोडकर खनन परिवहन के लिए रास्ता निकाल लिया है।

गांवडी बांध की पाल के पास ही माखद माता के नाम से देवी का 540 वर्ष पुराना मंदिर स्थित है। मंदिर के पुजारी पं. रमेश चंद शर्मा ने बताया कि खनन के दौरान भारी ब्लास्टिंग की जाती है जिससे प्राचीन मंदिर के कई हिस्सों में दरार आ गई है। श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए विश्राम गृह की छत क्षतिग्रस्त हो गई है। यह खंडेलवाल वैश्य समाज के गोत्र वैध,सेठी, सोनी की कुलदेवी है। स्थानीय ग्रामीणों के साथ देश के अन्य भागों से भी भक्त यहां अपनी मनोकामना मांगने आते हैं।


**नीमकाथाना कस्बे के गांव गांवड़ी बांध के कैचमेंट एरिया में हो रहा खनन कार्य।**

शिकायत पर उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता ने कार्यवाही करते हुए मामले की जांच को लेकर एक कमेटी गठित की थी। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गांवडी बांध क्षेत्र में चारागाह भूमि के पश्चिम की तरफ 15 मीटर चौड़ाई व 110 मीटर लंबाई में खनन किया गया है। उक्त खनन बांध क्षेत्र में आता है। सिंचाई विभाग ने रिपोर्ट में लिखा कि बांध की पाल या सीमा से 200 मीटर के दायरे में लीज स्वीकृत करने का प्रावधान नहीं है। वही खनिज विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बांध से सही पश्चिम दिशा में खनन पाया गया है

ग्राम गांवडी में बांध क्षेत्र में खनन करने को लेकर ठाम विकास अधिकारी सीताराम यादव के द्वारा अवैध खननकर्ताओं के खिलाफ सदर पुलिस में मामला भी दर्ज करवाया गया था। ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी आज तक सदर पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई मामले में नहीं की गई है। बांध के कैचमेंट व भराव क्षेत्र में लीजधारकों द्वारा अवैध खनन किया गया है। लीजधारको ने अवैध तरीके से बांध की पाल को क्षतिग्रस्त करते हुए खदान से परिवहन के लिए रास्ता पाबंदी के बाद भी निकाल लिया है। गांवडी के सरपंच शेर सिंह तंवर ने बताया कि प्रशासन के उच्च अधिकारियों को

- **बांध के कैचमेंट एरिया में माइनिंग विभाग ने सिंचाई विभाग से एनओसी लिए बिना पट्टे जारी किए**
- **भारी ब्लास्टिंग से मंदिर के कई हिस्सों में दरार आ गई है**
- **ग्राम विकास अधिकारी के रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी सदर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई**

अवगत कराने के बाद भी बांध क्षेत्र में खनन नहीं रुक रहा है। खनन के चलते बांध एवं प्राचीन माखद माता के मंदिर के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। उपखंड क्षेत्र नीमकाथाना में विभागीय समीक्षा के औचक निरीक्षण पर आए जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव को सामाजिक कार्यकर्ताओं मनीराम यादव ने बांध की पाल व प्राचीन माखद माता मंदिर को नुकसान पहुंचाने वाले लीजधारकों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 2 दिसम्बर, 2022**

मार्गशीष मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र शनिवार प्रात: 5:45 तक, वज्र योग प्रात: 7:29 तक, तैतिल करण सांय 5:57 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मीन, मंगल-वृष, बुध-वृश्चिक, गुरू-मीन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज बुध उदय पश्चिम दिन 2:48 पर होगा। आज पंचक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:21 तक, लाभ-अमृत 8:21 से 10:58 तक, शुभ 12:16 से 1:34 तक, चर 4:11 से सूर्यास्त तक।

### मेष
धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

### वृष
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### कर्क
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### सिंह
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कन्या
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### तुला
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### धनु
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### मकर
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### कुंभ
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन
परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# लुहारा में शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, डॉ. अंबेडकर की मूर्तियों पर कालिख पोती

## घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग



शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू की प्रतिमा जिन पर कालिख पोती गई।



डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर भी बदमाशों ने कालिख पोती।

**बीदासर, (निसं)।** निकटवर्ती गांव लुहारा में बुधवार देर रात असामाजिक तत्वों ने शहीद स्मारक पर लगी शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों पर कालिख पोत दी। जिसका वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। घटना को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट किया तथा ऐसी घिनौनी हरकतों को अंजाम देने वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। घटना के बाद सांडवा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि 5 जुलाई 2022 को सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, कांठोस जिलाध्यक्ष भंवरलाल पुजारी, पूर्व प्रधान पूसाराम गोदारा, पूर्व प्रधान गणेश ढाका, कांठोस देहात अध्यक्ष विद्याधर बेनीवाल, लुहारा सरपंच नरेंद्र बेनीवाल ने शहीद स्मारक पर लगी मूर्तियों का अनावरण तथा सैल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया था। उक्त घटना के कुछ दिन पहले ही असामाजिक तत्वों ने गांव की गवाड़ में लगे सैल्फी पॉइंट पर भी तोड़फ़ोड़ की थी।

गाँव लुहारा के संजय बेनिवाल ने गुरूवार की शाम पुलिस थाना मे मामला दर्ज करवाया कि ग्राम लुहारा के आमजन का इन मुर्तियों पर मूल भावना एवं इनके प्रति लोग श्रद्धा का विश्वास रखते हैं। दिनांक 30 नवम्बर व 1 दिसम्बर 2022 की मध्य रात्रि को किसी अज्ञात व्यक्तियों व अन्य षडय़ंत्र कर्ताओं ने गाँव की लोगों की भावनाओं को भड़काने के लिये उक्त चारों मुर्तियों पर तोड़ फोड़ का प्रयास कर उन पर काले रंग के पदार्थ को कब्जे मे रखकर पदार्थ चारों मुर्तियों पर लगाकर मुर्तियों को कूट रचित किया है। व बिदरूपति कर राजद्रोह का अपराध किया है तथा ग्राम लुहारा के लोगों में शत्रुता की भावना भड़काने का षडय़ंत्र रच कर मूर्तियों का अपमान किया है। तथा उक्त कार्य कर लोगों में शत्रुता की भावना फैलाई है। उक्त घटना से पूर्व 16 नवम्बर 2022 की मध्य रात्रि को ग्राम लुहारा के सार्वजनिक चौक पर स्थित लव लुहारा सैल्फी पॉइंट को क्षतिग्रस्त कर गांव के सौन्दर्यकरण बिगाड़ने का प्रयास किया गया। ग्राम लुहारा की सार्वजनिक गुवाड़ मे सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। उक्त घटना में अपराध करने वाले व षडय़ंत्र रचने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# मां ने दो मासूम बेटों के साथ फांसी लगाई

## सदर थानान्तर्गत छेला खेरवाड़ा गांव की घटना

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थानान्तर्गत छेला खेरवाड़ा गांव में एक मां ने अपने दो मासूम बेटों के साथ फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । इस सनसनीखेज मामले में महिला ने आत्महत्या तब की जब उसका पति मजदूरी के लिए निकटवर्ती जिला उदयपुर गया हुआ है।

- **मृतका का पति उदयपुर में मजदूरी करता है**

प्राप्त जानकारी अनुसार सदर थाना सर्कल के छैला खेरवाडा गांव के एक रिहायशी एरिया कंडुला फला में सुमित्रा पत्नी देवीलाल कटारा मीणा (25) द्वारा अपने दो मासूम बेटो नरेश (5) एवं दीपक (4) के साथ अपने ही घर मे फांसी के फंदे पर लटक कर सामुहिक आत्महत्या करने की वारदात को अंजाम दिया। दिल दहलाने वाली इस घटना से गांव में हडकम्प मच गया। घटना की जानकारी तब हुई जब मृतका की जेठानी कोकिला पत्नी अमृतलाल को मृतका के घर का दरवाजा न खुलने और घर पर किसी के दिखाई न देने पर शक हुआ। मृतका की जेठानी मृतका के घर पर कमरे की जाली से झांककर देखा तो दोनों बच्चों के साथ उसकी देवरानी फंदे से लटके हुए नजर आए। मृतका के पीहर पक्ष के आने के बाद दोनों पक्षों के बीच समझाईश वार्ता के बाद कमरे का ताला खोल लाशो को फंदे से उतरवाया गया।

सूचना मिलने पर डिप्टी राकेश शर्मा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और लाशों को फंदे से उतारे जाने मौके पर मौजूद थे। मृतका का पति देवीलाल पिता सवजी कटारा उदयपुर में मजदूरी करता है जो 10 दिन पहले घर से उदयपुर गया था । फिलहाल मृतकों के शवों को जिला अस्पताल मोर्चरी में रखवाए गए है। मृतका के पति के लौटने के बाद पोस्टमार्टम कार्यवाही होगी।

# फायरिंग के मामले में दो व्यक्ति सहित एक महिला गिरफ्तार

**करौली, (नि.स.)।** गत 2 दिन पूर्व अंजनी माता मंदिर के निकट एक युवक पर जानलेवा हमला कर घायल करने के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो व्यक्तियों सहित एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली थाना अधिकारी डॉ. उदयभान ने बताया कि गत 29 नवंबर को अंजनी माता मंदिर के पास हिण्डौन रोड करौली में स्कूल के छात्र पर फायर

- **पुलिस प्रशासन ने फायरिंग के मामले में रोड जाम करने वाले लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया**

किया गया जिस के संबंध में थाने पर मुकदमा दर्ज कर लिया फायरिंग की घटना की गंभीरता को लेकर पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश जैफ एवं पुलिस उपाधीक्षक दीपक गर्ग के सुपर विजन में थाना अधिकारी उदयभान के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक संपत सिंह,सब उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, हैड कांस्टेबल हेतराम, कांस्टेबल भगवान सिंह, महिला कांस्टेबल पार्वती की टीम गठित कर नाकाबंदी करवाई गई एवं घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेजों को चैक किया गया एवं घटना के संबंध में जानकारी जुटाई गई प्रकरण में साक्ष्य सहित जानकारी कर उनके आधार पर आरोपी धीर सिंह पुत्र राम गिलास मीणा 23 निवासी कोटरा ढहर थाना सदर हिण्डौन,हरकेश पुत्र सियाराम मीणा 22 निवासी गेरोटा थाना मेहंदीपुर बालाजी जिला दौसा एवं महिला पूजा पत्नी अमर सिंह पुत्री बने सिंह मीणा निवासी लौंगटीपुरा थाना कुड़गांव को दस्तयाब कर विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर लिया गया है जिन को न्यायालय में पेश कर जेसी रिमांड प्राप्त किया जाएगा इधर पुलिस ने युवक पर फायरिंग करने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अंजनी माता मंदिर के पास सड़क मार्ग जाम करने को लेकर रतिराम गुर्जर निवासी मांडई सहित 70 व्यक्तियों के द्वारा 45 मिनट तक सड़क मार्ग जाम करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।


करौली कोतवाली थाना पुलिस ने फायरिंग के मामले मे तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया।

गंभीरप्रद यह है कि यहा का पुलिस प्रशासन पीड़ितों के न्याय मांगने पर उल्टा पीडित परिजनों सहित ग्रामीणो के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये उतारू तो हो जाता है लेकिन आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने के नाम पर कन्नी काटते रहते हैं इसी बात को लेकर गत दिन मंगलवार को भाजपा की जनआक्रोश यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा के नेताओं द्वारा आयोजित की गई प्रेसवार्ता में सांसद डॉ. मनोज राजौरिया, टोडाभीम के पूर्व विधायक रमेश चन्द मीणा और भाजपा के जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने खुले शब्दों में प्रेसवार्ता के दौरान यही मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

# यात्रा से पूर्व गहलोत-पायलट गुट की फोटो में दिखी गुटबाजी

**झालावाड़, (निस)।** भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में झालावाड़ जिले के चंवली से 4 दिसम्बर को प्रवेश करेगी। चंवली में रात्रि विश्राम के बाद राहुल गांधी राजस्थान में 21 दिन तक पदयात्रा कर एकजुटता का संदेश देंगे। यात्रा से पहले लगे गहलोत गुट के बैनरों में पायलट व पायलट गुट के बैनरों से गहलोत नदारद दिख रहे हैं। राहुल की यात्रा को लेकर झालावाड़ जिले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व सचिन पायलट के समथर्क अलग अलग होर्डिंग, पोस्टर लगा रहे हैं । सचिन पायलट के खेमे में सुरेश गुर्जर और शैलेन्द्र यादव वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खेमें में सय्यद इमरान अली व मिनाक्षी चन्द्रावत के होर्डिंग बैनर नजर आ रहे हैं । जिले के अन्य नेता कैलाश मीणा, मदनलाल वर्मा दोनों के साथ नजर आ रहे हैं । भारत जोड़ो यात्रा को प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। जिले के सभी नेता विधानसभा चुनाव में टिकट पाने के लिए विधानसभा क्षेत्र का नाम लिखकर अपने अपने नेताओं के फोटो वाले होर्डिंग लगाकर अपनी ताकत दिखान में लगे हुए हैं।



गहलोत गुट द्वारा लगाया बैनर, जिसमें पायलट की फोटो नदारद है।



पायलट गुट द्वारा लगाया फोटो जिसमें गहलोत की फोटो नदारद है।

जिले में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के प्रवेश होने से पूर्व जिले में कांग्रेस कमेटी की लगातार बैठके चल रही हैं । प्रभारी मंत्री प्रमोद जैन भाया लगातार जिले में घुमकर बैठकें कर रहे हैं पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने झालावाड़ आकर यात्रा की सारी तैयारीयां देखी हैं, परन्तु कांग्रेस की खेमे गुटबाज़ी लगातार बढ़ रही है । दोनों गुट अपने -अपने नेताओं के पीछे खड़े नजर आ रहे हैं।

# कृषि मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत


कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में सभा को सम्बोधित करते नेता।

**सरदारशहर, (निसं)।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा का आज व्यापारियों ने जोरदार स्वागत करते हुए उनको समर्थन दिया । इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवरतन सराफ ने कहा कि हम सारे व्यापारियों के दुख सुख में हमेशा पंडित भंवरलाल शर्मा काम आते थे अब हम उन्हीं के कार्यों को देखते हुए हमारे कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा का समर्थन कर रहे हैं उनको मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष राजकरण चौधरी, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन ईशरराम डूडी पालिका उपाध्यक्ष अब्दुल रशीद चायल प्रभुराम पुनिया असलम उमेश तिवारी सहित सैकड़ों व्यापारी गण उपस्थित थे।

# विरोध रैली निकाली

**राजसमंद, (निसं)।**आमजन को न्याय दिलाने वाले न्यायालय के कर्मचारी खुद ही न्याय के लिए आंदोलन कर रहे हैं। जयपुर के न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की मौत मामले में निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग लेकर जिले में न्यायिक कर्मचारी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर गुरूवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे।

इससे जिले में सैकडों प्रकरण की सुनवाई प्रभावित हुई। जिले में न्यायिक कर्मचारियों के हडताल पर जाने से अदालती काम बाधित हो गया है। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा के पदाधिकारियों ने सुभाष नेहरा को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर जिलेभर में गुरूवार को न्यायालय कर्मचारियों ने अपने अनिश्चितकालीन आंदोलन के तहत विरोध रैली निकाली।

# कांग्रेस सरकार ने केन्द्र की विकास की योजनाओं को बंद किया: कस्वां

**सरदारशहर, (निसं)।** चूरू के युवा सांसद राहुल कस्वा ने कांग्रेस सरकार पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार चार साल में सबसे फैल सरकार रही। प्रेस कॉन्फ्रेस को संबोधित करते हुए कस्वां ने कहा कि कांग्रेस व अन्य पार्टियों ने विकास के नाम युवाओं के साथ खिलवाड किया। कांग्रेस सरकार ने केन्द्र सरकार के विकास की योजनाओं को बंद कर दिया। कस्वां ने कहा कि भाजपा सरकार ही है जो हमेशा युवा के भविष्य के रोजगार उपलब्ध करवाया है व आगे भी करवाती रहेगी।

कस्वां ने कहा कि सरदारशहर का युवा जानता है कि 5 तारीख के बाद राहुल कस्वा ही मिलेगा बाहरी लोग नहीं मिलेंगे। कस्वां ने कहा कि भाजपा का जो मुख्य मुद्दा विकास का रहा है भाजपा सरकार हमेशा जातिगत राजनैतिक से उठकर विकास को आधार माना है


प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वां।

- **'युवा भाजपा के साथ व किसी के बहकावे में नहीं आयेगा'**

जिसका उदाहरण गुजरात मॉडल है कस्वां ने कहा कांग्रेस के 4 साल के कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है चारों तरफ लूटमार मर्डर रेप कांड हो रहे हैं जिस पर कांग्रेस की गहलोत सरकार मूक दर्शक बनकर तमाशा देख रही है। सरदारशहर उपचुनाव युवा भाजपा के साथ है। वह किसी के बहकावे में नही आयेगा। इस अवसर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच व टोडा विधायक कन्हैयालाल चौधरी आदि उपस्थित थे।

# बीमा कम्पनी को 2 लाख 18 हजार रूपये अदा करने के आदेश

**कोटा, (निसं)।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सर्किट बैंच कोटा ने वाहन दुर्घटना के एक प्रकरण में बीमा कम्पनी को अपीलार्थी को दो माह के अन्दर 2 लाख 18 हजार 735 रूपये अदा करने का निर्णय पारित किया है। सदस्य सुरेन्द्र कुमार जैन व शैलेन्द्र भट्ट द्वारा दिए गए निर्णय में विपक्षी/प्रत्यर्थीगण को आदेश दिया गया है कि उक्त राशि पर परिवाद प्रस्तुत किए जाने की तिथि 26 फरवरी 2016 से 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी अदा करेंगे।

- **राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सर्किट बैंच कोटा का निर्णय**
- **अपीलार्थी को दो माह में रकम अदा नहीं करने पर देना होगा 9 फीसदी ब्याज**

दो माह के अन्दर परिवाद व्यय पेटे 10 हजार रूपये की राशि अदा करेंगे तथा इस अवधि में राशि अदा नहीं किए जाने पर 30 नवम्बर 2022 से 10 हजार रूपये की राशि पर 9 प्रतिशत दर से ब्याज अदा करेंगे। सदस्य शैलेन्द्र भट्ट ने बताया कि सुनील कुमार शर्मा निवासी बारां ने दी न्यू इण्डिया एश्योरेंस कम्पनी लि. कोटा व अन्य में 16 जनवरी 2017 में पारित निर्णय के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की जिसमें उसका परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग बारां ने वाहन का उपयोग व्यावसायिक मानते हुए खारिज कर दिया था।

दोनों पक्षों की बहस सुनने तथा प्रकरण का अवलोकन करने के बाद राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सर्किट बैंच कोटा ने अपीलार्थी द्वारा बीमा कम्पनी के विरूद्ध प्रस्तुत अपील को स्वीकार करते हुए उक्त आदेश पारित किया।

# 15 दिन पहले मिला जिंदा बम नष्ट किया

**सूरतगढ़, (कासं)।** राजियासर पुलिस के मुताबिक रायांवाली रोही में आरडी 236 के पास 16 नवम्बर को एक खेत में किसान ने बम मिलने की पुलिस को सूचना दी थी। एक पखवाड़े बाद आज साधुवाली छावनी से पहुंचे सेना के बम निरोधक दस्ते ने इसे रेतीले धोरों में सुरक्षित और सुनसान स्थान पर ले जाकर ब्लास्ट करवा दिया।

बम का निस्तारण होने से ग्रामीणों समेत राजियासर थाना की बिरधवाल चौकी पुलिस ने भी राहत की सांस ली है। बिरधवाल चौकी पुलिस ने बम का मौका मुआयना कर उसके चारों और मिट्टी के कट्टे रखवाकर अपनी निगरानी में लिया था। साथ ही मामले की उच्चाधिकारियों समेत सेना के अधिकारियों को जानकारी दी गई थी। बिरधवाल क्षेत्र में स्थित आयुध डिपो में करीब दो दशक पूर्व लगी आग के बाद से अनेक चले हुए और जिंदा बम आज भी रेतीले धोरों, खेतों और नहरों में मिलते रहते हैं। पिछले वर्ष भी आईजीएनपी में नहरबंदी के दौरान दर्जनों बम नहर की तलहटी में पाये गए थे। जिनका सेना के ही बम निरोधक दस्ते ने निस्तारण किया था।

# लुनिया माइनर पर धरना दे रहे किसानों ने 137 आरडी हैड पर कब्जा जमाया

## किसानों का मोघों के साइज को छोटा करने का आरोप

**अनूपगढ, (निसं)।** इंदिरा गांधी नहर परियोजना की रिलांइनिंग के बाद मोघों के साइज को छोटा करने के आरोप में एनडी तथा एलएम माइनर के किसानों का पिछले 64 दिन से चल रहे धरने के बाद पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार किसानों ने 137आरडी हेड पर कब्जा कर लिया।

इस दौरान किसानों ने एनडी तथा एलएम माइनर में पानी की मात्रा 20 क्यूसेक बढ़ाकर 185 क्यूसेक कर दी। लगभग चार घंटे कब्जा रखने के बाद सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर अमरजीत मेहरड़ा के किसानों को चर्चा के लिए मुख्यालय बुलाने पर किसान सहमत हुए और उन्होंने हैड के गेटों की चाबियां संबंधित अधिकारी को सौंपी, जिसके बाद नहर में 20 क्यूसेक पानी की मात्रा को कम कर प्रवाहित किया गया। सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर एवं किसानों के मध्य चर्चा करवाने में पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सिहाग ने अहम भूमिका निभाई।

किसान नेता सुनील गोदारा ने बताया कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना का रिलांइनिंग का कार्य करवाया गया था, कार्य पूर्ण होने पर एनडी तथा एलएम माइनर में मोघे को उखाड़कर साइज छोटा कर नए मोघे लगाए गए तथा नहर में 190 क्यूसेक के स्थान पर 165 क्यूसेक पानी प्रवाहित होने लगा। जिससे किसानों ने धरना प्रदर्शन किया तो सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता वार्ता के लिए आए और किसानों को आश्वस्त किया कि यह मोघे कुछ समय के लिए लगाए गए हैं,जिन्हें बाद में बड़ा कर दिया जाएगा। इसके अलावा नहर में पानी का दबाव अधिक होने के कारण पूरा पानी खेतों में लगेगा।

गोदारा ने बताया कि दौरान वार्ता किसानों को सकारात्मक आश्वासन देने के बावजूद किसान हितों में कोई कार्य नहीं किया गया। किसानों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार पहुंचे किसान लगभग 6 दिन पूर्व घोषित किए गए कार्यक्रम के अनुसार किसान 137

- **किसानों ने एनडी माइनर में 20 क्यूसेक पानी की मात्रा बढ़ाई**

आरडी पहुंच गए और बेलदार से हेड के गेटों की चाबियां लेकर प्रवाहित हो रहे पानी की मात्रा 165 क्यूसेक से बढ़ाकर 190 क्यूसेक कर दी।

किसान नेता गोदारा ने बताया कि 6 बार आश्वासन देने के बावजूद सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ने चर्चा के अनुसार कोई कार्य नहीं किया, इसलिए उन्होंने किसी भी तरह से वार्ता करने से इंकार कर दिया। हालांकि इस संबंध में सिंचाई विभाग के एसई ने बताया कि उन्होंने वार्ता नहीं की और उनकी तरफ से किसानों के खिलाफ गेट पर कब्जा कर अधिक पानी प्रवाहित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सिहाग के द्वारा सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर से चर्चा करने के लिए समझाइश की गई। जिसके बाद दूरभाष पर किसान नेता शोपत मेघवाल ने चीफ एवं एडीएम सूरतगढ़ अरविंद जाखड़ से वार्ता की। वार्ता में चीफ इंजीनियर ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांग का सकारात्मक हल किया जाएगा। जिस पर लगभग देर शाम उन्होंने चाबियां लौटा दी,जिसके बाद पानी को पूर्व की तरह ही प्रवाहित किया गया।

पुलिस उपाधीक्षक जयदेव सिहाग ने बताया कि किसानों ने 137 हैड पर कब्जा कर लिया था। सिंचाई विभाग की सूचना पर मौके पर पहुंच कर किसानों के साथ समझाइश की गई। किसानों के सिंचाई विभाग के एसई रामसिंह के साथ चर्चा नहीं करने पर हनुमानगढ़ चीफ इंजीनियर से वार्ता करने के लिए मनाया गया। उनसे फोन पर वार्ता करने के बाद किसानों ने कब्जा छोड़ा। सिंचाई विभाग की तरफ से किसानों पर मुकदमा दर्ज करने के लिए कोई परिवाद नहीं दिया है।

# विधायक प्रीति शक्तावत सड़क हादसे में चोटिल

**उदयपुर, (का.स.)।** वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत का गुरूवार शाम को रणकपुर घाटे में एक्सीडेंट हो गया। रणकपुर से उदयपुर आते समय उनकी कार की सामने से आ रही एक अन्य कार से भिड़ंत हो गई। हादसे में प्रीति शक्तावत,उनकी मां भगवती झाला, गनमैन और कार चालक सहित सामने वाली कार में बैठे लोगों के भी चोटें आयी । हादसे के बाद प्रीति शक्तावत परिजनों के साथ उपचार के लिए उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल पहुंची हैं। हादसे की सूचना पर कलेक्टर ताराचंद मीणा सहित अन्य अधिकारी और कांग्रेस पदाधिकारी हॉस्पिटल पहुंचे और कुशलक्षेम पूछी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक प्रीति शक्तावत, उनकी मां भगवती झाला के साथ रणकपुर शादी समारोह में गई थी। वे शादी समारोह से ही उदयपुर वापस लौट रही थीं। उनकी कार रणकपुर घाटे की चढाई पर जा रही थी, तभी सामने से ढलान में आ रही दूसरी कार विधायक की कार से भिड़ गई। हादसे में विधायक प्रीति शक्तावत, उनकी मां भगवती झाला सहित साथ में मौजूद गनमैन और चालक के चोटें आई हैं, वहीं दूसरी कार में बैठे लोगों के भी हल्की चोटें आई हैं।

# जमीनी विवाद में फायरिंग कर युवक का अपहरण करने वाले पांच बदमाश दबोचे

## दौलतपुरा हाईवे पर फौजी होटल-रेस्टोरेन्ट के पीछे 29 नवंबर को देर रात हुई थी वारदात



दौलतपुरा थाना पुलिस ने गुरुवार को पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- **पुलिस के मुताबिक आरोपी भूमाफिया व बदमाश प्रवृत्ति के व्यक्ति है, जो दौलतपुरा में हाईवे स्थित फौजी होटल व रेस्टोरेन्ट के पीछे स्थित जमीन का विवाद होने के कारण पिछले 2 महीने से रैकी कर रहे थे**
- **यह बदमाश पूर्व में भी हत्या की वारदात कर चुके हैं, पुलिस ने इनके कब्जे से रिवॉल्वर और 9 खाली कारतूस भी जब्त किए**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर की दौलतपुरा थाना पुलिस ने गुरुवार को पांच कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक रिवॉल्वर, नौ खाली कारतूस और वारदात में प्रयुक्त एक कार जब्त की है। यह बदमाश पूर्व में भी हत्या की वारदात को अंजाम दे चुके है। यह बदमाश 29 नवंबर की रात को फायरिंग करते हुए एक युवक को फॉर्च्यूनर कार में पटककर ले गए थे।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया आरोपित शंकर सिंह उर्फ फौजी (37), मनमोहन सिंह उर्फ टिल्लू (31), भवानी सिंह (32) निवासी उदयपुरवाटी, ओमपाल सिह (32) निवासी हरमाड़ा और गोपाल सिंह (22) निवासी लोसल जिला सीकर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित भूमाफिया व बदमाश प्रवृत्ति के व्यक्ति है, जो दौलतपुरा में हाईवे स्थित फौजी होटल व रेस्टोरेन्ट के पीछे स्थित जमीन का विवाद होने के कारण पिछले 2 महीने से रैकी कर रहे थे। जमीन मालिक गजेन्द्र सिंह निवासी रामपुरा ने जमीन अन्य व्यक्ति को विक्रय कर काम शुरू करवा दिया। इससे खफा आरोपित रंगदारी वसूलने के लिए फौजी होटल एवं रेस्टोरेन्ट पहुंचे और तीन राउंड फायर करते संचालक देशराज मीणा को धमकियां दी एवं वहां मौजूद देशराज मीणा व अन्य दो लोगों से मारपीट करते हुए देशराज मीणा को जबरदस्ती फॉरच्युनर कार में पटक कर ले गए तथा मारपीट करते हुए घटनास्थल से काफी दूरी पर पटक कर चले गये थे। इस पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया गया।

## शिविर में 97 यूनिट रक्तदान

**जयपुर** (कासं)। एस.एस.जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय में एस एम एस हॉस्पिटल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.रेनू जोशी व उप प्राचार्या डॉ.इंदु शर्मा ने छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्या ने छात्राओं से कहा कि वे रक्तदान करके एक नहीं, तीन जीवन को दान दे रहे हो, और इससे अधिक पुण्य का और कोई काम नहीं है।

महाविद्यालय के संयोजक विनय चंद डागा ने छात्राओं को रक्तदान के प्रति कटिबद्ध करने और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक धर्मेंद्र सिंह चाहर ने छात्राओं से कहा कि रक्तदान से बड़ी किसी भी व्यक्ति के लिए कोई सहायता नहीं है अत: जब भी अवसर मिले तब, अवश्य रक्तदान करें। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.विजयलक्ष्मी मिश्रा तथा नेहा वार्ष्णेय तथा आरआरसी क्लब की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अनीता शर्मा, डॉ. रेखा जैन, कृति सक्सेना तथा वर्षा शर्मा ने किया। शिविर में 97 यूनिट रक्तदान हुआ।

# द्रव्यवती नदी की सफाई आज से पुन: शुरू होगी

- **जेडीए व टाटा कंपनी के बीच चल रहा विवाद खत्म हुआ**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी की द्रव्यवती नदी की सफाई करीब दो माह के बाद शुक्रवार से पुन: शुरू होगी। साथ ही पांच सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को भी शुरू किया जाएगा। जेडीए और टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर चल रहा विवाद गुरूवार को खत्म हो गया है। दोनों के बीच द्रव्यवती नदी की सफाई और एसटीपी चालू करने के लिए सहमति बनी और दोनों के बीच एक पूरक अनुबंध हुआ। बिजली के बिलों का 55 करोड़ रुपए का भुगतान जेडीए, टाटा कंपनी को करेगा। इसके अलावा रखरखाव का भुगतान 23 मई से करेगा। बताया जा रहा है कि हर महीने यह बिल करीब सवा करोड़ रुपए होता है।

दरअसल, जेडीए और टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के बीच भुगतान का विवाद होने की वजह से रखरखाव और एसटीपी का संचालन बंद कर दिया गया था। सितम्बर के अंत से द्रव्यवती नदी में सीधा सीवरेज का पानी बह रहा था। अब शुक्रवार से महारानी फार्म पुलिया, जनपथ पुलिया, हसनपुरा पुलिया व आरपीए पुलिया से सफाई की शुरुआत होगी। इसके अलावा पानीपेच, शिप्रा पथ, तरुछाया नगर, बम्बाला व गोनेर का एसटीपी भी चालू किया जायेगा।

जेडीसी रवि जैन का कहना है कि महाधिवक्ता की विधिक राय के बाद विभिन्न मुद्दों पर सहमति बनी है। शुक्रवार से सफाई शुरू हो जाएगी। साथ ही बंद एसटीपी को भी फर्म चालू कर देगी। बिजली के बिलों का करीब 55 करोड़ रुपए का भुगतान फर्म को किया जाएगा।

# कांस्टेबल पुष्पेन्द्र को दी जाएगी विशेष पदोन्नति

## उदयपुर रेलवे पुल ब्लास्ट घटना का खुलासा करने पर डीजीपी की घोषणा

- **जांच टीम में शामिल तीन आरपीएस को प्रशंसा पत्र और 16 पुलिसकर्मियों को 2100-2100 रुपये का नकद इनाम व प्रशंसा पत्र दिया जायेगा**

**जयपुर** (कासं)। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने उदयपुर जिले में पिछले दिनों हुए रेलवे ओवर ब्रिज में हुए ब्लास्ट की घटना में शामिल अभियुक्तों को पकड़वाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले कांस्टेबल पुष्पेंद्र को गैलेंट्री प्रमोशन प्रदान करने के निर्देश दिए है।

मिश्रा ने टीम में शामिल तीन आरपीएस को प्रशंसा पत्र एवं 16 पुलिस कर्मियों को प्रत्येक को 2100 रूपए का नकद ईनाम मय प्रशंसा पत्र प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की है। मिश्रा ने बताया कि जांच के दौरान कांस्टेबल पुष्पेंद्र ने जांच अधिकारी को सूचना दी कि इस घटना में एकलिंगपुरा निवासी धूलचंद की भूमिका है। धूलचंद को डिटेन कर स्थानीय भाषा के जानकार कांस्टेबल मांगीलाल की सहायता से की गई पूछताछ के दौरान धूल चन्द ने घटना कारित करना स्वीकार किया। घटना में अभियुक्त को पकड़वाने में कॉन्स्टेबल पुष्पेन्द्र की विशेष भूमिका को ध्यान में रखते हुए विशेष पदोन्रित के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस निरीक्षक लीलाधर मालवीय, उपनिरीक्षक सुबोध जांगिड, कमलेन्द्र सिंह व रमेश मीणा, जिला उदयपुर एवं उप निरीक्षक, सीआईडी (जोन) कैलाश सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक (अपराध शाखा) वेलाराम एवं बालकृष्ण मीणा, हेड कांस्टेबल मोहन पाल सिंह, भैरू सिंह, प्रताप सिंह, गम्भीर सिंह, गणेश कुमार, मंगल कुमार एवं कानिस्टेबल सत्यनारायण, शांति लाल एवं मुकेश को पुलिस मुख्यालय स्तर पर 2100 रुपये नकद ईनाम मय प्रशंसा पत्र स्वीकृत किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनजीत सिंह, सीओ गिर्वा भूपेन्द्र, सीओ तपेन्द्र मीणा को प्रशंसा पत्र मिलेगा। टीम में शामिल अन्य अधिकारियों व पुलिकर्मियों को उनकी सराहनीय भूमिका होने से उन्हे डीजीपी डिस्क प्रदान की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि 13 नवंबर को सीनियर स्पेशल इंजीनियर उदयपुर ने थाना जावर माइंस में दी गई रिपोर्ट रिपोर्ट में बताया कि 12 नवंबर की शाम ओड़ा गांव के पास स्थित रेलवे ओवर ब्रिज को अज्ञात व्यक्तियों ने ब्लास्ट किया है। इससे ब्रिज का गर्डर टूट गया है एवं मौके पर जगह-जगह ब्रिज के टुकड़े, विस्फोटक सामान, फ्यूज वायर डेटोनेटर और जिलेटिन आदि के अवशेष बिखरे पड़े हैं। रेल की पटरी में भी दरार आ गई।

## वेतन विसंगति के लिए गठित कमेटी को ज्ञापन सौंपा

**जयपुर** । राजस्थान प्रशासनिक सेवा से चयनित अधीनस्थ सेवा के अधिकारियों के परिसंघ ने वेतन विसंगति कमेटी के अध्यक्ष खेमराज को ज्ञापन दिया और राजस्थान अधीनस्थ सेवा के अधिकारियों की ग्रेड पे विसंगति दूर करने की मांग रखी।

परिसंघ के महासचिव इंद्रपाल मीना ने कमेटी से मांग की है कि आबकारी, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, श्रम नियोजन, वाणिज्य कर, उद्योग आदि विभागों में वेतन विसंगति को दूर किया जाये। मीना ने बताया कि राज्य सेवाओं के महत्वपूर्ण विभागों जिनमें आबकारी, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, श्रम नियोजन, वाणिज्य कर, उद्योग आदि न केवल राजस्थान सरकार के निर्देश एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं बल्कि धरातल पर आम जनता, जनप्रतिनिधियों एवं सरकारी प्रशासनिक ढांचे के मुख्य कड़ी के रूप में कार्य करते हैं, जो सरकार के क्रियान्वयन का प्रमुख माध्यम है। इस प्रकार यह विभाग कार्य तकनीकी, प्रशासकीय, विधिक अर्धन्यायिक है एवं राज्य प्रशासन की मुख्य धुरी है।

परिसंघ के महासचिव इंद्रपाल मीना ने बताया कि परिसंघ की मांग है कि राज्य के समस्त अधीनस्थ सेवा के अधिकारियों की एक समान ग्रेड पे एवं वेतन किया जाये। इससे पूर्व परिसंघ ने वित्त विभाग के प्रमुख शासन सचिव अखिल अरोड़ा को भी वेतन विसंगति दूर करने का ज्ञापन दिया।

# राजस्थान विधि विश्वविद्यालय में मूटकोर्ट



**जयपुर** (कासं)। विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय में संविधान सप्ताह उत्साह के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विधि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंकिता यादव, उप-प्राचार्य डॉ. राजीव सोनी एवं डॉ. अभिषेक चायल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विक्रम सिंह भाटी एवं शिक्षक डॉ.अंजू गहलोत, डॉ.ओम प्रकाश सिरवी, डॉ. राजेश गौड़, डॉ. आरती राठी, सुनीता शर्मा, पूनम विश्नोई, मनोज मीना, तेजेन्द्र मीना, डॉ. तरूण जोनवाल एवं सुरेन्द्र मीणा के साथ साथ महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में आयोजन सचिव डॉ. अभिषेक चायल ने सभीअतिथियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागियों ने विषय पर अपने विचार रखे। तत्पश्चात डॉ.राजीव सोनी ने मंच संचालन किया एवं प्रतिभागियों को मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित किया।

# खातीपुरा-झोटवाड़ा मार्ग पर सीवरेज चैंबर के पास 30 फीट धंसी सड़क



**जयपुर के खातीपुरा तिराहे से झोटवाड़ा की ओर जाने वाले मार्ग पर गुरूवार शाम सीवरेज चैंबर के पास मुख्य सड़क 30 फीट गहरी धंस गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। अचानक सड़क धंसने के कारण इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना पुलिस, पार्षद व नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची, जिन्होंने बैरिकेड्स लगवाकर लोगों की आवाजाही बंद करवाई और गड्ढे को पुन: भरवाने का काम शुरू किया।**

# व्यापारी को इंटरनेट कॉल पर जान से मारने की धमकी मिली, मामला दर्ज

**जयपुर** । माणक चौक थाना इलाके में एक व्यापारी को इंटरनेट कॉल पर जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

जांच-अधिकारी एएसआई विजय सिंह ने बताया इनकम टैक्स कॉलोनी, टोंक रोड निवासी नरेश अग्रवाल ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी गोपाल जी के रास्ते में 870 नंबर की दुकान है। उसने आरोप लगाते हुए हरीश शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हुआ है। शिकायत में बताया कि 30 नवंबर की शाम को मोबाइल पर एक इंटरनेट कॉल आई। कॉलर ने गाली गलौच करते हुए धमकी दी कि हरीश के खिलाफ दर्ज मामला वापिस ले लो, नहीं तो अंजाम भुगतने के तैयार रहना।

# मंत्री-विधायकों की समझाइश पर कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों ने खत्म किया अनशन

## हैरिटेज निगम में संचालन समितियां बनाने को पुन: 7 दिन का वक्त मांगा



**हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में अनशन पर बैठे कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों से समझाइश करने गुरूवार को मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विधायक रफीक खान और अमीन कागजी पहुंचे।**

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज नगर निगम में संचालन समितियों के गठन की मांग को लेकर अनशन पर बैठे कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों से समझाइश करने देर शाम मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, महेश जोशी, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी और महापौर मुनेश गुर्जर निगम मुख्यालय पहुंचे।

जहां मंत्री-विधायकों की समझाइश के बाद पार्षदों ने अनशन खत्म कर दिया। विधायकों ने पुन: 7 दिन का वक्त मांगते हुए कमेटी गठन का आश्वासन दिया है। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान आने से पहले ही इस मांग पर सुनवाई कर दी जायेगी। हालांकि पार्षदों से समझाइश करने पहुंचे मंत्री-विधायकों में भी एकजुटता नजर नहीं आई। मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी और महापौर मुनेश गुर्जर एक साथ निगम मुख्यालय पहुंचे।

इन्होंने पार्षदों से समझाइश कर उनका अनशन खत्म करवाया। इनके जाने के बाद मंत्री महेश जोशी और उपमहापौर असलम फारूखी भी निगम मुख्यालय पहुंचे और पार्षदों से समझाइश की। ज्ञात रहे कि कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद, संचालन समितियां गठन की मांग को लेकर नगर निगम मुख्यालय में पिछले 9 दिनों से धरने पर बैठे थे। बुधवार से पार्षदों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी, इसी दिन देर रात मेयर मुनेश गुर्जर ने धरना स्थल पर आकर पार्षदों से मान-मनौव्वल की थी। मेयर ने मंत्री-विधायकों से बात करने के लिए 3 दिन का समय मांगा, हालांकि पार्षद नहीं मानें। गुरूवार को चारों विधायकों ने पार्षदों से समझाइश कर अनशन खत्म करवाया।

## एसएमएस अस्पताल में ब्लड स्टोरेज कोल्ड यूनिट शुरू

- **इस यूनिट के शुरू होने से एसएमएस के ब्लड बैंक में अब 30 हजार यूनिट ब्लड स्टोर किया जा सकेगा**

**जयपुर** । राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में गुरूवार को बल्क ब्लड स्टोरेज यूनिट की शुरूआत की गई। इसके चलते किसी भी डिजास्टर घटना के पीड़ितों को अस्पताल में हर ग्रुप का तत्काल ब्लड मिलेगा।

प्रदेश के सबसे बड़ा एसएमएस अस्पताल ने अब किसी भी डिजास्टर घटना से निपटने के लिए कंटेंजेंसी प्लान पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए अस्पताल में भामाशाह दामोदर लाल नारायणी देवी खटोरिया चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से ब्लड स्टोरेज कोल्ड यूनिट बनाया गया है। इसकी गुरूवार को मिशन निदेशक एनएचएम सुधीर शर्मा ने शुरूआत की। इस मौके पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.राजीव बगरहट्टा, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में एमडी एनएचएम शर्मा ने बताया कि एसएमएस की ब्लड बैंक में अब 30 हजार यूनिट ब्लड स्टोर किया जा सकेगा। एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा ने बताया कि इस यूनिट की शुरूआत के बाद काफी हद तक हर ग्रुप के ब्लड का स्टोरेज किसी भी आपात स्थिति के लिए किया जा सकेगा। आईएचटीएम विभाग के एचओडी डॉ अमित कुमार शर्मा ने बताया कि सवाई मानसिंह अस्पताल का ब्लड सेंटर एक रीजनल ट्रॉन्सफ्यूजन सेंटर है, जहां हर साल करीब 60 से 80 हजार यूनिट रक्तदान होता है। इस संग्रहित रक्त से लगभग 1 लाख 25 हजार रक्त अवयव बनाये जाते हैं। इन रक्त अवयवों को अलग-अलग तापमान पर स्टोरेज किया जाता है। ब्लड स्टोरेज कोल्ड यूनिट की शुरूआत से इस काम में काफी मदद मिलेगी। साथ ही स्टोरेज केपेसिटी भी 10 हजार से बढ़कर 30 हजार हो जाएगी।

वहीं अस्पताल में कैमिलुमेन्स फुली ऑटोमेटेड मशीन की शुरुआत भी की गई है। डॉ अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इस मशीन पर 180 टेस्ट एक साथ लगाये जा सकते हैं, जिनका रिजल्ट 60 मिनट में आएगा। इस तकनीक के माध्यम से ब्लड बैंक से मरीजों को सुरक्षित रक्त उपलब्ध होगा।

# सार-समाचार

## बदमाशों ने वृद्धा के हाथ से कंगन उड़ाए

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर क्षेत्र में ई-रिक्शा में सफर कर रही वृद्धा के जेवर लेकर बदमाश फरार हो गए। बदमाशों ने भूतप्रेत का सहारा लेकर वृद्धा को पहले डराया फिर उसके हाथों में पहले हुए सोने के कड़े खोल कर फरार हो गए। मानसरोवर थाना पुलिस ने बताया कि 65 वर्षीय महिला रुकमणी देवी रामगंज बाजार जयपुर की रहने वाली है। उनके बहनोई की पिछले दिनों मौत हो गई थी। बहनोई की मौत के बाद गमी में जाने के लिए वे बड़ी चौपड़ से जयपुर मैट्रो में बैठी और मानसरोवर उतरी। मानसरोवर स्टेशन पर उतरकर हीरापाथ बहनोई के यहां जाने के लिए वाहन का इंतजार करने लगी। तभी वहां से गुजर रहे ई-रिक्शा को वृद्धा ने रुकवा लिया। जिसमें दो महिलाएं पीछे बैठी थी और उसके बाद एक आदमी रिक्शा चालक के पास बैठा था। रिक्शा चालक ने रुकमणी देवी को रिक्शा में बैठा लिया। वह पीछे बैठ गई। रिक्शा चलाने के बाद कुछ दूरी पर चालक ने रिक्शा रोक दिया और उसके बाद आगे बैठा आदमी पीछे आ बैठा। रिक्शा जैसे ही चलने लगा पीछे बैठा आदमी जोर से चीखने चिल्लाने लगा और रिक्शा में ही तेज-तेज कूदने लगा। पीछे बैठी रुकमणी देवी डर गई और उन्होनें रिक्शा रुकवा लिया। चालक ने रिक्शा रोक दिया और रुकमणी देवी नीचे उतर गई। कुछ देर बाद पता चला कि सीधे हाथ में पहली सोने की दो चूड़ियां निकाल ली थी। भूत भरने का नाटक करने के दौरान रुकमणी देवी को हाथ से चूड़ियां निकालने का पता नहीं लगा। पुलिस अब मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

**जयपुर**, (कासं)। 'विश्व एड्स दिवस' के अवसर पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की ओर से गुरूवार को जयपुर के हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के भगवत सिंह मेहता सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिशन निदेशक एनएचएम सुधीर कुमार शर्मा, अध्यक्षता निदेशक (जनस्वास्थ्य) डॉ. के.एल. मीणा एवं विशिष्ठ अतिथि निदेशक (सीफू) डॉ. आर.पी. डोरिया, तथा निदेशक (एड्स) डॉ. रवि प्रकाश शर्मा सहित विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित रेड रिबन क्लब के सदस्यों, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों इत्यादि ने भाग लिया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मिशन निदेशक एनएचएम सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को पूरे सम्मान एवं समानता के साथ जीवनयापन करने का अधिकार है फिर चाहे वह एचआईवी.एड्स से संक्रमित व्यक्ति ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि विश्व एड्स दिवस की इस वर्ष की थीम समानता है। उन्होंने एचआईवी.एड्स के साथ जी रहे लोगों के अधिकारों की रक्षा करने तथा समाज की मुख्य धारा से जोडने तथा इससे जुड़ी भ्रातियों को मिटाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## मुहाना क्षेत्र में विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। मुहाना इलाके में एक विवाहिता की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया मूलतया दिल्ली निवासी 32 वर्षीया विवाहिता ने रिपोर्ट दी है। आरोप है पति से अनबन रहने के बाद वह जयपुर में मुहाना इलाके में रहने लगी थी। इस दौरान कमलेश वर्मा से संपर्क हुआ, जिसने शादी का झांसा देकर काफी समय तक देहशोषण किया। अब उसने शादी करने से इंकार कर दिया। वहीं, मालपुरा गेट थाने में 22 वर्षीया युवती ने दौलत पर शादी का झांसा देकर देहशोषण करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। इसी प्रकार खोह-नागोरियान इलाके में एक युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी युवती ने रिपोर्ट दी है, जिसका आरोप है परिचित अनिष्क सैनी ने कुछ माह पहले दुष्कर्म किया और वीडियो बना ली थी। इसके बाद ब्लैकमेल कर देहशोषण करता आ रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## एटीएम कार्ड बदलकर वृद्ध से ठगी

**जयपुर** (कासं)। गांधीनगर इलाके में एक वृद्ध से एटीएम कार्ड बदलकर रूपए निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया ओझा जी का बाग़ निवासी प्यारेलाल वर्मा (78) 30 नवंबर की सुबह 11 बजे गांधीनगर क्लब के पास स्थित एसबीआई एटीएम बूथ पर रूपए निकालने गया था। इस दौरान अज्ञात ने मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद बैंक खाते से 40 हजार रूपए पार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इसी प्रकार प्रताप नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया चित्रकूट नगर निवासी संजीत यादव 29 नवंबर की शाम करीब 7 बजे रविंद्र नगर होते हुए घर आ रहा था। इस दौरान पीछे से आए बाइक सवार हाथ पर झपट्टा मार मोबाइल छीन ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नौकरी के नाम पर 7 लाख रुपए हड़पे

**जयपुर** (कासं)। जालूपुरा इलाके में एक युवक से सरकारी नौकरी के नाम पर 7 लाख रूपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया चौमूं निवासी अताय रसूल ने रिपोर्ट दी है। आरोप है दुर्गालाल जांगिड़ ने कुछ माह पहले सरकारी नौकरी का झांसा देकर पोलोविक्ट्री मिलने बुलाया। यहां उसने 7 लाख रूपए ले लिए। इसके बाद ना तो नौकरी लगवाई और ना ही वह रूपए वापिस कर रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## कांस्टेबल दीक्षान्त परेड आज

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस के कॉन्स्टेबल रिक्रूट्स बैच सं.92 की दीक्षान्त परेड समारोह का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी में शुक्रवार को प्रात: 9 बजे आयोजित किया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक राजीव शर्मा ने बताया कि दीक्षान्त परेड समारोह के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा होंगे। समारोह में प्रशिक्षण के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

## बी-टू-बाईपास पर ट्रेफिक डायवर्जन

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में आश्रम तिराहे से बी-टू-बाईपास चौराहे तक 2 से 4 दिसंबर तक यातायात डायवर्जन रहेगा। दुर्गापुरा से सांगानेर की ओर जाने वाले कट तक जेडीए के द्वारा यातायात सुधारीकरण कार्य किया जा रहा है। डायवर्जन के कारण वाहन चालक टोंक रोड से आश्रम मार्ग (होटल मैरियट रोड) की ओर घुमकर वाया जवाहर सर्किल से सांगानेर, टोंक रोड व मानसरोवर की तरफ पर जा सकेंगे। जेडीए ने मौके पर लोगों को परेशानी से बचाने के लिए साइन बोर्ड भी लगाए है।

## Operation Santa Paws

Animals and pets serve an important part in the lives of human beings. They are those friends and companions that give people love unconditionally. They protect people's homes and are there whenever they are needed, asking for nothing but love and tenderness in exchange for all they give. Operation Santa Paws Day is a reminder that we need to return that love, and remember them at this most special time of year!





Oh my god (laughs). This incident is still etched in my memory. No one could believe that in a tension-packed World Cup match such a thing could happen. It was match between Argentina and England and there was a controversial goal. Maradona teared the opponent's defense and the goal was in the air and suddenly it was kissing the net. Everybody thought it was a beautiful header by Maradona that turned into a goal. We were all bemused in the Press Box as how it happened. We watched the sequence repeatedly on the TV as replays. There was a big confusion in the Press Box. I asked legendary Bobby Charlton, how it happened. Charlton replied "This was also my question".

# It was the Hand of God

(...2)



Diego Maradona tickles the ball over the head of England's Peter Shilton to give Argentina a 1-0 lead at the Azteca Stadium.



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*



Shayam Sundar Ghosh.

Veteran journalist Shyam Sundar Ghosh, after his retirement from the Statesman did not rest his oars and spent his days in the football arena of Kolkata, either writing or commentating on radio on both football and cricket. The author of Kick Off: The Untold Stories of Indian Football also authored 'Superstars in World Football' and books on cricket. One book is on Saurav Ganguli, the Indian skipper who also served the Cricket Board as its President. This book on Saurav Ganguli was critically titled Saurav, a pawn in the hands of BCCI. He also wrote a book on the Bengali Test cricketers and a diary.

Shyam Da, as he is popularly known in not only Kolkata, but in the country's football fraternity, watches the World Cup matches currently on in Qatar at his home. As he watches the matches, it takes him to a nostalgic journey to the cities of Spain, Mexico, Italy, the USA, France, South Korea and Germany where he had gone to cover the World Cup.

Watching the TV, he thinks of the transformation that has taken place in the last four decades in not only in football but the way football as the world's most popular sport organizes the event.

## #FOOTBALL

But for a man who covered seven World Cups and Olympic and Asian Games still regrets that he was not being able to cover a World Cup match played by Pele. But was fortunate to cover four World cups in which the Prince of football, Maradona had participated.

Ghosh has written in his book on Maradona's rise and fall and as the World Cup is on in Qatar, Ghosh remembers the maestro Maradona:

***Arbit: When did you first saw Maradona playing?***
**Ghosh:** If the 1982 was my first World Cup as a journalist, it was also the first World Cup for Maradona in Spain. But the Spain World Cup was a disaster for both Maradona and Argentina. Argentina was the reigning champions when they came to defend their title, but they lost three of the five matches. Maradona had gained the superstar image, but he was shown the yellow card in Argentina's match against Italy and in the next game against Italy, he was sent off the field five minutes before the final whistle.

Four years later in Mexico, Maradona single-handedly led his country to World Cup victory. He sparked his team again four years later when Argentina reached the final, losing to Germany in a late goal. And finally, in 1994, the idol of millions of soccer fan had to leave the United States that was staging the World Cup. Maradona, midway during the championship tested positive for five variants of ephedrine, a stimulant banned by FIFA, the international body. Maradona was 33 then and we journalists were surprised to see his fitness. In the US World Cup Maradona excelled with his defence-splitting passes against Greece. During this tournament he was subjected to dope test after Argentina defeated Nigeria 2-1. Prior to this ban from the World Cup, in 1991-92 he had been banned from playing for 15 months for using cocaine. Argentina without Maradona bowed out of the tournament.

***Arbit: How do you compare Pele with Maradona?***
**Ghosh:** Pele and Maradona both participated in four World Cups. Pele made his World Cup debut when he was 17, but Maradona was still not groomed and so was Maradona. Maradona with his artistry as a player became a hero and he became the most admired player after Pele. It's difficult to compare the two players-they were class of their own era.

***Arbit: What about the "hand of god "goal scored by Maradona?***
**Ghosh:** Oh my god (laughs). This incident is still etched in my memory. No one could believe that in a tension-packed World Cup match such a thing could happen. It was match between Argentina and England and there was a controversial goal. Maradona teared the opponent's defense and the goal was in the air and suddenly it was kissing the net. Everybody thought it was a beautiful header by Maradona that turned into a goal. We were all bemused in the Press Box as how it happened. We watched the sequence repeatedly on the TV as replays. There was a big confusion in the Press Box. I asked legendary Bobby Charlton, how it happened. Charlton replied "This was also my question".

The Tunisian referee has missed the sequence that Maradona pushed the ball into the net during the header using his hand.

This sequence of the match was shown on TV all over the world. Maradona during the post-match Press conference to a question about that controversial goal, replied, "It was a Hand of God". The British media cursed Maradona.

But in the same match, Maradona scored a goal that till today is remembered as the goal of the century. It was this goal that put Maradona at par with Pele. But he was disgraced.

Interestingly, I said in my report in The Statesman, that Maradona scored the first goal with his hand. In my report I wrote that, if Pele was there in place of Maradona that day, Pele being the man, he would have definitely walked up to the referee and apologized for his act. But Maradona was different. Many report of this match brought letters to our editor. Some agreed with me, while others cited the popular saying "all is fair in love and war".

***Arbit: Tell us about your experience of shootouts in soccer?***
**Ghosh:** A penalty shootout (officially kicks from the penalty mark) is a tie-breaking method to determine which team is awarded victory in a match that cannot end in a draw, when the score is tied after the normal time as well as extra time (if used) have expired. I still remember the 1990 World Cup match between Argentina and Italy. This World Cup was hosted by Italy and in this tournament, Italy's goalkeeper Walter Zenga proved unbeatable as he did not allow any team to score a goal for 560 minutes.

Italy could reach the semi-final with a shootout victory over Yugoslavia. There were celebrations all over Italy. The Italians were rejoicing and were confident that their team would reach the final and would create the record of winning the World Cup for the fourth time. The semi-final was between Italy and Argentina. The match in full time ended in a draw and in the extra time no goals were scored. The shootout was ordered and Italy squandered two spot kicks. The Argentine goalkeeper Sergio Goyeochea stopped two penalty kicks and Argentina won the match and reached the final. I thought Italy was a better team that lost in the shootout. I had seen that a better team with the luck not on the right side lost often in the shootouts. In the 1986 World Cup in Mexico Brazil reached the quarter-finals without losing a match lost to France in the shootout. Surely, it was not Brazil's day.

***Arbit: Tell us from your memories about how super stars failed?***
**Ghosh:** In the 1986 World Cup was made memorable by Maradona's "Hand of God" goal in the match between England and Argentina. In the Mexico World Cup match in 1986 Brazil and France clashed. Brazil had players like Torinos Junior, charismatic midfielder Socrates, Falco and Flamengo Zico. Brazil was the favourite and was expected to lift the trophy. The match was to be decided on the shootout.

Socrates took the first kick in the shootout, but the French goalkeeper stopped it. All three Brazil superstars failed that day in the shootout. France eventually won in the shootout, but their star player Platini also missed the target

Argentina and England met again in the 1986 World Cup hosted by France and the fate of the match was decided by a shootout. In this match, David Beckham was shown a red card and England had to play with just 10 players. England though a better team on paper lost the match 4-3. There are more such examples when the better teams lost the match in the shootouts.

In the 2006 World Cup Italy won the World Cup beating France in the shootout. Italy won 5-3. In this tournament, Zinedin Zidane was France's hero who single-handedly helped France win the World Cup.

***Arbit: Who is your Miracle man in football?***
**Ghosh:** It should be African nation Cameroon's forward Roger Milla. When Cameroon reached the quarter-final of the World Cup in 1990.

In the quarter-final, Cameroon lost in England in the extra time. England's coach celebrated Bolly Charlton had adopted special strategy to contain and combat Milla, who was then 38-year-old. Milla was the second oldest player of the tournament and the oldest was Peter Shilton. Thanks to Milla and another player Cameroon, who were trailing once took 2-1 lead. The whole of Europe and rather the world was mesmerized.

In this match, when everyone thought Cameroon would eventually surprise England Linekar equalized seven minutes before the final whistle forcing the match to go into extra time. In the extra time England was awarded a penalty that carried them to the semi-final. Milla excelled with dribbling and shooting and fooled the rivals with his defy body movement. Milla was adjudged the fourth-best player of that World Cup.

> In this match, when everyone thought Cameroon would eventually surprise England, Linekar equalized seven minutes before the final whistle forcing the match to go into extra time. In the extra time England was awarded a penalty that carried them to the semi-final. Milla excelled with dribbling and shooting.

***Arbit: Do you think that the Africans would become world beaters one day?***
**Ghosh:** After Cameroon's outstanding show in the Italian World Cup, Pele had predicted that one day an African nation would win the World Cup. The African teams have reached the quarter-final, but not beyond. In the 2002 World Cup Senegal, the lions of Teranga defeated the previous champions France and in the round of 16 reached the quarter-finals and on the way defeated Sweden with players like Papa Thiaw and Henry Camara proving like tornadoes. Nigeria is another strong team and now Ghana has beaten South Korea.

Nigerians have won the under-17 World Cup and when Nigerians defeated Argentina in the Atlanta Olympic Games to win the gold medal it became the first African team to win a medal in football. In the semi-final in the Atlanta Olympics, I saw Nigeria beating Brazil who had Roberto Carlos, Babeto, Juninho, and Rivaldo. The Nigerians trailing by 1-3 went on to win by 4-4 to reach the final and eventually won the gold medal. Someday, they would be World Cup winners.

***Arbit: Now talking about Indian football?***
**Ghosh:** The less said the better. We are a nation of 130 crores, but we should be blamed for our failure to play an Olympics after 1960. India's golden years were from 1951 to 1962 under the tutelage of coach. Syed Abdul Rahim is supposed to be India's golden era when we won two Asian games title. India was the first Asian team to reach the Olympic semi-final. During Rahm's time, India played in three Olympics in 1952, 1956, and 1960.

***Arbit: What happened to Indian football why the decline?***
**Ghosh:** It's a long story, can't be said in an interview. Thousands of reasons are there. Bad management of football, politics, politics entering football and many more reasons. One player, P K Bannerji, who later became a coach, is also largely responsible as the coach of the Indian team for the decline.

***Arbit: Would India regain its lost glory?***
**Ghosh:** Yes, with honest players, honest officials and a will to win can see India bounce back. But I am not very hopeful with the present state of affairs of Indian football. It needs an overhaul.

***Arbit: Do you think India will ever play in the World Cup?***
**Ghosh:** India will have to make its place in Asia first, the way it made it in the 50s and 60s, then it will have to qualify for the World Cup qualifier and for this it will have to beat established Asian teams. India is far behind even in Asia, thus playing in the World Cup looks a distant dream.
***Concluded***

writetoarbit@rashtradoot.com





Crowd at Diego Maradona funeral.



SA Rahim Coach.



T Balram.




PK Banerjee.



Roger Milla.



Zico.



Shayam Sundar Ghosh (c), PK Banerjee (L) and Chuni Goswami (R).



Indian olympic team-1948 Olympics, London.

## #CELEBRATION

# Everybody! Parties At Maradona's Villa!!

Maradona's villa was opened to the neighbours after Albiceleste won FIFA World Cup 2022 against Poland



Boria Majumdar from Qatar



Can you ever imagine the house of Sir Don Bradman at Holden Street in Adelaide opened to neighbours if Australia win a big cricket match. It may sound weird but the owner of Argentina soccer legend Diego Maradona's villa was opened to the neighbours after the Albiceleste won their FIFA World Cup 2022 match against Poland at Stadium 974 on Wednesday night.

Everyone is aware of the madness of the Argentine fans for their National Football Team. The festivities in the streets, in train stations and in bars prove it. But the celebrations caused by qualifying for the round of 16 of the ongoing World Cup in Qatar generated an unusual situation that has Diego Maradona as the protagonist. The new owners of the house where the star lived in Villa Devoto decided to open the doors to the neighbours so that they can watch the match and celebrate the win against Poland.

The iconic villa in Devoto, belonged to late Maradona since the '80s, when he acquired it after his move from Argentinos to Boca. It was later sold and its owners preserved everything so as to pay respect to the legendary footballer.

The owners on Wednesday organized a full-fledged party for the neighbours in Devoto as they ordered eighty kilos beef, pork, chorizo, blood sausage, gizzard, among other delicacies. Also, different drinks were part of the menu. In addition, they put chairs and a large TV screen to obviously watch the match.

The moment Mac Allister scored the opening goal, the villa erupted in joy as the people inside screamed, danced and cheered for their favourite team. Each vantage position in the house was taken over by the fans, some even enjoying the pool.

Just imagine what will happen at Villa Devoto if Lionel Messi and his team go on to lift the World Cup.

# A Cup of Kadak Chai

It was the Germany versus Spain game that started local time 10 pm. We had travelled the night before from India and started work as soon as we got in. Sleep deprived and excited but feeling chilled as night set into the surrounding dessert on the Al Bayt stadium, I nodded a yes when our colleague Abhijit Deshmukh suggested a cup of tea. And then surprise surprise. What the menu offered at the stadium's food stall was a normal black tea and Kadak chai, which turned out to be a regular and, oh so welcome Indian tea blend of milk, elaichi and sugar, a shot of glucose as I returned to the stand to watch the rest of the game.



This drink that celebarates Indianness here at the Fifa World Cup and is a testimony to the Indian presence here in the region, is now our must have at the games. So Kadak Chai it was with Ronaldo at Portugal versus Germany and Kadak again today at the night game where we will witness the great Messi in action.

# "Five Percent For The Kids"- Salim

Following Mohammed Salim's death in 1989, in a brief obituary message the Amrita Bazar Patrika declared:

Mohammed Salim (Sr) a member of the legendary Mohammedan Sporting Club side that claimed five successive Calcutta senior football league titles in the thirties died in Calcutta on Wednesday morning. He was 76. A right winger in his playing days, he was intimately connected with many sports clubs and took active interest in training youngsters. He is survived by his wife, four sons and three daughters.

When his obituary ignores his feat of having played for Celtic FC with distinction, it is hardly surprising that he remains unmentioned in most works on Indian football. This treatment is unjust, more so in view of his extraordinary performances for Celtic. While Baichung played for a second division club side in the UK, Bury FC, and failed to win a permanent place in the clubs first XI, Salim, during his brief stint at Celtic, had established himself as a key member of the team and was pleaded by the club authorities to stay for another season in 1937-38. Further, while Baichung was forced to return to India, Salim returned to India to help his favourite club Mohammedan Sporting continue with their famous run in the Calcutta Football league in the 1930s.



Commenting on his extraordinary skill, the Scottish Daily Express had declared:

> Ten twinkling toes of Salim, Celtic F C's player from India hypnotized the crowd at Parkhead last night in an alliance game with Galston. He balances the ball on his big toe, lets it run down the scale to his little toe, twirls it, hops on one foot around the defender, then flicks the ball to the centre who has only to send it into goal. Three of Celtic's seven goals last night came from his moves. Was asked to take a penalty, he refused. Said he was shy. Salim does not speak English, his brother translates for him. Brother Hasheem thinks Salim is wonderful- so did the crowd last night.

This comment, published on 29 August 1936, is now a yellowing, almost faded piece of history breaking down to pieces at the slightest of touches. Rashid Ahmed, Mohammed Salim's second son, handed it over to us with a request- he wanted readers to know the truth- that his father was one of the earliest Indian footballers to have played in Europe.


Asked whether Celtic had rewarded Salim monetarily, Rashid narrated a fascinating tale. When after a few months in Scotland, Salim began to feel homesick and was determined to return to India, the Celtic Football Club pleaded him to play for one more season. "Celtic tried to persuade my father to stay by offering to organise a charity match in his honour, giving him five per cent of the gate proceeds. My father did not realise what five per cent would amount to and said he would give his share to orphans who were to be special invitees for the match. Five per cent came to £1,800 [colossal money then] but although my father was astonished, he kept his word." In doing so, Mohammed Salim earned a unique recognition for himself and his country in the eyes of the westerners. Alongside, his performances for Celtic in the limited number of matches that he played demonstrated that bare footed Indians could match the British on an even keel. This belief may have inspired his colleagues in Mohammedan Sporting to win five straight Calcutta Football League titles (1934-38) defeating leading European teams in the process.

Many years later, Rashid wrote to Celtic stating that his father was in distress and that he needed money for his father's treatment. In his words:

I had no intention of asking for money. It was just a ploy to find out if Mohammed Salim was still alive in their memory. To my amazement, I received a letter from the club. Inside was a bank draft for £100. I was delighted, not because I received the money but because my father still holds a pride of place in Celtic. I have not even cashed the draft and will preserve it till I die.


In colonial India, trying to challenge British superiority was the most difficult task of all. Salim had achieved this seemingly impossible task through his football. In a nation plagued by religious violence, political and economic uncertainties, his football served a purpose that went beyond the boundary.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# स्कूल में कक्षा-कक्षों की निर्माण के दौरान दीवार गिरी

## विद्यालय डूंगरीकलां में बड़ा हादसा टला, एसडीएम ने लिया जायजा

**मालपुरा, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डुंगरीकलां में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अभिशंषा पर डीएमएफसी योजना अन्तर्गत स्वीकृत 14 लाख 86 हजार रूपये की लागत से निर्माणाधीन कक्षा-कक्षों की दीवार निर्माण के दौरान ही गिर जाने से बडा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। सूचना पर एसडीएम ने मौका निरीक्षण कर निर्माण कार्य रूकवा निर्माण सामग्री के नमूने जांच के लिए सीलबद्ध किये।

मामले के अनुसार सीनियर सैकेण्डरी स्कुल डुंगरीकलां मे ग्राम पंचायत व विद्यालय प्रशासन सहित एसडीएमसी की मांग पर जिला कलेक्टर द्वारा डीएमएफसी योजना के अन्तर्गत दो कक्षा-कक्षो के निर्माण के लिए 14 लाख 86 हजार रूपये की वित्तिय स्वीकृति जारी कर निर्माण एजेन्सी को स्वीकृति प्रदान की गई थी। रमसा योजना के तकनिकी अधिकारी की देखरेख में विद्यालय की दुसरी मंजिल पर दो कक्षा-कक्षों का निर्माण चल रहा था। कमरों की छत हाईट पर ठेकेदार द्वारा डीपीसी के लेन्टर निर्माण करवाया जा रहा था।



**डूंगरीकलां सीनियर स्कूल में निर्माणाधीन दीवार गिरने की सूचना पर पहुंचे एसडीएम रामकुमार वर्मा ने निर्माण कार्य रूकवाया।**

इसी दौरान दिवार का एक बडा भाग भरभराकर धराशाही हो गया। विद्यालय में हडकम्प मच गया। गनीमत रही कि हादसे के दौरान दिवार के पास से गुजर रहा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भंवर लाल दरोगा बाल-बाल बच गया तथा विद्यालय मे हादसे के दौरान लंच के कारण कोई विधार्थी दीवार के पास नही होने से एक बडा हादसा टल गया। पंचायत मुख्यालय पर ही चल रही जनसुनवाई में दिवार गिरने की मिली सूचना पर एसडीएम रामकुमार वर्मा, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता, सरपंच शंकर सिंह भडाणा मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। जिसमे प्रधानाचार्य चन्द्रशेखर पारीक ने बताया कि सम्पूर्ण निर्माण कार्य की स्वीकृति टोंक डिस्ट्रीक मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट अध्यक्ष जिला कलेक्टर एवं सहायक खनिज अभियंता व पदेन सदस्य सचिव डीएमएफटी सजय कुमार शर्मा के आदेशों पर रमसा के तकनिकी अधिकारी की देखरेख मे चल रहा था। गुरूवार को लंच के दौरान दिवार गिरने से अफरा-तफरी मच गई।

■ **ठेकेदार को निर्माण कार्य बंद करने के दिये आदेश**

सम्बन्धित निर्माण एजेन्सी को तत्काल निर्माण कार्य बंद करने के आदेश जारी कर दिये गये है। एसडीएम ने मौके पर ठेकेदार के कार्मिको को निर्माण कार्य बंद करवा रमसा व पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंताओं को निर्माण सामग्री के नमुने जांच के लिए लेने के निर्देश दिये गये। लाखों रूपयों की लागत से निर्माण कार्यो मे विभाग के तकनिकी अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंच निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचने के बजाय घर बैठे ही रिपोर्ट बना एमडी भरने के चलते लाखों रूपयों के निर्माण मे अनियमित्ताए सामने आई है तथा सम्पूर्ण घटनाक्रम में रमसा के तकनिकी अधिकारी की घौर लापरवाही उजागर हुई।

# न्यायाधीश ने स्वयं कार्यालयी कार्य कर की सुनवाई

## न्यायिक कर्मचारियों की हड़ताल

**बीदासर, (निसं)।** न्यायिक कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते न्यायिक कार्यो में उत्पन्न हुए व्यवधान के बीच बीदासर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने गुरुवार को एक अभियुक्त का प्राण व दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार का संरक्षण करते हुए स्वयं न्यायिक कार्मिकों की जगह कार्यालयी कार्य कर होमगार्ड गोपाल गोदारा की सहायता से फौजदारी सीगा खोलकर पत्रावली निकाली और प्रार्थी का पक्ष सुनकर प्रकरण का निस्तारण करते हुए नागरिकों के न्यायिक अधिकारों के संरक्षण का संदेश दिया।

गौरतलब है कि न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट बीदासर के समस्त कर्मचारी वर्तमान में उनके संघ के आव्हान पर हड़ताल की घोषणा कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे है। ऐसे में गुरुवार को पुलिस थाना बीदासर से एक अभियुक्त मनोज पुत्र कानाराम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने पर अजीबो गरीब स्थिति बन गई। तब अभियुक्त की जमानत के लिए अधिवक्ता आरती डूंखवाल ने आवेदन पेश किया। तब न्यायिक अधिकारी मनमोहन चंदेल ने स्वयं कार्यालयी कार्य कर फौजदारी सीगा खोलकर पत्रावली निकाली और जमानत की कार्यवाही की।



**पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त मनोज।**

अभियुक्त की अधिवक्ता आरती डूंखवाल ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट बीदासर ने अपने आदेश में लिखा है कि यद्यिप न्यायिक कर्मचारिगण हडताल पर है परंतु जमानत पर सुनाई हेतु पत्रावली का होना आवश्यक हैं, चूंकि अभियुक्त को गिरफ्तार करके पेश किया गया है। कर्मचारिगण द्वारा अनिश्चितकालीन हडताल होना बताया गया है। ऐसे में जमानत जैसे प्रकरण में जिसमें कि जमानत प्रार्थना-पत्रों को त्वरित गति से निस्तारित करने के दिशा-निर्देश सर्वोच्च न्यायालय, राजस्थान उच्च न्यायालय तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा दिये गये हैं, इसके अतिरिक्त भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत भी अभियुक्त को प्राण व दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार है, ऐसे में जमानत प्रार्थना-पत्र अनिश्चित काल के लिए लंबित नहीं रखा जा सकता है और न्यायिक अधिकारी ने प्रार्थी का पक्ष सुनकर प्रकरण का निस्तारण किया और जमानत स्वीकार की।

# शहीदों की मूर्तियों पर पोती कालिख



**सुजानगढ़ गांव लुहारा के सार्वजनिक चौक से मिले सीसीटीवी फुटेज।**

**सुजानगढ़, (निसं)।** क्षेत्र के गांव लुहारा के सार्वजनिक चौक में निर्मित शहीद स्मारक में लगी शहीद भगतसिंह, राजगुरू व सुखदेव तथा कालिख पोतने की घटना सार्वजनिक चौक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर बीदासर पुलिस उपाधीक्षक व टीम ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

# वैन की टक्कर से तीन जने घायल

**सरवाड़, (निसं)।** अजमेर कोटा स्टेट हाईवे पर शोकलिया के पास मारुति वैन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन जने घायल हो गए। घायलों में पिता व दो पुत्र थे। पिता की हालत गंभीर होने पर अजमेर रेफर कर किया वहीं सूचना के बाद सराना थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। थानाधिकारी मोतीलाल शर्मा ने बताया कि पीसांगन थाना क्षेत्र के ग्राम भावता निवासी सुखपाल जाट अपने दोनों पुत्रों के साथ मोटरसाइकिल पर सरवाड़ तहसील क्षेत्र के ग्राम जावला में सांड बाबा मंदिर में जावनी चढ़ ाने के लिए आया था वहीं वापस जाते समय शोकलिया के पास अजमेर कोटा स्टेट हाईवे पर सामने से आ रही मारुति वैन ने टक्कर मार दी जिसे तीनों घायल हो गए। सूचना पर सराना थाना ईएसआई राजेंद्र पुलिस मौके पर पहुंचे और घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया।

# बदमाशों ने हवाई फायरिंग कर की मारपीट

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र में विगत कुछ वर्षों से पुलिस के नजरअंदाज रवैये ने बदमाशों के समूह पनपा दिए है। इन समूहों में बदमाशों के साथ इतने युवा लिप्त हो चुके है जिनकी संख्या सैकडों से हजारों तक पहुंच चुकी है। बुधवार देर रात्रि हरिपुरा चौराहें पर तीन लग्जरी कारों में सवार होकर आये करीब दो दर्जन से अधिक बदमाशों ने आते ही फिल्मी अंदाज में हवाई फायरिंग करते हुए वहां मौजूद व्यापारियों से मारपीट शुरू कर दी और मौके पर दुकानों और सब्जी के ठेलों में जमकर तोडफोड की।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां कई बदमाशों ने समूह बना रखे है जो आये दिन गुंडागर्दी कर अपनी मनमर्जी करते है और विरोध करने वालों के साथ मारपीट कर उनके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की धमकियां देते है। बुधवार देर रात भी इन बदमाशों ने चौराहे पर मौजूद करीब आधा दर्जन से अधिक सब्जी ठेलों और दुकानों में जमकर तोडफोड की और विरोध करने आये लोगों में आधा दर्जन लोगों को घायल कर दिया। इनमें राजू कुमावत, नारायण कुमावत गंभीर घायल है।



**फायरिंग के घायलों का अस्पताल में उपचार किया।**

इस वारदात में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग और चौराहें पर गस्त बढाने की मांग को लेकर वहां के व्यापार संग ने गुरुवार को पुलिस-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी। फिलहाल पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर सुरेश पुत्र भंवर गुर्जर, राम प्रसाद पुत्र भैरु गुर्जर, दिनेश साहू पुत्र सुखदेव साहू निवासी सालरमाला, रामजस पुत्र भंवर जाट जीवलिया, मुकेश पुत्र सोहन गुर्जर निवासी सीडियास, लाला राम पुत्र रायमल गुर्जर निवासी सालरमाला, भैरू गुर्जर सालरमाला, दिनेश पुत्र सोहन गुर्जर सीडियास, नयनाराम पुत्र रामलाल लोहार निवासी सीडियास व अन्य लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है।

# पोकरण उपखण्ड मुख्यालय पर बीएसएफ का स्थापना दिवस मनाया

**पोकरण, (निसं)।** पोकरण उपखंड मुख्यालय पर स्थित सीमा सुरक्षा बल की 87 वीं बटालियन परिसर में गुरूवार को सीमा सुरक्षा बल का 58 वां स्थापना दिवस समारोह कंमाडेट रणवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर कंमाडेट रणवीर सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर केक काटकर स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जवानों, उनके परिजनों एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कंमाडेट रणवीर सिंह ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल का बेहद गौरवशाली इतिहास रहा है। बीएसएफ आज विश्व का सबसे बडा बॉर्डर सुरक्षा संगठन है। सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ बीएसएफ ने देश की आंतरिक सुरक्षा में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। देश में चल रही आंतकवाद एवं नक्सली गतिविधियों के खिलाफ ऑपरेशन में भी बीएसएफ की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस अवसर पर बावा अध्यक्ष कुसुमलता, डिप्टी कंमाडेट अविनाश कुमार, वीरेंद्र कुमार, डॉ.मुकेश कुमार चावडा, सहायक कंमाडेट निर्मलजीत सिंह, रोशन प्रकाश, एसएम विप्लव भौमिक, पोकरण डिप्टी एसपी अमरजीत, पत्रकार अशोक कुमार मेघवाल, समाज सेवी जगदीश पालीवाल, लीलाधर पालीवाल, मोहम्मद याकूब होपारडी, कर्मचारी नेता अल्लानूर खोखर, शिक्षक नेता मोहम्मद हैदर, डॉ. अहमद, महेंद्र जैन बोथरा, इंस्पेक्टर राजकुमार सहित बीएसएफ के जवान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएसएफ के जवानों एवं उनके परिजनों ने आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया।

# दीवार गिरने से मजदूर की मौत

**सुजानगढ़, (निसं)।** निकटवर्ती गांव आबसर में आपणी योजना के तहत पाइप लाइन खुदाई के दौरान पिल्लर गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। छापर थाने के हैड कांस्टेबल रमेश कुमार ने बताया कि मूलचंद पुत्र भोलाराम मीणा ने रिपोर्ट दी कि मेरा भतीजा बुधराम पुत्र भागीरथ मीणा उम्र 27 वर्ष निवासी रामकुमारपुरा, तहसील खेतडी, जिला झुंझुनूं, क्षेत्र के आबसर गांव में आपणी योजना के तहत पाइप लाइन खुदाई का काम कर रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर को पीछे लिया, जिससे वहां खडा पिल्लर ट्रैक्टर की टक्कर से गिर गया। जिसके नीचे दबने से मेरा भतीजा बुधराम घायल हो गया। जिसे सुजानगढ के राजकीय उप जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, नवरतन बिजारणियां, भागीरथ ने उसे इमरजेंसी में पंहूचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक विवाहित था, जिसके एक दो महीने का बच्चा भी है।

■ **गांव आपणी योजना में हो रहा था कार्य**

# मंडी में दुकानों के ताले तोड़ 11 लाख से अधिक की नकदी पार


**वैर, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर स्थित गौण मंडी यार्ड में रात्रि में चोरों ने चार दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया । लाखों रुपए की नगदी को चोरी कर ले गए लेकिन चौकीदारों को चोरी होने की भनक तक नहीं लगी।

सुबह होने पर चौकीदार ने दुकानों की शटर खुली देखी तो चोरी होने की जानकारी मिली।चौकीदार ने मंडी के दुकानदारों को फोन के जरिए सूचना दी । मंडी यार्ड वैर से चोरों ने चौधरी ट्रेडर्स, हरपाल, मित्तल व गोवर्धन ट्रेडर्स की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया । जहां दुकान का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे और दुकान की तिजोरी तोड़कर 11 लाख 74 हजार रूपए व तीन चांदी के सिक्कों को चोर ले गए ।

■ **चौकीदारों को चोरी होने की भनक तक नहीं लगी**

मंडी के पीड़ित व्यापारियों ने बताया की गौण मंडी यार्ड की चौधरी ट्रेडर्स की दुकान से 9 लाख 80 हजार 817 रुपए व 2 चांदी के सिक्के, हरपाल ट्रेडर्स की दुकान से 128800 रुपए , मित्तल ट्रेडिंग की दुकान से 15700 रुपए व एक चांदी का सिक्का तथा गोवर्धन ट्रेडर्स की दुकान से 48700 रुपए की नगदी की चोरी की गई। सुबह होने पर व्यापारियों ने एकत्रित होकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पीड़ित व्यापारियों ने पुलिस थाना वैर को रिपोर्ट दी है। जिसमें मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग रखी है।

# मंदिर के घंटे पर झूलता मिला लक्ष्मण दास का शिष्य



**घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।**

**बांडनवाड़ा, (निसं)।** नागोला कस्बे के पंपिंग स्टेशन के पीछे योगेश्वर धाम पर महंत लक्ष्मण दास का शिष्य संदिग्ध परिस्थितियों में मंदिर के घंटे पर झूलता मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश अशोक नगर थाना निवासी श्रवण दास जो पिछले 8 सालों से महंत लक्ष्मण दास का शिष्य बन कर योगेश्वर धाम नागोला में निवास कर रहा था। लक्ष्मण दास ने बताया कि गुरुवार सुबह 8 श्रवण दास ने मेरी रोटी बनाई थी उसके बाद में खेड़ी शंकर गया था किसी काम से जब वापस 2 बजे वापस योगेश्वर धाम पर पहुंचा तो मैंने श्रवण दास को मंदिर के घंटे पर लटका देखा।

पास में खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों को आवाज लगाई कुछ ही देर में यह खबर आग की तरह पूरे कस्बे में फैल गई और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण योगेश धाम पर एकत्रित हो गए। भिनाय पुलिस थाने से मौके पर पहुंचे नागोला बीट प्रभारी दिलदार सिंह राठौड़ ने शव को कब्जे में लेकर भिनाय के राजकीय चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# यातायात जाम से आमजन परेशान

**सुजानगढ़, (निसं)।** राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल सहित मुख्य बाजार में यातायात जाम की समस्या आम है। थोडी-थोडी देर से यातायात जाम होने से अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। जाम के कारण कई बार एम्बूलेंस तक अस्पताल के दरवाजे पर पंहूच कर बाहर ही रह जाती है।

गुरूवार सुबह लगे जाम में पुलिस की गाडी भी फंस गई, जिससे उसमें सवार कांस्टेबल ने नीचे उतर कर जाम खुलवा कर यातायात को सुचारू करवाया। अस्पताल के पास जाम लगने की समस्या को लेकर शहर के जागरूक नागरिकों ने अनेक बार सीएलजी की बैठकों एवं ज्ञापन के माध्यम से समाधान की मांग की है। लेकिन समाधान के नाम पर अब तक वही ढाक के तीन पात वाली कहावत ही चरितार्थ हुई है। जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस में यातायात प्रभारी सहित दस जवानों के पद स्वीकृत है, लेकिन इनमें से आधे पद वर्तमान में खाली है।

वहीं प्राय: एक-दो कांस्टेबल अपने आवश्यक कार्य के चलते छुट्टी पर रहते हैं तो किसी की कहीं अन्य स्थान पर ड्यूटी लगा दी जाती है।इससे जो पांच - छ: जवान है, वे भी पूरी तरह से यातायात व्यवस्था संभालने के लिए नहीं मिल पाते हैं।

# जीएम के सामने रेलवे स्टेशन पर झुका रहा 100 फीट ऊंचा तिरंगा

## रेलवे स्टेशन चूरू पर जनसमस्याओं का निराकरण करने की मांग

**चूरू, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जीएम विजय शर्मा ने चूरू रेलवे खंड का निरीक्षण किया। जीएम शर्मा ने सुबह 9 बजे चूरू रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान लोकार्पण और रनिंग रूम परिसर में पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के बाद जीएम विजय शर्मा ने रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम में जनसुनवाई की।

दुखद बात यह रही कि जीएम के सामने रेलवे स्टेशन पर 100 फीट ऊंचा तिरंगा झुका रहा और वे लोगों की शिकायत पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उल्लेखनीय है कि रेल मंत्रालय ने आम जनता में राष्ट्र भावना जागृत करने के लिए रेल परिसर में देश के गौरव और सम्मान के प्रतीक तिरंगे को यहां साल 2020 में लगाया था। रेलवे स्टेशन परिसर में फहराता 100 फीट उंचाई, 30 फीट लम्बाई और 20 फीट चौडाई का यह तिरंगा राष्ट्रभक्तों के बलिदान की याद दिलाता है।

सांसद राहुल कस्वां की मौजूदगी में आज रेलवे स्टेशन चूरू पर जनसमस्याओं के निराकरण हेतु भाजपा मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्त्ताओं ने रेलवे के महाप्रबंधक को ज्ञापन दिया।



**भाजपा मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी के नेतृत्व में रेलवे के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में मांग की गई कि रेलवे प्लेटफार्म पर आरएमएस ऑफिस के पास जो पुल है जो कि रेलवे कॉलोनी को मुख्य सड़क से जोड़ता है, उसे चारों प्लेटफार्म पर उतारा जाए। इससे आने जाने वाले यात्रियों को गाड़ी पकड़ने में काफी सुविधा होगी क्योंकि जो दूसरा पुल है वह बहुत दूर है। यात्रियों को सामान लाने-ले जाने में काफी असुविधा होती है। साथ ही मांग की गई है कि प्लेटफार्म नंबर 2, 3, 4 पर भी शौचालय निर्माण करवाया जाय। चूरू में विभिन्न प्रकार की ट्रेनों के कोच नंबर के संकेत केवल एक नंबर प्लेटफार्म पर ही किए गए हैं बाकी प्लेटफार्म नंबर 2, 3 व 4 पर इस प्रकार के संकेत नहीं है। इस कारण यात्रियों को अपने भारी सामान के साथ गाड़ी पकड़ने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है अत: सभी प्लेटफॉर्म पर संकेत लगाने की व्यवस्था करने की मांग की।

इसके अलावा बीकानेर से चलकर हरिद्वार जाने वाली ट्रेन सप्ताह में 3 दिन चलती है जिसको नियमित करने तथा इसकी रवानगी का समय रात्रि 9.00 बजे किया जाने की मांग की गई। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, डॉ वासुदेव चावला, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, हेम सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गोपाल बालन, अख्तर खान, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, अरुण शर्मा, मण्डल महामंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, राजेश मटोलिया, दिनेश शर्मा, विजय शर्मा, ओम सिंह शेखावत, बाबू ईस्माइल, मोहन गढ़वाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### 46 सदस्यीय दल ने प्रशिक्षण दिया

**रामगढ़ पचवारा,** (निसं)। 18 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में 39 स्काउट गाइड राज्य स्तर पर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 18वी राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी में भाग ले रहे विद्यालय पूर्ण रूप से जम्बूरी के रंग में रंग चुके हैं। राष्ट्रीय जम्बूरी के मंडल स्तरीय तैयारी शिविर में दौसा जिले से 25 स्काउट व 14 गाइड के साथ कुल 46 सदस्यीय दल ने बनीपार्क स्थित मंडल प्रशिक्षण केंद्र पर भाग लिया। दौसा जिले के जम्बूरी प्रभारी श्रीकान्त शर्मा ने बताया कि स्काउट जिला मुख्यायुक्त ओम प्रकाश शर्मा एवं स्काउट जिला दल प्रभारी सीबीईओ गोविंद नारायण माली के निर्देशानुसार दौसा जिले ने 4 दिन जयपुर में सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

### गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन

चाकसू, (निसं)। गुरुवार को कस्बा क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजबाला बारेठ ने बताया कि गोद भराई का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दिनों में बेहतर पोषण की जरूरत के विषय में गर्भवती महिलाओं को अवगत कराना है। केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को लाल चुनरी ओढ़ाकर एवं माथे पर लाल टीका लगा कार्यक्रम की शुरुआत हुई। केंद्रों पर महिलाओं को विभिन्न व्यंजनों में शामिल सतरंगी फल आदि भी भेंट किए गए। साथ ही गर्भावस्था के दौरान पोषक आहार सेवन के विषय में उन्हें जागरूक भी किया गया।

### रथ यात्रा के 5 रथों की लॉन्चिंग आज

**बहरोड़/ अलवर,** (निसं)। अलवर जिले की 5 विधानसभा क्षेत्रों में 3 दिसंबर से होने जा रही भारतीय जनता पार्टी अलवर उत्तर की रथ यात्रा के 5 रथों की लॉन्चिंग 2 दिसंबर शुक्रवार को सुबह अलवर उत्तर जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव के नेतृत्व में बहरोड़ के जिलानी माता मंदिर से हरी झंडी दिखाकर की जाएगी जिसमें भाजपा की गहलोत सरकार के खिलाफ जनाक्रोश रथ यात्रा के लिए भारतीय जनता पार्टी की व्यवस्था के अनुसार बहरोड़, मुंडावर, बानसूर, तिजारा व किशनगढ़बास विधानसभा क्षेत्रों की गठित रथ यात्रा समितियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सौंपकर जिलानी माता मंदिर से बहरोड़ एन एच 48 के मुख्य चौराहे तक पैदल चलकर जिला स्तर की जन आक्रोश रथ यात्रा की शुरुआत की जाएगी। जिला अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, पार्षदों तथा कार्यकर्ताओं के साथ जन आक्रोश यात्रा में जिला संयोजक महासिंह चौधरी तथा सह संयोजक उमेद सिंह भाया सहित कार्यक्रम में जिले की पांच विधानसभाओं की जन आक्रोश रथ यात्रा समितियां उपस्थित रहेंगी।

### युवक की मौत


राजगढ़/अलवर, (निसं)। राजगढ़ थाना क्षेत्र के सुइला बास पाड़ा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चालक की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद मृतक के शव को राजगढ़ सीएच सी के मोर्चरी में रखवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजगढ़ थाना क्षेत्र के फिरोजपुर ग्राम निवासी रतिराम मीणा ने दर्ज कराया कि उसका भाई टुडल राम पुत्र रामपाल ड्राइवरी पेशे से संबंधित है। जो 30 नवंबर की रात्रि को मंडावर प्लांट से बाइक से अपने गांव आ रहा था।

# न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश जारी, प्रदर्शन किया

■ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा की निर्मम हत्या का मामला

**टोंक,** (नि.स.)। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ जिला टोंक के न्यायिक कर्मचारियों ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा की निर्मम हत्या के मामले में कोई कार्यवाही नही होने पर दूसरे दिन गुरुवार को भी संघ के अध्यक्ष रतिराम चौधरी के नेतृत्व में सामूहिक अवकाश पर रहकर प्रदर्शन किया।

संघ के अध्यक्ष रतिराम चौधरी ने बताया कि राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा की 10 नवम्बर को हुई निर्मम हत्या के मामले में आज दिन तक कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण टोंक न्याय क्षेत्र के समस्त कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। जिसको लेकर दूसरे दिन गुरुवार को भी टोंक न्याय क्षेत्र के न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे और न्यायालय परिसर से रैली निकाल कलेक्ट्रेट रोड कर घंटाघर तक



चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुभाष मेहरा की निर्मम हत्या के मामले में न्यायिक कर्मचारियों ने रैली निकाली।

प्रदर्शन किया और वापस न्यायालय परिसर में पहुंचे। इस दौरान सभी न्यायिक कर्मचारी मौजूद रहे। संघ के अध्यक्ष रतिराम चौधरी ने बताया कि जब तब 8 सूत्रीय मांगें पूरी नहीं हो जाती, तब तक हम सब कर्मचारी सुभाष मेहरा को न्याय दिलाने के लिए अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और जरुरत पडने पर आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अदालतों में आने वाले पक्षकार आदि परेशान हो रहे हैं तो उसके लिए केवल राजस्थान उच्च न्यायालय का प्रशासन ही जिम्मेदार है। धरना स्थल पर सचिव शांति कुमार, कोषाध्यक्ष उमेश चौधरी, प्रांतीय प्रतिनिधि गोपाललाल यादव, सुरेश गुप्ता, यासीन अली, राधेश्याम माहुर, प्रहलाद कुमावत, कोर्ट मैनेजर पुनीत कुमार गुप्ता, सत्येन्द्रसिंह चन्द्रावत, ओमप्रकाश, नवीन कुमार जैन, शंशाक तिवारी, मनीष कुमार जैन, निशांत गुप्ता, राशिद सईदी जेदी, गौरव गुप्ता, पारसमल जैन, मोहित जैन, प्रकाश गुर्जर, जमनालाल सैनी, मो. अनीस, इफ्तेखार अहमद, सै. मोहम्मद आसिम, अमर सिंह, कमल किशोर शर्मा, गणेश जांगिड, प्रवीण तिवाडी, साकिब अंजुम, सीताराम गुर्जर मौजूद रहे।

# पुलिस ने असली मालिक को आभूषण सुपूर्द किए

■ महिला के 23 ग्राम सोने आभूषण गिरने का मामला

**टोंक,** (नि.स.)। शहर कोतवाली पुलिस ने शहर के जवाहर बाजार में एक महिला के 23 ग्राम सोने आभूषण गिरने के बाद गायब होने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए असली मालिक को आभूषण तलाश सुपूर्द कर दिया। जिनकी बाजार में कीमत डेढ लाख रुपए है।

पुलिस के अनुसार शहर कोतवाली पुलिस थाने में अंकुश वैष्णव पुत्र जगदीश वैष्णव निवासी दीपपुरा सीकर रोड हरमाडा जयपुर 28 नवम्बर को उपस्थित होकर परिवाद दिया कि 28 नवम्बर को वह व उसकी पत्नी ब्यूटी पार्लर जवाहर बाजार गए थे, जहां गाड़ी से उतरते समय उसकी पत्नी के साने आभूषण सोने का हार व रखडी वहीं गिर गए, जिनको तलाश किया, पर मिले नहीं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मनीष



शहर के जवाहर बाजार में एक महिला गिरे हुए आभूषण असली मालिक को लौटाये।

त्रिपाठी के निर्देशानुसार एएसपी भवानी सिंह राठौड, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद के सुपरविजन में थानाधिकारी जितेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल एएसआई ओमप्रकाश, हैडकांस्टेबल चन्दप्रकाश ने घटना स्थल का निरीक्षण कर परिवादी से जानकारी प्राप्त कर आभूषणों की तलाश के लिए आसपास की दुकानों व अभय कमांड सेंटर से सीसीटीवी फूटेज देखे जाकर बडी मेहतन व लगन से गुम हुए आभूषणें का पता लगाया तो नारायण लाल पुत्र मूलचंद सोनी उम्र 60 साल निवासी पतासी वालों की गली काफला बाजार टोंक को मिलना ज्ञात हुआ, जिसको तलब कर आभूषण प्राप्त कर असली मालिक को सुपूर्द कर दिए। गायब हुआ आभूषणो में सोने का हार व माथे की रखडी 23 ग्राम थे, जिनकी कीमत डेढ लाख रुपए है।

## रैली निकाल किया जागरूक

**अलवर,** (निसं)। बाबू शोभाराम राजकीय महाविद्यालय अलवर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया इसमें विश्व एड्स दिवस के मौके पर जागरूकता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। ागरूकता रैली को सेवानिवृत भारतीय प्रशासनिक अधिकारी मीनाक्षी हूजा तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.लवलीना व्यास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से जेल चौराहा तक निकाली गयी। रैली में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना गौतम, डॉ. सुरेंद्र चौधरी, प्रो.सुंदर बसवाल सहित छात्र संघ उपाध्यक्ष ऋषभ सक्ससेना सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने एड्स से बचाव ही उपाय के नारे लगाए और जेल चौराहे पर खडे बडी संख्या में खडे मजदूर लोगों को इस संबंध में स्टीकर बांटकर जागरूक किया। रैली की समाप्ति के बाद छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर मे श्रमदान किया।

## टंकी का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग

**नरैना,** (निसं)। केन्द्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन द्वारा हर घर पानी पहुंचाने की मंशा के तहत नई पानी की टंकियों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है जिसमे से एक टंकी कस्बे के रैगर मोहल्ले के लिए भी स्वीकृत हुई है।

उक्त पानी टंकी को कस्बे के सबसे बडे श्मशान घाट सींगली के पास बना दी जाये तो श्मशान घाट में पानी की सुविधा के साथ ही रेगर मोहल्ला, पन्या की ढाणी, बावड़ी वालों का मोहल्ला में पानी की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। आमजन को राहत प्रदान करने हेतु पानी की टंकी का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने के बाबत बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा युवा मोर्चा अध्यक्ष बलवीर गुर्जर की अध्यक्षता में नगर पालिका चेयरमैन पीर मोहम्मद गुज व कनिष्ठ अभियंता जलदाय विभाग को ज्ञापन प्रेषित किया जिस पर कनिष्ठ अभियंता ने अगले महीने से पानी की टंकी का निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री पुरषोत्तम अमन,जीतू साहू, युवा मोर्चा मंत्री महेंद्र तेजी, युवा मोर्चा आईटी सेल प्रभारी मनोज सैनी, कुलदीप अमन, नफीस नेब, अतुल, राकेश उमरिया, राजू सुकरिया आदि मौजूद रहे।

## तैयारियों का जायजा लिया

**अलवर,** (निसं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में प्रवेश करने से पहले तैयारियों को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा अलवर आए। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण विधानसभा के मालाखेडा में बडी जनसभा का आयोजन किया जाएगा। यह राजस्थान के लिए गौरव की बात है। उन्होंने मालाखेडा व रामगढ में चिन्हित किए गए स्थानों का दौरा भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह, यात्रा संयोजक गोविन्द सिंह मेघवाल, केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, मेवात विकास बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, उर्मिला योगी, पीसीसी सदस्य संजय यादव, गिरीश डाटा, डॉ. अंजलि यादव, अजीत यादव, जसवंत गुर्जर, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी, पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम, प्रधान दौलतराम जाटव, वीरमती देवी, राजेन्द्र व्यास सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## रैली को मिलने लगा समर्थन

**अलवर,** (निसं)। चोमा गांव विधानसभा क्षेत्र रामगढ में जन आक्रोश रैली का प्रचार प्रसार किया। गांव के युवाओं ने निर्मल सूरा को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला प्रभारी भरतपुर बनाए जाने पर उनका फूल मालाओं से स्वागत एवं साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मल सुरा अध्यक्षता सतपाल ठईया तिलवाड ने की। निर्मल सूरा ने उद्बोधन में कहा कि जनता में भारी आक्रोश को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जन आक्रोश रैली का आयोजन किया। जन आक्रोश रैली का पूरे राजस्थान में भरपूर समर्थन करना है। रामगढ विधानसभा क्षेत्र में पूरा समर्थन जनता के द्वारा किया जाएगा।

चोमा में जन आक्रोश रैली का आगाज होने पर बढ-चढकर युवा और महिलाएं भाग लेंगे। सभी युवाओं को आव्हान करना चाहूंगा कि शिकायत पेटी में इस कांग्रेस सरकार की सभी शिकायतों को लिख कर के अपने पत्र में शिकायत पेटी में डालें। इस कार्यक्रम के आयोजन में बबली मजोका, फूल मजोका पूर्व डायरेक्टर, राजवीर, भगवानदास गढाई, कालूराम पंवार, लक्ष्मण पंवार, वजीर चंद गलगट, राजेंद्र बिजली वाला, अनुज, सत्ता राम, विशन दास आदि उपस्थित रहे।

## 11 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी

■ बीएलओ पद का कार्य ग्रहण नहीं करने व कार्य में लापरवाही बरती

**अलवर,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्रा अलवर शहर में निर्वाचन कार्य के सफल संचालन हेतु लगाए गए बूथ लेवल अधिकारियों को कार्यग्रहण नहीं करने व एसएसआर कार्य में शून्य प्रगति होने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने हेतु पाबंद किया गया है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (सहायक कलक्टर अलवर) नवज्योति कंवरिया ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रा अलवर शहर में निर्वाचन कार्य के सफल संचालन हेतु लगाए गए बूथ लेवल अधिकारियों में से रा.बा.उ.मा.वि मन्नी का बड की कनिष्ठ सहायक अकांक्षा शर्मा, महात्मा गांधी रा.वि नयाबास की वरिष्ठ अध्यापक कुसुम यादव, महात्मा गांधी रा.वि नयाबास के प्रयोगशाला सहायक महेन्द्र कुमार, रा.उ.मा.वि देसूला के शारीरिक शिक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन व इसी विद्यालय की अध्यापक दीपांशी, रा.उ.प्रा.वि मालाखेडा गेट अलवर की अध्यापक मंजू मीणा, रा.उ.प्रा.वि जटियाना की अध्यापक रेणुबाई खण्डेलवाल एवं रा.उ.प्रा.वि मंगलवास के वरिष्ठ अध्यापक मनीष जैन को बीएलओ पद का कार्य ग्रहण नहीं करने पर कारण बताओं नोटिस जारी कर दो दिवस में कार्यग्रहण कर जवाब प्रस्तुत करने तथा रा.उ.मा.वि लोहारवाडी अलवर के वरिष्ठ अध्यापक महेश गेरा, रा.प्रा.वि नांगलझीरा के अध्यापक मुरारी लाल शर्मा एवं आंगनबाडी केंद्र दाउदपुर की आंगनबाडी कार्यकता शर्मिला जैन को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यऋम 2०23 में अब तक शून्य प्रगति के कारण, निर्वाचन कार्य में लापरवाही एवं असहयोग के कारण कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्य में प्रगति एवं जवाब हेतु पाबंद किया गया है। कार्यग्रहण का जवाब प्रेषित नहीं करने की स्थिति में एवं एसएसआर 2023 में कार्य प्रगति के संबंध में राजस्थान सेवा नियमों के अधीन विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जावेगी।

## मनीषा यादव होगी पालिका ईओ

**पावटा प्रागपुरा,** (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका का चार्ज मनीषा यादव को दिया गया है।

नगर पालिका में लंबे समय से स्थाई ईओ नहीं होने से पालिका की व्यवस्थाएं डगमगा रही है। वहीं नगर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले और नागरिकों की सुविधा के लिए नई योजनाएं भी नहीं बन पा रही है।

## सार-समाचार

### फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**नरैना,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान में अधिकाधिक सफलता हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा व वृताधिकारी दूदू जुल्फीकार अली के निर्देशन में नरैना थानाधिकारी रामस्वरूप बैरवा के नेतृत्व में टीम गठीत की गई। टीम द्वारा अभियान को मद्देनजर रखते हुए फरार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु टीम टीम द्वारा आसूचना संकलित कर कडी मेहनत करते हुए दो प्रकरणों में लंबे हमय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी कानाराम पुत्र हनुमान मीणा निवासी बनगढ थाना नावां की तलाश कर 30 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने गठित टीम द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### चिकित्सा शिविर में मरीज लाभान्वित

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गोरधनपुरा चौकी बस स्टैण्ड के पंचायत भवन में गुरूवार को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. अशोक यादव की और सेविशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा नेता सुरेश पायोनियर ने बताया कि शिविर में डॉ. अशोक यादव, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ.मोहन चौपड़ा, डॉ. जितेन्द्र योगी, डॉ. अपूर्वा वशिष्ठ, डॉ. योगिता जांगिड़, डॉ. गरिमा चौधरी आदि चिकित्सकों की टीम ने जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग, स्त्री रोग, श्वांस, एलर्जी, जोड़ों का दर्द समेत अन्य बीमारियों के सैकड़ों मरीजों की जाँच करते हुए उनका उपचार किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने शिविर संयोजक डॉ. अशोक यादव को उनके जन्मदिवस की बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि जन सेवा ही जीवन का प्रमुख ध्येय है। आगे भी इस प्रकार के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. यादव द्वारा यह 20 वाँ चिकित्सा शिविर आयोजित करवाया गया है। सुरेश पायोनियर ने धन्यवाद् ज्ञापित किया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर यादव, पंसस विक्रम फाईनेंसर, योगेश जागीरदार, विजय, आशीष यादव, राजेन्द्र धानक, मोहन आर्य, राव मनोज, दीपचंद स्वामी, एड. रविन्द्र यादव, अशोक आर्य, मुकेश आर्य, राजकुमार सैनी, राजेन्द्र यादव, श्याम सुन्दर यादव, बाबूलाल यादव, आकाश यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### भण्डारे का आयोजन किया

**अलवर,** (निसं)। गुरूवार को लादिया मौहल्ला स्थित छटंकी वाले हनुमान मंदिर पर बाबा नीव करोरी का प्रकाषोत्सव एवं जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर अटूट भंडारे का आयोजन भी किया गया। यहां पर उल्लेखनीय है कि भक्तों में एक बिल्लू भाई जिन्होंने बाबा नीव करोरी बाबा की प्रेरणा से इस मंदिर में नीव करोरी बाबा की मूर्ति की स्थापना की है। बाबा का प्रकाषोत्सव एवं जन्म दिन होने के कारण यहां बाबा का जन्म दिन धूमधाम से मनाते हुए अटूट भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें सैकडों की संख्या में बाबा के भक्तों ने पहाडी पर पहुच कर प्रसादी ग्रहण की।

## रेलिंग चोरी

**टोंक,** (निसं)। शहर के पुरानी टोंक क्षेत्र में आंडरा माताजी सती छतरी फूलबाग नर्सरी से रेलिंग चोरी के मामले में कार्यवाही नहीं होने पर जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल से ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। मामले में कार्यवाही की जाए।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**शुद्धि - पत्र**

इस कार्यालय द्वारा ज्ञापित खुली **निविदा सूचना संख्या: डब्लू/118/1/निविदा/वमई(सम.) जयपुर/इन्जी. दिनांक 15.11.2022 में निविदा सं. इंजी./जय/2022-23/135** जो दिनांक 07.12.2022 को खोली जानी थी। **यह निविदा अपरिहार्य कारण से निरस्त की जाती है।**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) जयपुर**

1014-AC/22

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर ( सीकर ) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4483-84 दिनांक-30.11.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

श्री लक्ष्मीनारायण, जयप्रकाश, ललित कुमार सैनी पुत्रगण श्री सॉवलराम सैनी जाति माली निवासी वार्ड नम्बर 19 भैरूजी मंदिर के सामने खण्डेला रोड, श्रीमाधोपुर तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र ( मीटर में ) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं.19 भैरूजी होटल के सामने, श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में रामगोपाल पुरी का नोहरा, पश्चिम दिशा में आम रास्ता, उत्तर दिशा में रामगोपाल पुरी की दुकान व दक्षिणा दिशा में लक्ष्मी नारायण सैनी की दुकान अवस्थित है। | दुकान व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 15 फुट 6 इंच व उत्तर से दक्षिण 14 फुट 11 इंच कुल क्षेत्रफल 23.89 वर्गगज या 19.97 वर्गमीटर है |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 30.11.2022 को जारी की गयी। अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

**fincare** Small Finance Bank

**Registered Office:** 301-306, 3rd Floor, ABHIJEET -V, Opp. Mayor's Bungalow, Law Garden Road, Mithakhali, Ahmedabad - 380006, Gujarat. **www.fincarebank.com**

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from Fincare Small Finance Bank Ltd ( "Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **06 December 2022** at below mentioned branches.

**BANSWARA**-22660000085210 | **CHITTORGARH**-22660000120085 | **JAIPUR**-22660000055707,22660000058662,22660000143322,22660000151176,22660000694403,22660000717502 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR**-22660000097477,22660000114607 | **JODHPUR**-22660000075509, 22660000080169,22660000145228 | **KOTA - GHODE WALE BABA CROSS ROAD**-22660000059330, 22660000067614, 22660000070738, 22660000086158, 22660000096419, 22660000106772, 22660000109177, 22660000117232, 22660000120195, 22660000133141, 22660000136585, 22660000229501 | **UDAIPUR - MADHUBAN BANK STREET**-22660000055217, 22660000074891, 22660000077055, 22660000102640, 22660000114437.

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.


# कॉलेज के लिए निकली लापता छात्रा का पता लगाने की मांग

**टोंक,** (नि.सं.)। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला टोंक के पदाधिकारियों ने जिले के टोडारायसिंह से कॉलेज के लिए निकली छात्रा के लापता होने के 8 दिन बाद भी कोई पता नही लगने पर जिला पुलिस अधीक्षक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर शीघ्र गुमशुदा हुई छात्रा निधि जैन का पता लगाकर सुपूर्द करने की मांग की है।

महासम्मेलन के सरंक्षक श्याम लाल जैन सीएम, प्रदेश मंत्री अशोक गांधी, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, भाजपा प्रदेश नेता बीना छामुनिया, जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश काला, महामंत्री महेन्द्र दुसाद खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष मनोज जैन एडवोकेट, अंजली शेखावाटिया, धर्मचंद दाखिया वाले, एस.एन.सिंहल, भगवान दास सेठी, विनायक जैन, अजीत गुप्ता, विनायक जैन आदि ने ज्ञापन में बताया कि 23.11.2०22 को निधि जैन पुत्री मुकेश कुमार जैन निवासी टोडारायसिंह प्रात: 9 बजे कॉलेज टोडारायसिंह जाने के लिए घर से



अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया।

निकली थी परन्तु वह घर वापस नही लोटी जिस पर हर जगह तलाश करने के बाद दिनांक 24.11.2022 को रिर्पोट थाना टोडारायसिंह मे दर्ज करवायी थी, घटना के 8 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक निधि जैन का कुछ पता नहीं चला है। पुलिस प्रशासन द्वारा आज तक कोई ठोस कार्यवाही नही की गयी है। मात्र कार्यवाही का आश्वासन दे रहे हैं। जिससे गुमशुदा निधि जैन का जीवन संकटमय होता जा रहा है, वर्तमान समय में महिलाओ व बालिकों के प्रति हो रहे अपराध नजर रखते हुए इससे निधि जैन के साथ भी कुछ भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है, जिसकी आंशका बनी हुई है। निधि जैन के अब तक नहीं मिलने तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा बारामदगी के लिए कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी है। वैश्य समाज जिला टोंक ने गहरा आक्रोश प्रकट करते हुए मांग की है कि पुलिस प्रशासन व उच्च अधिकारियों को शीघ्र निर्देश दिए जाए कि 48 घण्टे के भीतर-भीतर गुमशुदा निधि जैन को तलाश करवाया जाकर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया जावे, अन्यथा मजबूर होकर वैश्य समाज जिला टोंक को आन्दोलन करने के लिए मजबूर होना पडेगा।


**Punjab & Sind Bank** (A Govt. of India Undertaking)

30-31, मोहन टॉवर, प्रिन्स रोड़, विद्युत नगर, अजमेर रोड़, जयपुर- 302021, फोनः 0141-2358628 ई-मेलः zo.jaipur@psb.co.in

**परशिष्ट-IVक {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}**
**अचल सम्पतियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूत हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का **कब्जा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक **17/12/2022** को बेचा जाएगा। ऋणी, गारन्टर प्रत्याभूति-दाता, आरक्षित ज्ञात ऋण भार सहित आरक्षित मूल्य अचल व अग्रिम धनराशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

| क्र. सं. | शाखा का नाम एवं ऋणी एवं जमानतदार का नाम | ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्तियों का विवरण | वर्तमान बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | नोडल, अधिकारी नाम एवं नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर-302019** (1) श्रीमती ओमप्रभा पत्नी श्री प्रदीप कुमार (2) श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री भगवान दास, | प्लेट नं. टी-1, तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 51, विनायक मैरिज गार्डन के पीछे, सुमेर नगर - प्रथम, मुहाना मंडी रोड, जयपुर में स्थित है जो श्रीमती ओमप्रभा पत्नी श्री प्रदीप कुमार के नाम से है। | रूपये **18,59,547.79** दिनांक 30.11.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 20,32,000/-** / **रू. 2,03,200/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **16/12/2022** सांय 04.00 बजे तक / **रू. 10,000/-** प्रति बोली | **17/12/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 2. | **शाखा निर्माण नगर, जयपुर-302019** 1. श्रीमती ममता नेनवानी पत्नी श्री कन्हैया नेनवानी (ऋणी), 2. श्री अनंत कुमार माथुर पुत्र श्री कल्याण राय माथुर और श्री योगेश गिडवानी पुत्र श्री किशोर गिडवानी (गारंटर) | फ्लेट नंबर 107, राधा गोविंद एन्क्लेव, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर 155, ब्लॉक-ए, दादूदयाल नगर, कल्याणपुरा, मुहाना मंडी रोड, तहसील - सांगानेर, जयपुर (राज.) में स्थित है जो की श्रीमति ममता नेनवाली पत्नी श्री कन्हैया नेनवाली के नाम से है। क्षेत्रफल- 950 वर्गफीट, चतुर्थ सीमाएं:- पूर्व :- प्लॉट नं. 132, पश्चिमः- सीढ़िया एवं कोरिडोर, उत्तर :- प्लॉट नं. 154, दक्षिणः- प्लॉट नं. 156 | रूपये **32,29,575.81** दिनांक 31.10.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 19,24,200/-** / **रू. 1,92,420/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **16/12/2022** सांय 04.00 बजे तक / **रू. 10,000/-** प्रति बोली | **17/12/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक | श्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ मो. नं. 7060468879 |
| 3. | **12- पार्क स्ट्रीट, स्टेशन रोड़, जयपुर-302006** 1. श्रीमती नितिका चौधरी पुत्री श्री गुलाब सिंह 2. श्री गुलाब पुत्र श्री उमा राम जाट | श्रीमती नितिका चौधरी पुत्री श्री गुलाब सिंह के नाम से फ्लैट नं. 106, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 545, (पूर्वी हिस्सा), पत्रकार कॉलोनी, ग्राम धोलाई, तहसील सांगानेर, जयपुर, जिला जयपुर (राज.) में स्थित, जिसका क्षेत्रफल 1400 वर्गफीट है। | रूपये **34,97,074.96** दिनांक 30.11.2022 तक (भविष्य के ब्याज, लागत तथा खर्चे अतिरिक्त) | **रू. 26,53,560/-** / **रू. 2,65,356/-** अग्रिम धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम तिथि **16/12/2022** सांय 04.00 बजे तक / **रू. 10,000/-** प्रति बोली | **17/12/2022** को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक | श्री पृथ्वीराज मीणा मो. नं. 8094333353 |

नोडल अधिकारी के अनुसार कार्यालय समय में निरीक्षण किया जायेगा।

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए **पंजाब एण्ड सिंध बैंक की वेबसाईट** अर्थात् https://ibapi.in, http://www.mstcecommerce.com पर देखें।

दिनांकः 02.12.2022 स्थानः जयपुर

**प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक**

## संक्षिप्त

### विश्व एड्स दिवस मनाया

**थानागाजी,** (निसं)। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय थानागाजी में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य रामस्वरूप मीणा के द्वारा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को एड्स के प्रभाव एवं बचाव के उपाय पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में डॉ बीके शर्मा रामप्रताप मीणा घनश्याम दत्त शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अन्य संकाय सदस्य डॉ. के आर मीणा, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. संजीव त्यागी, सुनीता कुमारी गुर्जर एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पांडू राम बंजारा एवं डॉ. सुभाष चंद्र खटीक मौजूद रहे।

### ओमप्रकाश को अर्जुन अवार्ड मिला

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के महात्मा गांधी पीजी कॉलेज के पूर्व छात्र ओमप्रकाश को भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अर्जुन अवार्ड प्राप्त किया है। खेलों की दुनिया में बड़ा मुकाम तय करने वाले खिलाड़ियों और कोच को बुधवार को राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया गया जिसमें सीकर के ओमप्रकाश निठारवाल को शूटिंग के लिए अर्जुन अवार्ड मिला है। महाविद्यालय कॉलेज की राकेश शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र कुमार सैनी एवं समस्त स्टाफ ने खुशी व्यक्त की। साथ ही निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने ओम प्रकाश को फोन पर बधाई दी व इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही राष्ट्रपति का धन्यवाद व्यक्त किया।

### कबीर खान का प्रदर्शन

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। बारां में आयोजित 66 वीं राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सीकर जिले की टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है।14 वर्षीय आयु वर्ग की आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खाटूश्यामजी की रेनबो स्कूल के छात्र कबीर खान पुत्र सलामत अली भी जिले का प्रतिनिधित्व कर रहा है। सीकर जिले की टीम के कोच मनोहर ने बताया कि सीकर ने पहले मैच में बूंदी को तथा दूसरे मैच में जालोर को पराजित किया है। रेनबो स्कूल के निदेशक सरजू सिंह पालावत ने बताया कि दोनों मैच में कबीर खान ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

### जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**बोराज,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा जनसुनवाई अधिकार अधिनियम 2012 के तहत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम विकास अधिकारी हनुमान लाल शर्मा ने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में समस्या समाधान हेतु 5 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनको संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु भिजवाया गया है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रम हर माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय व द्वितीय गुरुवार को ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाता है। इस अवसर पर वार्डपंच बंसी चुला, भगवान सहाय पंचायत सहायक रामस्वरूप प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों से संपर्क किया

**निवाई,** (निसं)। दादूदयाल आश्रम से 3 दिसंबर को शुरू होने वाली जन आक्रोश यात्रा की तैयारी को लेकर निवाई पिपलू विधानसभा के नटवाड़ा मण्डल में गुरूवार को गांव सिन्दरा, खिडग़ी, झिलाय, सिरोही में जन सम्पर्क किया। आक्रोश यात्रा को लेकर ग्रामीणों से चर्चा कर व्यवस्थाओ का जायजा लेकर कार्यकर्ताओं से संपर्क करके जिम्मेदारिया सौंपी गई। इस दौरान निवाई विधानसभा संयोजक रामनिवास गुर्जर, सह संयोजक रमाकान्त जी शर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी रतनदीप जी गुर्जर, मंडल अध्यक्ष नटवाडा दयाराम चौधरी, युवा भाजपा नेता हरिशंकर मण्डालिया, युवा नेता मुकेश गुर्जर, पवन चौधरी, भंवरलाल यादव, देवालाल जाट, डी आर नरेश नायक, राजूसिंगला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**निवाई,** ( निसं)। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को प्राचार्य डॉ. उषा बागडी के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ एवं महिला नीति के संयुक्त तत्वाधान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# चिकित्सा मंत्री ने रामानुज संस्कृत विद्याश्रम में श्री गुरु मूर्ति प्रतिमा का किया अनावरण

**लालसोट,** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने मंडावरी नगरपालिका क्षेत्र स्थित श्री रामानुज भागवत आचार्य वैदिक संस्कृत विद्याश्रम में भागवताचार्य बैकुंठ वासी श्री गुरु मूर्ति भाव प्रतिष्ठा महोत्सव व श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समापन समारोह में शिरकत कीइस दौरान चिकित्सा मंत्री द्वारा विद्याश्रम लगाई गई श्री गुरु मूर्ति भागवताचार्य बैकुंठ वासी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि इस सांसारिक मोहमाया को पार करने के लिए एक गुरु की आवश्यकता होती है। वहीं गुरु अपने शिष्य को विभिन्न समस्याओं बाधाओं से दूर रखते हुए वैभव विकास एवं संस्कृति की रक्षार्थ गुरु ज्ञान देकर विश्व कल्याण की कामना के लिए प्रेरित करता है। एक दिसंबर तक चली इस श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास श्री युवराज स्वामी प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने प्रतिदिन अपने श्री मुख से उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ दौरान भागवत कथा का श्रवण कराया गया। इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सजीव झांकियों के माध्यम से वर्णन कर धार्मिक महत्व को बरकरार रखने का आव्हान किया गया। इसी तरह श्री कृष्ण बाल लीला एवं श्री गोवर्धन पूजन का कथा के माध्यम से वृतांत सुनाया जाएगा इसी तरह से रुकमणी प्रसंग सुदामा चरित्र एवं हवन पूर्णाहुति के साथ प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन के दिन श्री गुरु मूर्ति भाव प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं श्री गुरु मूर्ति भाव प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान दौरान जगद्गुरु रामानुजाचार्य अयोध्या एवं हरिद्वार उदय पीठाधीश्वर मुमुक्षु स्वामी श्री स्वामी श्यामा नारायणआचार्य व डीडवाना नागौर या पीठाधीश्वर श्री स्वामी विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज, श्री बद्री नारायण मंदिर डभोई एवं पंचमुखी हनुमान दिव्य धाम उदय पीठाधीश्वर श्री स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज, मदन मोहन महाराज जैसे संतों का समागम होने के साथ इन विभूतियों का सानिध्य भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सरपंच घनश्याम बजाज, पूर्व पीसीसी सचिव कमल मीणा, अशोक वैद्य, मनोज बजाज, महेश सोनी, सतीश चौधरी, विमल बोहरा, विक्की सोनी फर्नीचर वाला, मुकेश गवेन्द्रा, ओम प्रकाश सोनी जगदीश सिद्ध, पूरण चौधरी, मुरारी गोयल, श्यामसुंदर सोनी, गिरधारी मंगल, हुकम हिंडोनिया, गोवर्धन सोनी, बिट्टू गोयल, आदि कई धर्मावलंबी मौजूद रहे।



मंडावरी में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने भागवताचार्य बैकुंठवासी श्री गुरु मूर्ति का अनावरण किया।

■ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

### 9 गाइड बालिकाओं का हुआ चयन

**बोराज,** (निसं)। कस्बे के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के 9 गाइड बालिकाओं का आगामी जनवरी माह में राजस्थान के पाली जिले के रोहट में आयोजित होने जा रही 18वीं राष्ट्रीय जंबूरी के लिए चयन हुआ है। गाइड दल लीडर चंद्रकांता मैडम ने बताया कि भारत सरकार गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वाधान में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में विद्यालय की गाइड छात्रायें लिशिका कंवर, मुमल कंवर, निशा सांखला, भारती वर्मा, सपना दुलारिया, निशु, अन्नू कुमावत सोफ़िया व अंजलि राव का चयन हुआ है। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता राजावत एवं वाइस प्रिंसिपल हरिशंकर जोनवाल ने विद्यालय की 9 छात्रों का राष्ट्रीय जंबूरी के लिए चयन होने पर हर्ष जताते हुए गाइड प्रभारी चंद्रकांता एवं गाइड बालिकाओं को उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# धुंध में सड़कों के गड्ढों से हादसे का अंदेशा

**पावटा,** (निसं)। सर्दी के सीजन में धुंध पड़ने से पहले सबसे जरूरी शहर की सड़कों पर पडे गड्ढों को भरना है। क्योंकि इन गड्ढों के कारण सड़क हादसे होते रहते हैं। ऐसे में सबसे जरूरी शहर की सडकों पर पडे गड्ढों को भरना है। इसको लेकर वाहन चालकों, ग्रामीणों ने कहा कि धुंध के दिनों में सडकों के गड्ढे और भी खतरनाक बन जाते हैं।

धुंध के चलते सड़क से गुजर रहे वाहन कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में सड़कों पर पडे गड्ढों को भरना बहुत जरूरी है। नगरपालिका के नियमों के चलते सर्दी के कारण नई सडक का निर्माण कराना अगर असंभव है, तो कम से कम पैच वर्क का काम प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैच वर्क से गड्ढों के कारण होने वाली दुर्घटना से बचा जा सकेगा। धुंध पड़ने से पहले पालिका को शहर में सड़कों पर पड़े गड्ढों का सर्वे करवाना चाहिए। इसके चलते आपात प्रस्ताव पारित करके इनको भरवा कर लोगों को राहत देनी चाहिए। सर्विस रोड, कॉलोनी, बाजार हो या फिर कोई चौक, अधिकतर इलाके गड्ढों की समस्या से ग्रस्त है। वहीं रात के समय धुंध के बीच गुजरते हुए ये गड्ढे कभी भी जानलेवा हो सकते है।



सड़क पर गहरे गड्ढे, जिनसे हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

### फायरिंग कर लूटने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**खैरथल,** (निसं)। हरसोली में शराब के ठेके पर बाइक सवार तीन बदमाशों द्वारा फायरिंग कर दो लाख रुपए लूटने के मामले में एक सदस्य को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि गत 17 मई को विरेन्द्र पुत्र हंसराज प्रजापति ने मामला दर्ज कराया था कि 16 मई को करीब तीन बजे अपाची मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाशों ने आते ही उसपर फायरिंग की और दुकान पर रखे दो लाख रुपए लूट कर भाग गए, इनमें से दो की उसने पहचान नामजद बताया जबकि एक का मुंह पर कपड़ा बंधा होने से नहीं पहचान पाया। पहले भी इस ठेके पर आग लगा दी थी। मामले का खुलासा करने के लिए थानाधिकारी भगवान सहाय शर्मा, धनपाल सिंह, विजय सिंह व ब्रह्म सिंह की विशेष टीम द्वारा संचार माध्यमों व मुखबिर की मदद से एक आरोपी प्रवीण उर्फ़ मोनू पुत्र सूरजभान निवासी रणसीमाजरी थाना बावल को गिरफ्तार कर कर अपराध में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई है।

# चोरी करने वाले व चोरी का माल खरीदने वाले फरार दो मुल्जिम गिरफ्तार

**नरैना,** (निसं)। पुलिस ने चोरी करने वाले व चोरी का माल खरीदने वाले फरार दो मुल्जिमों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण के द्वारा संपति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु निर्देश दिए हुए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू व वृताधिकारी दूदू के सुपरविजन मे थानाधिकारी नरैना रामस्वरूप बैरवा कै नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया तथा थाने मे दर्ज प्रकरण जिसमे पूर्व मे दो अपराधी राकेश रावत व सचिन रावत तथा एक किशोर को निरूद्ध किया जा चुका है। प्रकरण में शेष फरार चलरहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम द्वारा आसूचना संकलित कर तलाश करते हुए जितेन्द्र उर्फ कालू पुत्र ओमप्रकाश माली निवासी बिहारीगंज अजमेर, प्रशांत पुत्र रमेश कुमार वाल्मीकि निवासी पृथ्वीराजपूरी आदर्श नगर अजमेर को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया तथा प्रकरण की चोरी की घटना में उपयोग में लाई गई पिकअप को भी जप्त किया गया। थानाधिकारी रामस्वरूप बैरवा ने बताया कि नरैना थाना क्षेत्र निवासी सुनिल पुत्र किशनलाल वाल्मीकि निवासी हरिजन बस्ती नरैना ने 18 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 जून को रात्रि को संदीप महू पुत्र पिल्लू महू निवासी किशनगढ अजमेर व उसके अन्य तीन चार साथी पीकअप लेकर आये और सावरदा रोड अए पास से अन्दर आकर मेरे 50 नग सुअर जो कि पीडब्ल्यूडी की दीवार के पास व संजय मार्केट में बेठै थे ये लोग आये और सुअरों को पिकअप मे डालकर फरार हो गये। उक्त रिपोर्ट मे प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करते हुए अपराधियों की तलाश कर गिरफ्तार किया जाकर अनुसंधान जारी है।

■ चोरी की घटना में उपयोग में लाई गई पिकअप को भी जप्त किया

### निर्वाचन अधिकारी ने बैठक ली

**निवाई,** (निसं)। पीपलू विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी रविकांत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के नोडल अधिकारियों की अहम बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निर्वाचन अधिकारी रविकांत सिंह ने 17 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शत प्रतिशत जुडने के सभी नोडल ऑफिसर को निर्देश दिए। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी रविकांत सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्यक्रम में कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी शिथिलता से कार्य नहीं करें। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा 17 वर्ष से अधिक आयु के सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची से जोड़ा जाए। कहीं कोई समस्या आती है तो कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी देवे। विधानसभा नोडल अधिकारियों ने अपने क्षेत्र में आ रही समस्याओं से भी निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने अति शीघ्र ही समस्या का समाधान करने हेतु नोडल ऑफिसर को आश्वासन दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह, पीपलू तहसीलदार नेहा चौधरी, अधिषासी अधिकारी महिमा डांगी, नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा, ब्लॉक सीएमएचओ शैलेंद्र चौधरी, सीडीपीओ बंटी बालोटीया, सहायक अभियंता रविंद्र कुमार, सहायक अभियंता नितिन कुमार जैन, विकास अधिकारी रानू इंकिया, अमित जोशी, कमल सिंगल व संतोष कुमार शर्मा सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### व्यक्तित्व विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित

**खैरथल,** (निसं)।स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट कोर्स के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास हेतु आयोजित विशेष कार्यक्रम का समापन किया गया। प्राचार्य डॉ. अंजू रानी ने बताया कि दिल्ली की स्किल डेवलपमेंट संस्था अप टू स्किल्स के माध्यम से इस कोर्स के लिए मास्टर ट्रेनर निशा खंडेलवाल ने तीनों दिन विद्यार्थियों को जीवन में कौशल विकास का महत्व बताया और सकारात्मक अभिवृत्ति निर्मित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने साक्षात्कार, लीडरशिप, रिज़्यूम, तथा रोजगार हेतु आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स प्रविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. अंजू रानी ने महाविद्यालय में चलाए जा रहे कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने और अपने बाहरी और आंतरिक व्यक्तित्व में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया। इस दौरान डॉ. शिवरचरण चेड़वाल ने आगंतुक प्रशिक्षक का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# कलेक्टर से जांच की मांग

**पावटा,** (निसं)। जयपुर जिला कलेक्टर द्वारा की जा रही जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत दांतिल के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य राजू मीणा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत दांतिल सरपंच के खिलाफ शिकायत करते हुए जांच की मांग की।

जिस पर जयपुर जिला कलेक्टर ने पावटा पंचायत समिति को जांच के निर्देश दिये। वहीं पंचायत समिति सदस्य राजू मीणा, ग्रामीण जयराम गुर्जर, रवि प्रकाश शर्मा, संतलाल अधाणा, किशोर सैनी, रवि जांगिड़, अनिरुद्ध सिंह, सुरेश कुमावत, महेश दौराता, रामस्वरूप आधाणा आदि ने जिलाधिकारी जयपुर, सम्भागीय आयुक्त, पावटा उपखंड अधिकारी, तहसीलदार पावटा, पंचायत समिति प्रधान पावटा व विकास अधिकारी पावटा को भी जांच के लिए ज्ञापन दिया व निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं पंचायत समिति सदस्य राजू मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत दांतिल सरपंच द्वारा धरातल पर कोई कार्य नहीं करवाया गया है। जो भी कार्य हुआ है वह केवल दस्तावेजों तक सीमित है। सरपंच के पंचायत नहीं आने व प्रतिनिधियों द्वारा ही सारा कार्य किया जाता है। वहीं आमजन अपने कार्यों को लेकर पंचायत में आते हैं लेकिन सरपंच के नहीं होने पर उन्हें वापस मायूस लौटना पडता है। वहीं अधिकारियों को दिए ज्ञापन के बाद 23 दिसम्बर 2022 को जांच टीम ग्राम पंचायत दांतिल पहुंची व सरपंच द्वारा किए कार्यों का मौका मुवायना किया जिसमें अधिकतम कार्य कागजों तक ही सीमित थे। ग्राम पंचायत दांतिल के दस्तावेजो की भी जांच की गई तो वो भी पूर्ण नहीं पाए गए। संबंधित जांच अधिकारियों ने सारा मौका देखा व पंचायत के रिकॉर्ड को अपने साथ ले गए तथा ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि जांच निष्पक्ष की जाएगी।

# विधायक ने विद्यालय के नवनिर्मित भवन का शिलान्यास किया

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि गांव का गरीब किसान मजदूर का बेटा सरकारी विद्यालय में अध्ययन कर अपने भविष्य का निर्माण करें। जिसके लिए राज्य सरकार ने 4 वर्ष के कार्यकाल में सरकारी शिक्षा को मजबूत करने का कार्य किया है।

विधायक इंद्राज गुर्जर गुरुवार को ग्राम पंचायत भाबरू में 84 लाख की लागत से बनने वाले नवनिर्मित विद्यालय भवन का शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के प्रति जो जुडाव देखने को मिल रहा है और लोग अपने बच्चों को राजकीय विद्यालय में प्रवेश दिला रहे हैं पूरे देश में राजस्थान दूसरे नंबर पर गुणवत्ता शिक्षा में आया है। हमारा संकल्प है कि हम सभी मिलकर गरीब को गणेश मानकर काम करें। गरीब का बच्चा भी हमारी सरकारी स्कूल में अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और आने वाले समय में हमारा प्रदेश गुणवत्ता शिक्षा में नंबर एक बने। इसी सपने के साथ काम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में विद्यालयों की क्रमोन्नति, अध्यापकों के रिक्त पदों को भरने, खेल मैदान निर्माण सहित अन्य कार्य के लिए कोई कौर कसर नहीं रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जनता की सच्चे मन से सेवा करता है जनता उसे मान सम्मान देती है।



विधायक इंद्राज गुर्जर ने विद्यालय भवन का शिलान्यास किया।

■ ग्राम पंचायत भाबरू में बनने वाले विद्यालय भवन का शिलान्यास समारोह आयोजित

### एड्स दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**खैरथल,** (निसं)। स्थानीय महर्षि परशुराम महिला महाविद्यालय में गुरुवार को एड्स दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर बचाव के उपाय समझाए गए। प्राचार्य डॉ. राजेश यादव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने एड्स के लक्षण समझाते हुए इससे बचाव के उपायों में साफ़ सफाई रखने, एक दूसरे के संक्रमण से बचने व अधिकाधिक लोगों को साफ़ सफाई के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त एन एस एस प्रभारी गोरधन के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने परिसर की सफाई की। इस अवसर पर निदेशक संजय खंडेलवाल, अरुण अरोड़ा, यतीक शर्मा, रमेश चंद्र, रश्मि यादव, रिया दुलानी व पायल जोशी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## सार-समाचार

### बालिका की तलाश के लिए सौंपा ज्ञापन



**निवाई,** (निसं)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन इकाई निवाई द्वारा गुरुवार को उपखंड अधिकारी रविकान्त सिंह को गुमशुदा छात्रा निधि जैन की तलाशी करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। समाजसेवी ताराचंद बोहरा ने बताया कि टोडारायसिंह निवासी निधि जैन पुत्री मुकेश कुमार जैन तेईस नवम्बर को प्रातः 9 बजे कॉलेज गई थी जो आज तक घर नहीं पहुंची जिसकी घर वालों ने 24 नवम्बर को गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया था। सात दिन बाद भी निधि का कोई पता नहीं चला है। जिससे वैश्य समाज में भारी रोष व्याप्त है। वैश्य समाज ने ज्ञापन सौंपकर तुरन्त निधि जैन को ढूंढने की मांग की है अन्यथा समाज को आंदोलन करना पडेगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रवि अग्रवाल, पार्षद नितिन छाबडा, रामचरण विजय, कमल दरगड, राकेश बोहरा, ओम विजय, अजय जैन, शिप्रा जैन, जिनेंद्र विजय, तारा बोहरा, पवन बोहरा, मोहन जैन, ओम विजय सहित वैश्य महासम्मेलन के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### धर्मशाला शिलान्यास कार्यक्रम आज



**निवाई,** (निसं)। आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ शिलान्यास कार्यक्रम हेतु गुरुवार को निवाई से गाँव रजवास के लिए मंगल विहार हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज निवाई एवं रजवास के श्रद्धालुओं द्वारा माताजी को श्री फल भेंट कर 2 दिसम्बर को रजवास में आयोजित कार्यक्रम धर्मशाला के शिलान्यास को लेकर रजवास जैन समाज ने माताजी संध का सानिध्य प्राप्त करने के लिए श्री फल चढाय़ा जहां आर्यिका माताजी ने स्वीकृति प्रदान की। जौंला ने बताया कि 2 दिसम्बर को रजवास जैन समाज द्वारा माताजी के सानिध्य में धर्मशाला शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूजा अर्चना के साथ अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे।

### दी बार अध्यक्ष पद पर महेश निर्वाचित

**लालसोट,** (निसं)। दी बार एसोसिएशन लालसोट के गुरुवार को अध्यक्ष पद को लेकर चुनाव आयोजित किए गए। दी बार एसोसिएशन लालसोट के इस अध्यक्ष पद के चुनाव में महेश ककराला निर्विरोध निर्वाचित हुए। दी बार एसोसिएशन लालसोट के अध्यक्ष पद का चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी हरि नायर माता एवं सहायक चुनाव अधिकारी नरेंद्र जांगिड़ व प्रकाश चंद शर्मा के निकटतम सुपरविजन में संपन्न हुए। अध्यक्ष पद के चुनाव को संपन्न कराने के लिए दी बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों की एक बैठक बुलाई गई जिसमें उपस्थित बाहर के सभी सदस्यों ने महेश चंद ककराला एडवोकेट को सर्वसम्मति से बार एसोसिएशन लालसोट का अध्यक्ष निर्विरोध चुन लिया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष का कार्यकाल एक साल का रहेगा एवं इस दौरान नवनिर्वाचित दी बार एसोसिएशन लालसोट के निर्विरोध नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सदस्यों द्वारा स्वागत भी किया गया। इस दौरान दीवार एसोसिएट लालसोट के कई सदस्य एडवोकेट मौजूद रहे।



### जिला प्रमुख ने मुख्यद्वार का उद्घाटन किया

**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। बहरोड़ कस्बे के नजदीकी गांव कांकरदोपा में नागा बाबा मंदिर मार्ग पर भामाशाह लीलाराम द्वारा माता पिता की याद में बनाए मुख्य द्वार का उद्घाटन जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर एवं बहरोड़ प्रधान सरोज यादव पंचायत समिति बहरोड़ की उपस्थिति में फीता काटकर की गई। वहीं बहरोड़ पंचायत समिति सभागार में मेघवाल समाज विकास समिति अध्यक्ष पूरण सिंह की अध्यक्षता में 6 दिसंबर मंगलवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर सर्व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान तथा रक्तदान शिविर और सामाजिक संगठनों तथा कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित करने की बैठक का आयोजन किया गया। जिला प्रमुख बलवीर सिंह जिला के फीता काटकर मुख्य द्वार का उद्घाटन केकार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान सरोज यादव द्वारा की गई जिसमें जिला प्रमुख ने भामाशाह परिवार की सराहना की। वहीं प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव ने सामाजिक हित में भामाशाह द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विशिष्ट अतिथि सरपंच मेवा, पंचायत समिति सदस्य अमर सिंह, कल्याणपुरा सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र यादव, एडवोकेट आर डी दोचानिया, सुरेंद्र यादव, रोहतास गुर्जर, डॉ अभय सिंह, सुबेसिंह, कबूल, सुभाष लालाराम एवं काकरदोपा, कल्याणपुरा, देवनगर व नंगलारूध के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं बहरोड़ के पंचायत समिति सभागार में आयोजित बैठक में किसान नेता बस्तीराम यादव उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन तथा अमर सिंह यादव पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंच वेद कृष्ण, जगराम प्रजापत, सुरेश भेडी, गोकुल चंद, सुभाष चंद मेघवाल, सुरेंद्र यादव, पूर्व एमपीएस सुमनलता, विजेंद्र गुर्जर, रोहतास गुर्जर, साधु राम मेघवाल आदि दर्जनों लोगों ने भाग लिया।

### जयपाल गुर्जर अध्यक्ष बने

**खैरथल,** (निसं)। दी जटियाना ग्राम सेवा सहकारी समिति के कराये गए चुनाव में जयपाल गुर्जर अध्यक्ष और इस्लामदीन उपाध्यक्ष पद पर चुने गए। सहकारिता विभाग के रिटर्निंग आफिसर कमलकांत स्वामी व प्रबधक दीपक कुमार मखीजा के देखरेख में बुधवार को करवाए गए चुनाव में जयपाल गुर्जर अध्यक्ष व इस्लाम दीन उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच ओमप्रकाश गुर्जर, जलेसिंह चौधरी, श्योरान, रामसिंह, सुखीराम,झब्बूराम, लेखराम पहलवान, मुन्ना ख़ान, गजनी मोहम्मद, रोहिताश गुर्जर, अतर सिंह जाट, रविन्द्र भडाना आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

### आम बैठक का आयोजन आज

**खैरथल,** (निसं)। क्षत्रिय जाट समाज परगना जिंदोली की आम बैठक तीन दिसंबर को आयोजित होगी। परगना के सचिव अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि जिंदोली में टोकर वाला कुआं शिव मंदिर में अध्यक्ष राममेहर चौधरी की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे होने वाली इस बैठक में सामाजिक एवं संगठनात्मक मुद्दों के अतिरिक्त मुख्य रूप से ततारपुर चौराहा पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती समारोह मनाए जाने पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

### भजन सत्संग कार्यक्रम का आयोजन

**नारायणपुर,** (निसं) कस्बा स्थित सियारामदास आश्रम में गुरुवार को मंदिर के महन्त श्याम सुन्दरदास महाराज के सानिध्य में भजन सत्संग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भजन सत्संग कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान गायक कलाकार द्वारा 'काया माटी में मिल जासि र, रट ले नाम हरि का' जैसे भजनों की प्रस्तुति ने श्रोतागणों को भक्तिमय रंग में रंग दिया। इस अवसर पर महाराज ने भक्तों को मनुष्य का संसार में आने का मुख्य उद्देश्य भगवान का भजन करना बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।



वह अलग स्तर के खिलाड़ी हैं और वह जिस तरह के शॉट्स खेलते हैं और उन्होंने जो दो छक्के जड़े, मुझे नहीं लगता कि कोई अन्य खिलाड़ी उस तरह के शॉट्स लगा पाता। अगर कार्तिक या हार्दिक पंड्या ने मुझ पर उस तरह से शॉट लगाये होते तो मुझे निराशा होती लेकिन ऐसा कोहली ने किया था जो अलग स्तर के खिलाड़ी हैं। - **हारिस रऊफ**

पाक गेंदबाज, विराट कोहली के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **बेन स्टोक्स**



**स्टार** ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में इंग्लैंड की खिताब की रक्षा के अभियान के लिए एकदिवसीय संन्यास से वापसी की संभावना को खारिज नहीं किया है। इंग्लैंड के 31 साल के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने जुलाई में काम के बोझ का हवाला देते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी लेकिन इस फैसले के पांच महीन से भी कम समय बाद उन्होंने अपनी वापसी के दरवाजे खुले रखे हैं। वेबसाइट ने स्टोक्स के हवाले से कहा, ''क्या पता उस समय विश्व कप को लेकर मैं क्या सोच रहा हूं।''

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट मैच में लगातार पगबाधा आउट होने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के डब्लू वाटसन के नाम है। वाटसन सात पारियों में लगातार पगबाधा आउट हुए थे।

## मोरक्को 36 साल बाद सुपर-16 में



दोहा, 1 दिसंबर। मोरक्को ने गुरुवार को फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप-एफ मुकाबले में कनाडा को 2-1 से हराकर 36 साल बाद सुपर-16 चरण में प्रवेश किया। अल सुमामा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में हकीम ज़ियेच (चौथा मिनट) और यूसुफ एन-नेसरी (23वां मिनट) ने विजेता टीम के गोल किये। कनाडा का एकमात्र गोल नायेफ एगर्ड ने 40वें मिनट में किया।

विश्व की नंबर दो टीम बेल्जियम को 2-0 से हराने वाली मोरक्को को अगले दौर में पहुंचने के लिये जीत या ड्रॉ की जरूरत थी। अफ्रीकी टीम ने चौथे ही मिनट में गोल करके मैच को अपने पक्ष में कर लिया, जबकि 23वें मिनट के गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

कनाडा ने 40वें मिनट में खाता खोलने के बाद दूसरे हाफ में स्कोर बराबर करने के कई प्रयास किये लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। मोरक्को ने तीन मैचों में सात अंकों के साथ सुपर-16 में जगह बना ली है, जबकि क्रोएशिया (पांच अंक) ग्रुप-एफ से अगले दौर में पहुंचने वाली दूसरी टीम है।

मोरक्को ने मैच के पहले ही मिनट में हाकिमी के क्रॉस से गोल का मौका बनाया, लेकिन उन्हें पहली सफलता तीन मिनट बाद मिली। कनाडा के गोलकीपर मिलन बोरजान ने नेसिरी के प्रयास को रोक लिया, लेकिन बॉल उनके हाथ से छूट गयी और ज़ियेच ने उसे नेट में पहुंचाकर मोरक्को को बढ़त दिला दी। मोरक्को ने इसके बाद भी आक्रामक खेल जारी रखा। मैच के 23वें मिनट में नेसिरी ने कनाडाई रक्षण के खिलाड़ियों को छकाते हुए पेनल्टी क्षेत्र में जगह बनाई और ताकतवर शॉट के साथ बॉल को गोल में पहुंचा दिया।

कनाडा का एकमात्र गोल भी मोरक्को के खिलाड़ी एगर्ड ने किया। कनाडा के फॉरवर्ड खिलाड़ी बॉल को लेकर मोरक्को के गोल की तरफ बढ़ रहे थे। एगर्ड ने अपने पैर से बॉल को रोकना चाहा लेकिन वह मोरक्को के गोलपोस्ट में ही चली गयी। कनाडा के खिलाड़ियों ने दूसरे हाफ में गोल करने के कई प्रयास किये, लेकिन वह मोरक्को के कप्तान और गोलकीपर रोमेन सैस को पार नहीं कर सके। मोरक्को ने दूसरे हाफ में भी अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा। मैच के 59 प्रतिशत समय में बॉल मोरक्को के पास रही, जिससे कनाडा को मैच पर पकड़ बनाने का अवसर नहीं मिला।

मोरक्को ने 1986 के बाद पहली बार फीफा विश्व कप के अगले दौर में प्रवेश किया है। इसी बीच, क्रोएशिया ने ठ्रुप-एफ के मुकाबले में बेल्जियम के साथ ड्रॉ खेलकर सुपर-16 में जगह बना ली है। अल रैयान के अहमद बिन अली स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में किसी टीम ने गोल नहीं किया, लेकिन क्रोएशिया ने अधिक अंकों के आधार पर अगले दौर में जगह बना ली।

## पोलैंड हार के बावजूद अगले दौर में, लेवांडोवस्की ने मनाया जश्न

दोहा, 1 दिसंबर। पोलैंड को फीफा विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच में भले ही अर्जेंटीना से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन टीम के स्टार खिलाड़ी रोबर्ट लेवांडोवस्की बड़ी मुस्कुराहट के साथ जश्न मनाते हुए मैदान से बाहर निकले।

इसका कारण हार के बावजूद पोलैंड का नॉकआउट के लिये क्वालीफाई करना था। पोलैंड ग्रुप सी में गोल अंतर से दूसरे स्थान पर रहा जिससे अब राउंड 16 में उसका सामना रविवार को फ्रांस से होगा। इसी कारण लेवांडोवस्की मैदान में साथी खिलाड़ियों से गले लग रहे थे।

हालांकि वह गोल में एक भी शॉट नहीं लगा सके, उन्होंने कहा, ''आप कह सकते हो कि यह खुशी देने वाली हार है। उनके चेहरे पर मुस्कान थी क्योंकि टीम अगले दौर में पहुंच गयी थी। उन्होंने कहा, ''हम जिस तरह से खेले, उससे मैं खुश नहीं हूं। बिलकुल भी नहीं। हम इस मैच से खुश नहीं हो सकते। लेवांडोवस्की ने कहा, ''भले ही हम हार गये, लेकिन फिर भी हम खुश हो सकते हैं। हार के बावजूद पोलैंड के खिलाड़ियों ने जीत जैसा जश्न मनाया और मैदान पर एक दूसरे के ऊपर पानी की बोतलों से बोछार कीं।

पोलैंड के स्टार खिलाड़ी लेवांडोवस्की की निगाहें अब रविवार को फ्रांस के खिलाफ मुकाबले पर लगी हैं। उन्होंने कहा, वह (फ्रांस) विश्व चैम्पियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार हैं और हमारे पास गंवाने के लिये कुछ नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि उनके पास किस तरह के खिलाड़ी हैं लेकिन हमें मैच का लुत्फ उठाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ करना होगा। फ्रांस के खिलाफ मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा और हमें आज से बेहतर खेल दिखाना होगा।

## ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का स्वदेश लौटने पर फीका स्वागत

बगदार, 1 दिसंबर। ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का अमेरिका के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में हार के बाद स्वदेश लौटने पर फीका स्वागत हुआ। ईरान और अमेरिका के बीच यह मुकाबला उस समय खेला गया जब ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन चल रहे हैं। खिलाड़ी बुधवार देर रात ईरान लौटे। इससे एक दिन पहले उन्हें अमेरिका के खिलाफ 0-1 की हार का सामना करना पड़ा था। सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने टीम को सत्ताधारियों का प्रतीक मानते हुए ईरान के कुछ शहरों में आतिशबाजी और खुशी के साथ हार का जश्न मनाया था। ईरान के खिलाड़ियों ने भी विश्व कप के पहले मैच में देश का राष्ट्रगान नहीं गाया था। कइयों ने इस कदम को प्रदर्शनकारियों से एकजुटता के रूप में देखा था।

## नॉकआउट में जगह पक्की करने उतरेंगे स्विट्जरलैंड और सर्बिया

दोहा, 1 दिसंबर। सर्बिया और स्विट्जरलैंड की टीम शुक्रवार को फीफा विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में जब आमने-सामने होंगी तो यह मैच नॉकआउट की तरह होगा और इसका विजेता अंतिम 16 में जगह बनाएगा जबकि हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। ग्रुप जी से ब्राजील की टीम शुरुआती दो मैच जीतकर पहले की नॉकआउट में जगह बना चुकी है। इस ग्रुप से क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम के लिए कैमरून, सर्बिया और स्विट्जरलैंड के बीच मुकाबला है।

स्टेडियम 974 में होने वाले इस मुकाबले के संदर्भ में स्विट्जरलैंड के कप्तान ग्रेनित शाका ने सोमवार को ब्राजील के खिलाफ 0-1 की हार के बाद कहा था, ''हमें टूर्नामेंट की शुरुआत में ही पता था कि इस ग्रुप में सर्बिया के खिलाफ मैच बेहद महत्वपूर्ण होगा।'' स्विट्जरलैंड की टीम अभी दूसरे स्थान पर चल रही है और सर्बिया के खिलाफ ड्रॉ भी उसे नॉकआउट में जगह दिला सकता है। टीम हालांकि जीत के इरादे से ही उतरेगी। स्विट्जरलैंड के मिडफील्डर जिब्रिल सोव ने कहा, ''मैं एक भी ऐसी टीम को नहीं जानता तो मैदान पर गोल रहित ड्रॉ खेलने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। यह बेहद खतरनाक है।'' स्विट्जरलैंड की टीम पिछले दो विश्व कप और पिछली दो यूरोपीय चैंपियन के नॉकआउट में पहुंची है।

## घाना और उरूग्वे 2010 के विवादास्पद मुकाबले के बाद एक बार फिर विश्व कप में भिड़ेंगे

दोहा, 1 दिसंबर। घाना और उरूग्वे की टीमें 2010 में फुटबॉल विश्व कप के सबसे विवादास्पद मुकाबलों में से एक खेलने के बाद शुक्रवार को अपने अंतिम ग्रुप एच मैच में फिर आमने-सामने होंगी। घाना के कोच ओटो एडो ने कहा, ''यह काफी लंबे समय पहले की बात है।'' विश्व कप 2010 के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे के खिलाफ हार की पीड़ा हालांकि घाना के लोगों के दिल में ताजा है।

अतिरिक्त समय के अंत में उरूग्वे के स्ट्राइकर लुई सुआरेज ने जानबूझकर हाथ से गेंद को रोक दिया था जिससे घाना की टीम निश्चित गोल से वंचित रह गई थी और इसके साथ ही सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अफ्रीका की पहली टीम बनने से भी महरूम रह गई। हैंडबॉल के लिए सुआरेज को मैच से बाहर किया गया और घाना को पेनल्टी मिली। सुआरेज को इसके बाद टीम बॉक्स में जोरदार जश्न मनाते देखा गया जब पेनल्टी किक पर असामोह ग्यान का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। उरूग्वे ने इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की।

बारह साल बाद अब घाना के पास ग्रुप एच के अपने अंतिम मुकाबले में उरूग्वे को हराकर बदला चुकता करने का मौका है। जीत के साथ घाना अंतिम 16 में जगह बना लेगा जबकि उरूग्वे की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। अल वाकराह में दक्षिण कोरिया के खिलाफ पिछले मैच में 3-2 से जीत दर्ज करने वाले घाना को अंतिम 16 में जगह सुनिश्चित करने के लिए एक और जीत दर्ज करनी होगी। ड्रॉ के साथ भी टीम नॉकआउट में जगह बना सकी है लेकिन इसके लिए उसे दक्षिण कोरिया और पुर्तगाल के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर निर्भर करना होगा।

कप्तान आंद्रे आयुव घाना की मौजूदा टीम में एकमात्र खिलाड़ी हैं जो 2010 की टीम का भी हिस्सा थे। पैंतीस साल के सुआरेज संभवत: अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे हैं और नहीं चाहेंगे कि उनकी टीम इस बार ग्रुप चरण से बाहर हो जाए। वह उरूग्वे के साथ कोपा अमेरिका खिताब जीत चुके हैं।

सुआरेज स्वयं भी खेल के सबसे विवादास्पद खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। उन्हें विरोधी खिलाड़ियों को काटने के लिए तीन बार प्रतिबंधित किया गया है जिसमें ब्राजील में 2014 विश्व कप में इटली के डिफेंडर जॉर्जियो चिलिनी को कंधे पर काटने के लिए चार माह का प्रतिबंध भी शामिल है।

उरूग्वे को नॉकआउट में जगह बनाने के लिए हर हाल में घाना को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि कोरिया की टीम पुर्तगाल को नहीं हरा पाए। उरूग्वे और कोरिया दोनों अगर जीत दर्ज करते हैं तो नॉकआउट में जाने वाली टीम का फैसला गोल अंतर से होगा।

## विश्व कप ग्रुप में शीर्ष पर रहकर ब्राजील से भिड़ने से बचना चाहेगा पुर्तगाल

दोहा (कतर), 1 दिसंबर। लगातार जीत से एक मैच रहते अगले दौर में पहुंची पुर्तगाल के लिये विश्व कप का ग्रुप चरण इससे बेहतर नहीं हो सकता था लेकिन अब उसकी निगाहें शुक्रवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ ग्रुप एच मुकाबले में एक अंक हासिल करने पर लगी हैं ताकि वह अंतिम 16 में ब्राजील से भिड़ने से बच सके। पुर्तगाल के कोच फर्नांडो सांतोस ने कहा, ''अगर हमें एक दूसरे का सामना करना होगा तो यह दो महान टीमों के बीच मुकाबला होगा। लेकिन हमारी इच्छा और ब्राजील की भी यही होगी कि हम टूर्नामेंट में बाद में एक दूसरे से भिड़ें। रविवार को उरूग्वे पर 2-0 की जीत के बाद सांतोस ने कहा था कि वह दक्षिण कोरिया के खिलाफ कई अहम खिलाड़ियों को आराम देने की योजना बना रहे हैं। रोनाल्डो इसमें अपवाद हो सकते हैं। नौ दिन में तीन मैच 37 वर्षीय स्ट्राइकर रोनाल्डो के लिये काफी ज्यादा हो सकते हैं जो इस सत्र में मैनचेस्टर यूनाईटेड के लिये ज्यादा समय तक मैदान में नहीं उतरे हैं।

## ब्राजील के खिलाफ कैमरून को जीत और किस्मत के साथ की जरूरत

दोहा (कतर), 1 दिसंबर। फीफा विश्व कप में शुरुआती दोनों मैचों को जीतने वाली ब्राजील की टीम शुक्रवार देर रात को जब ग्रुप जी के अपने आखिरी मैच में कैमरून के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके कोच टिटे सभी रिजर्व खिलाड़ियों को आजमायेंगे। वही दूसरी ओर दो मैचों में एक हार और ड्रॉ का नजीता हासिल करने वाली कैमरून की टीम को टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए इस मैच में जीत के साथ किस्मत की साथ की भी जरूरत होगी। इस ग्रुप में ब्राजील के छह अंक हैं जबकि स्विट्जरलैंड के नाम तीन और कैमरून तथा सर्बिया के एक-एक अंक है।

ब्राजील की टीम नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई कर चुकी है और कोच टिटे अब तब बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को इस मुकाबले में परखना चाहेंगे। स्टार फॉरवर्ड नेमार, राइट बैक डैनिलो और लेफ्ट बैक एलेक्स सैंड्रो चोटों के कारण उपलब्ध नहीं होंगे। नेमार अभी भी अपने दाहिने टखने की चोट का इलाज कर रहे थे और यह स्पष्ट नहीं था कि वह कब वापसी करेंगे।

टिटे ने इस मैच के लिए सभी रिजर्व खिलाड़ियों का उपयोग करने की योजना बनायी है, जिसकी शुरुआत गोलकीपिंग में एलिसन की जगह एंडरसन से होगी। टीम की रक्षा पंक्ति में अनुभवी दानी अल्वेस को जगह मिलेगी जबकि फैबिन्हो मिडफील्ड में खेलने के लिए तैयार है। एंटनी और गेब्रियल मार्टिनेली के अग्रिम पंक्ति में होने की उम्मीद है।

टिटे उन सभी सात खिलाड़ियों को मैदान पर उतारना चाहते है जो अभी तक टूर्नामेंट में शामिल नहीं हुए थे। मिडफील्डर फैबिन्होने कहा, ''स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच के बाद टिटे ने हमें पहले ही बता दिया था कि वह लाइनअप में बदलाव करना चाहते हैं। वह चाहते हैं कि हर किसी को खेलने का मौका मिले और हम उस फैसले से खुश हैं।''

टिटे यह बदलाव इसलिए भी कर रहे क्योंकि ब्राजील को इस मैच के बाद सोमवार को प्री-क्वार्टर फाइनल मैच खेलना है और वह मुख्य खिलाड़ियों को अहम मैच से पहले तरोताजा रखना चाहते है। 39 वर्षीय अल्वेस विश्व कप में खेलने वाले ब्राजील के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन सकते है।

## लाबुशेन, स्मिथ के दोहरे शतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बनाई विशाल बढ़त



पर्थ, 1 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया ने मार्नस लाबुशेन (204) और स्टीव स्मिथ (200) के दोहरे शतकों की बदौलत वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में गुरुवार को 598 रन का विशाल स्कोर खड़ा करके पारी घोषित की। वेस्ट इंडीज ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाये 74 रन बना लिये हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ स्टेडियम पर दूसरे दिन की शुरुआत 293/2 से करते हुए सिर्फ दो विकेट गंवाकर 305 रन जोड़े। पहले दिन 150 रन पूरे कर चुके लाबुशेन ने अपना दोहरा शतक पूरा किया।

उन्होंने 350 गेंदों की अपनी पारी में 20 चौके और एक छक्का लगाकर 204 रन बनाये और स्मिथ के साथ तीसरे विकेट के लिये 251 की साझेदारी की। स्मिथ ने इसके बाद ट्राविस हेड (99) के साथ चौथे विकेट के लिये 196 रन जोड़े। स्मिथ ने 311 गेंदों पर 16 चौकों के साथ नाबाद 200 रन बनाये, हालांकि हेड अपना शतक पूरा करने से चूक गये और ऑस्ट्रेलिया ने 598/4 पर अपनी पारी घोषित कर दी। इसके जवाब में वेस्ट इंडीज ने 25 ओवर खेलकर बिना किसी नुकसान के 74 रन बना लिये। क्रेग ब्रैथवेट ने 79 गेंदें खेलकर संयम के साथ 18 रन बनाये। शिवनारायण चंद्रपॉल के बेटे तेजनारायण चंद्रपॉल ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टेस्ट में शुरुआती संघर्ष किया, लेकिन आगे चलकर उन्होंने लय हासिल करके नाबाद 47 रन बनाये।

## इंग्लैंड के चार बल्लेबाजों के शतक, बेकफुट पर पाकिस्तान




रावलपिंडी, 1 दिसंबर। इंग्लैंड ने ज़ैक क्रॉली (122), बेन डकेट (107), ओली पोप (108) और हैरी ब्रूक (101 नाबाद) के शतकों की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को चार विकेट के नुकसान पर 506 रन बना लिये।

इंग्लैंड के शीर्ष पांच बल्लेबाजों में जो रूट (23) एकमात्र ऐसे खिलाड़ी थे जो शतक नहीं जड़ सके। पिंडी क्रिकेट स्टेडियम की सपाट पिच पर पाकिस्तान के गेंदबाज इंग्लैंड के लिये कोई समस्या नहीं खड़ी कर सके। क्रॉली और डकेट की सलामी जोड़ी ने छह से ज्यादा की रनगति से 35.4 ओवर में 233 रन की साझेदारी की। क्रॉली ने 111 गेंदों पर 21 चौकों के साथ 122 रन बनाये जबकि डकेट ने 110 गेंदों पर 15 चौकों की मदद से 107 रन की पारी खेली।

पाकिस्तान ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को दो रन के अंतराल में आउट करने के बाद रूट को भी छोटे स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। इससे पहले की बाबर आज़म के गेंदबाज मैच पर शिकंजा कस पाते, पोप-ब्रूक की जोड़ी ने 'बैज़बॉल' की आक्रामक रणनीति के अनुसार ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करना शुरू कर दी। ब्रूक ने 68वें ओवर में सऊद शकील को छह चौके जड़कर 24 रन जोड़े। पोप 104 गेंदों पर 14 चौकों के साथ 108 रन बनाकर पवेलियन लौट गये, जिसके बाद क्रीज पर आये कप्तान बेन स्टोक्स ने मोहम्मद अली के एक ओवर में 18 रन जोड़े। दिन का खेल खत्म होने तक स्टोक्स 34 रन बनाकर जबकि ब्रूक 101 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

## तस्कीन पीठ दर्द के कारण पहले वनडे से बाहर

ढाका, 1 दिसंबर। बंगलादेश के तेज़ गेंदबाज़ तस्कीन अहमद पीठ दर्द के कारण भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले पहले एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये हैं। क्रिकबज़ ने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन के हवाले से गुरुवार को कहा, तस्किन वनडे के शुरुआती मैच से बाहर हो गये हैं, क्योंकि उनकी पीठ में दर्द हो रहा है। उन्हें सीरीज में आगे खिलाने के संबंध में कोई फैसला लेने से पहले हम उनकी फिटनेस देखेंगे। तस्कीन से दौरे पर बंगलादेश की तेज गेंदबाजी का नेतृत्व करने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन फिलहाल शोरिफुल इस्लाम को उनकी जगह टीम में तलब किया गया है। इसी बीच, 30 नवंबर को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में वार्म-अप मैच में तमीम इकबाल के कमर में चोट लगने से बंगलादेश की चिंताएं बढ़ गयी हैं। क्रिकबज़ ने कहा, हम तमीम की स्कैन रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें ग्रोइन इंजरी थी और डॉक्टर ने उनकी उपलब्धता के बारे में फैसला लेने के लिए स्कैन कराने को कहा है।

## विजय हजारे ट्रॉफी : फाइनल में महाराष्ट्र के बल्लेबाजों के सामने और सौराष्ट्र के गेंदबाजों की चुनौती

अहमदाबाद, 1 दिसंबर। महाराष्ट्र और सौराष्ट्र की टीमें विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल में शुक्रवार को जब एक दूसरे के सामने मैदान में उतरेंगी तो बल्ले से शानदार लय में चल रहे रुतुराज गायकवाड़ के सामने घरेलू दिग्गज जयदेव उनादकट की धारदार गेंदबाजी से पार पाने की चुनौती होगी। सौराष्ट्र के उनादकट के शुरुआती स्पैल का सेमीफाइनल में कर्नाटक के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। वहीं, महाराष्ट्र के सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः उत्तर प्रदेश और असम के खिलाफ बड़ी शतकीय पारियां खेलकर टीम की जीत सुनिश्चित की। गायकवाड़ टीम के शुरुआती कुछ मैच नहीं खेल सके थे लेकिन फिर भी उन्होंने टूर्नामेंट के चार मैचों में ही 552 रन ठोक दिये हैं। इसमे एक ओवर में सात छक्के लगाने का लिस्ट ए रिकॉर्ड भी शामिल है।

## बीसीसीआई ने क्रिकेट सलाहकार समिति का गठन किया

मुंबई, 1 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को अपनी तीन-सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) में अशोक मल्होत्रा, जतिन परांजपे और सुलक्षणा नायक की नियुक्ति की घोषणा की। मल्होत्रा ने सात टेस्ट और 20 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह हाल ही में भारतीय क्रिकेटर संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। परांजपे ने भारत के लिये चार एकदिवसीय मैच खेले हैं और वह पुरुष टीम की चयन समिति का हिस्सा थे। बीसीसीआई ने बताया कि दो टेस्ट, 46 वनडे और 31 टी20 मैच खेलने वाली नायक सीएसी का हिस्सा बनी रहेंगी। वह इससे पहले मदन लाल और आरपी सिंह की तीन-सदस्यीय समिति का हिस्सा थीं। सीएसी के ऊपर चयन समितियों की नियुक्ति के साथ-साथ पुरुषों और महिलाओं की राष्ट्रीय टीमों के कोच चुनने जैसी कई महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां होती हैं। इस नयी सीएसी के ऊपर सबसे पहले पुरुष टीम के लिये चयनकर्ता समिति की नियुक्ति की जिम्मेदारी होगी। उल्लेखनीय है कि बीसीसीआई ने 18 नवंबर को चेतन शर्मा की चयनकर्ता समिति को भंग कर दिया था और खाली पदों के लिये नये आवेदन आमंत्रित किये थे।

## इंग्लैंड ने तोड़ा टेस्ट मैच के पहले दिन सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड

रावलपिंडी, 1 दिसंबर। इंग्लैंड ने गुरुवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ स्टंप्स तक 506 रन बनाकर टेस्ट मैच के पहले दिन सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 75 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 506 रन बनाये। इससे पूर्व, टेस्ट मैच के पहले दिन सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के पास था जिसने सन् 1910 में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध सिडनी में 494 रन जोड़े थे।

सलामी बल्लेबाज ज़ैक क्रॉली और बेन डकेट के शतक जड़ने के बाद हैरी ब्रूक और ओली पोप ने भी सैकड़ा जमाया। यह पहली बार है कि टेस्ट मैच के पहले दिन चार शतक बनाये गये। इसी बीच, ब्रूक ने पदार्पण कर रहे सऊद शकील के एक ओवर में छह चौके जड़े और टेस्ट मैच ऐसा करने वाले पांचवें बल्लेबाज बन गये। इससे पहले संदीप पाटिल, क्रिस गेल, रामनरेश सरवन और सनथ जयसूर्या यह कारनामा कर चुके हैं।

## 2023-24 में दो सुपर 100 आयोजनों की मेजबानी करेगा भारत

कुआलालंपुर, 1 दिसंबर। विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) ने 2023 और 2024 कैलेंडर के लिये भारत को दो सुपर 100 टूर्नामेंटों की मेजबानी सौंपी है। बीडब्ल्यूएफ ने गुरुवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि वह आगामी कैलेंडर में नौ सुपर 100 आयोजन शामिल कर रहा है, जिनकी मेज़बानी भारत के अलावा चीनी ताइपे, मलेशिया, चीन, वियतनाम और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को दी गयी है। भारत में होने वाले दोनों सुपर 100 टूर्नामेंट दिसंबर में खेले जायेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया कि सदस्य मेजबान हर साल छह टूर्नामेंट तक का मंचन कर सकते हैं, जिसमें अधिकतम दो सुपर 100 टूर्नामेंट शामिल हैं। भारत के अलावा इंडोनेशिया भी दो सुपर 100 प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा।

# जे.पी. नड्डा ने दशहरा मैदान से 51 रथ रवाना कर भाजपा जनाक्रोश यात्रा का आगाज़ किया

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने जनाक्रोश कार्यक्रम की व्यवस्थित रूपरेखा और कार्य योजना के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और उनकी टीम को बधाई दी

जयपुर, 1 दिसम्बर (का.सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जयपुर के दशहरा मैदान से 51 रथों को रवाना कर जन आक्रोश यात्रा का आगाज किया। ये रथ भाजपा राजस्थान इकाई द्वारा आयोजित जन आक्रोश यात्रा के तहत प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे। नड्डा ने भाजपा राजस्थान का 'जन–आक्रोश' गीत भी लॉन्च किया। ज्ञातव्य है कि, प्रदेश में अन्य स्थानों से भी रथ रवाना किए गए। इस प्रकार कुल 200 रथ जनाक्रोश यात्रा के लिए रवाना हुए हैं।

बताया गया कि, भाजपा इन यात्राओं के माध्यम से 14 दिनों में राज्य के लगभग 2 करोड़ लोगों तक पहुंचेगी और प्रदेश के सभी 8 करोड़ लोगों तक इसका संदेश जाएगा, जिसमें कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार की नाकामियों को उजागर किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान पूरे प्रदेश में लगभग 75,000 से अधिक किमी का सफ़र तय किया जाएगा और लगभग 20 हजार चौपाल और 20 हजार नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित की जायेंगी। नड्डा ने जयपुर में भगवान श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना की और गुरूद्वारा में मत्था टेककर राजस्थान सहित देश की खुशहाली और तरक्की की कामना की।

नड्डा ने कहा, भगवान गोविंदेव की पावन नगरी में मुझे यहां के कार्यकर्ताओं और जनता से मिलने का सौभाग्य मिला। वीरों, महापुरूषों और संतों की पवित्र राजस्थान की धरती को प्रणाम करता हूं। नड्डा ने संबोधन में कहा कि, इस जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से जन विरोधी कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी, झूठे वादे और जंगलराज को जनता के सामने लाया जाएगा तथा केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। नड्डा ने कहा कि, जन आक्रोश यात्रा के ऐतिहासिक कार्यक्रम की रूपरेखा और कार्ययोजना के लिए राजस्थान भाजपा इकाई और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया और इनकी पूरी टीम भाजपा को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार का इंजन हमेशा राजस्थान के विकास के लिए मजबूती से खड़ा है लेकिन अशोक गहलोत केन्द्र की, आयुष्मान भारत, जल



*भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरूवार को ''जन आक्रोश रथ'' यात्रा रवाना करने के लिये जयपुर पहुंचे। आदर्श नगर स्थित दशहरा मैदान में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया सहित वरिष्ठ नेताओं से कई राजनैतिक मुद्दों पर चर्चा की।*

जीवन मिशन सहित तमाम योजनाओं में रोड़ा अटकाकर राजस्थान को विकास में पीछे धकेलने का काम कर रहे हैं।

इस दौरान, डॉ. सतीश पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि, राहुल गांधी यात्रा पर हैं लेकिन उस यात्रा से पहले राजस्थान की भाजपा का उनसे सवाल होगा कि, आपने 2018 में कहा था कि, 10 तक गिनती गिनूंगा और किसानों का पूरा कर्जा माफ कर दूंगा। राजस्थान के 60 लाख किसान, 1 लाख 20 हजार करोड़ के कर्जे की माफी का आज भी इंतजार कर रहे हैं। भ्रष्टाचार का नतीजा यह है कि राहुल गांधी आटे को लीटर में बांटते हैं, लेकिन राजस्थान में भ्रष्टाचार किलोमीटर में है, हर 12 किलोमीटर पर

- **डॉ. सतीश पूनिया ने अपने भाषण में कहा, राजस्थान में भ्रष्टाचार का नतीजा यह है कि राहुल गांधी आटे को लीटर में बांटते हैं, लेकिन राजस्थान में भ्रष्टाचार किलोमीटर में है, हर 12 किलोमीटर पर भ्रष्टाचार है।**
- **इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, केन्द्रीय मंत्री राजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने वादाखिलाफी और झूठे वादों को लेकर कांग्रेस सरकार को कोसा।**

भ्रष्टाचार है। अरूण सिंह ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि, कांग्रेस के

कुशासन के खिलाफ पूरे प्रदेश में हाहाकार है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

डिप्टी सीएम और पीसीसी चीफ रहे वरिष्ठ नेता को गद्दार कहते हैं और इनके प्रदेश प्रभारी प्रदेश छोड़कर चले जाते हैं और इनके राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल अनुशासन का पाठ पढ़ाते हैं और इसके बाद भी इनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता बयानबाजी कर अनुशासन का माखौल उड़ाते हैं। उन्होंने कहा, गहलोत –पायलट की लड़ाई ने राजस्थान को विकास में बहुत पीछे धकेल दिया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, केन्दीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने भी सभा को संबोधित किया।

# भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों का डोटासरा ने लिया जायजा

## राजगढ़-बांदीकुई सीमा पर वर्षा होटल पर स्वागत होगा

- **डोटासरा ने राहुल गांधी के स्वागत की तैयारियां भी देखीं। इस दौरान उनके साथ पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।**
- **राजगढ़ क्षेत्र में भारत जोड़ो यात्रा के आगमन पर आगंतुकों के लिए भोजन व्यवस्था, विश्राम एवं वाहनों की पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया।**

राजगढ़ अलवर, 1 दिसम्बर (निसं)। भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के अलवर आगमन पर स्वागत की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं अधिकारियों ने दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

राजगढ़ बांदीकुई सीमा पर भारत जोड़ो यात्रा के प्रमुख राहुल गांधी के स्वागत की तैयारियों को लेकर भी विस्तार से विचार–विमर्श हुआ। इस दौरान डोटासरा के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, मंत्री टीकाराम जूली एवं जिला कलैक्टर जितेंद्र सोनी, एसपी तेजस्विनी गौतम एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारियों ने तैयारियों को लेकर क्षेत्रीय विधायक जौहरी लाल मीणा एवं प्रतिनिधि उम्मेदी लाल मीणा को व्यवस्थाओं से संबंधित जिम्मेदारी दी। राजगढ़ क्षेत्र के सुरेर गांव के पास में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी एवं आने वाले काफिले की भोजन व्यवस्था की गई है।

विधायक प्रतिनिधि उम्मेदी लाल मीणा, उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश मीणा, पुलिस उप अधीक्षक अंजली जोरवाल, तहसीलदार जुगिता मीन एवं ब्लॉक के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को लेकर बारीकी से जांच पड़ताल कर व्यवस्था का रोडमैप तैयार किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में भारत जोड़ो यात्रा के आगमन एवं तैयारियों के अलावा मालाखेड़ा में प्रस्तावित आमसभा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राजगढ़ क्षेत्र में भारत जोड़ो यात्रा के आगमन पर आगंतुकों के लिए भोजन व्यवस्था, विश्राम एवं वाहनों की पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे मे विचार विमर्श किया।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की राजगढ़ आगमन एवं मालाखेड़ा में होने वाली आम सभा को लेकर क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा एवं उनके प्रतिनिधि पुत्र उममेदी लाल मीणा को समर्थकों की संख्या का निर्धारण किया गया। राजगढ़ क्षेत्र से अधिक संख्या में लोगों को आम सभा में लाने का आव्हान भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला कांग्रेस कमेटी के योगेश व्यास, उर्मिला योगी, डीसी मीणा, बना राम मीणा, एन एल वर्मा, एवं भारी संख्या में कांग्रेसी, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# चावल के कट्टों की आड़ में गुजरात जा रही शराब जब्त

- **पुलिस ने डूंगरपुर की बिछीवाड़ा थाना सीमा पर 25 लाख रू. की अंग्रेजी शराब जब्त की और चालक को गिरफ्तार किया।**

डूंगरपुर, 1 दिसम्बर (निसं)। बिछीवाड़ा थाना की सीमा पर तैनात रतनपुर पुलिस ने चावल के कट्टों की आड़ में गुजरात जा रही करीब 25 लाख की अंग्रेजी शराब के साथ चालक को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी बिछीवाडा, अनिल देवल से मिली जानकारी अनुसार, पड़ौसी राज्य गुजरात में होने जा रहे चुनाव के मद्देनजर की जा रही नाकेबंदी के दौरान मुखबीर की सूचना पर उदयपुर से आ रहे और गुजरात की तरफ जा रहे ट्रक को रुकवा चैक किया गया। जाँच के दौरान ट्रक में चावल से भरे कट्टे दिखाई दिए, लेकिन कट्टों को हटाकर देखा तो कट्टों के नीचे कार्टूनों में हरियाणा और राजस्थान निर्मित शराब भरी हुई दिखाई दी।

ट्रक और चालक को हिरासत में लेकर शराब पेटियों की गिनती की गई जिसमें अंग्रेजी शराब और बियर के कुल 32 कार्टन पाए गए। पकड़ी गई शराब की बाजार में करीब 25 लाख रुपये कीमत बताई जा रही है। चालक को गिरफ्तार कर बिछीवाड़ा पुलिस जाँच करने में जुट गई है।

# 'कांग्रेस विधायकों के इस्तीफों पर निर्णय क्यों नहीं?'

जयपुर, 1 दिसंबर (का.सं.)। कांग्रेस के 91 विधायकों के इस्तीफे का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने गुरुवार को अपने अधिवक्ता हेमंत नाहटा के साथ हाइकोर्ट पहुंच कर याचिका दायर की है। याचिका में गुहार की गई है कि, विधानसभा स्पीकर इन विधायकों के इस्तीफे पर निर्णय लें।

याचिका में कहा गया कि, कांग्रेस के 91 विधायकों ने गत 25 सितंबर को विधानसभा स्पीकर को अपने इस्तीफे दिए थे। इसके बाद 18 अक्टूबर, 19 अक्टूबर, 12 नवंबर और 21 नवंबर को याचिकाकर्ता ने स्पीकर को प्रतिवेदन देकर इन इस्तीफों के बारे में निर्णय लेने का आग्रह किया था। तथापि, स्पीकर ने अब तक इन इस्तीफों को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया है। याचिका में कहा गया कि, यदि कोई विधायक इस्तीफा स्वयं पेश करता है तो, विधानसभा

- **भाजपा नेता राजेन्द्र राठौड़ ने हाई कोर्ट में याचिका पेश कर विधानसभा स्पीकर से विधायकों के इस्तीफों पर निर्णय लेने की गुहार की है।**

प्रक्रिया नियम 173 के तहत स्पीकर के पास इस्तीफा स्वीकार करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं होता। सिर्फ, इस्तीफा स्वैच्छिक और जैन्विन है या नहीं, इस बात को लेकर ही जांच की जा सकती है। याचिका में यह भी कहा गया कि, यह असंभव है कि इतनी बड़ी संख्या में विधायकों से जबरन इस्तीफों पर हस्ताक्षर करवाए गए हों या उनके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हों। विधायकों के इस्तीफे देने के कारण सरकार सदन में अपना विश्वास खो चुकी है। इसके बावजूद भी इस्तीफा देने वाले मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद सहित अन्य सरकारी बैठकों में शामिल हो रहे हैं।

याचिका में यह भी गुहार की गई है कि इस्तीफा देने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं और बतौर विधायक इनका विधानसभा में प्रवेश रोका जाए। हाईकोर्ट की खंडपीठ मामले में अगले सप्ताह सुनवाई कर सकती है।

# जयपुर खेलने गए खिलाड़ी की मौत

डूंगरपुर, 1 दिसम्बर (निसं)। जयपुर में राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने गए डूंगरपुर जिले के एक खिलाड़ी की हादसे में मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार सहित समूचे जिले में शोक की लहर छा गई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार, जिले की सागवाड़ा पंचायत समिति अंतर्गत भीलूडा गांव के गुरुकुल पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में कक्षा आठ में अध्ययनरत 14 वर्षीय रौनक, पुत्र मुकेश दर्जी, 29 अक्टूबर से तीन दिसम्बर तक जयपुर में प्रस्तावित 14 वर्षीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस



*मृतक छात्र रौनक*

प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ तथा जिला टीम के साथ जयपुर पहुंचा था।

- **जयपुर में चल रही राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतिस्पर्धा में खेलने आए डूंगरपुर के 14 वर्षीय खिलाड़ी, रौनक दर्जी की ट्रेन हादसे में मौत हो गई।**

शुक्रवार सुबह पूरी टीम जयपुर के करथनी थाना क्षेत्र के खिरनी रेलवे फाटक के पास पहुँची। बताया जा रहा है कि, रेलवे फाटक बंद था। इस दौरान एक शिक्षक एवं एक विद्यार्थी ने पटरी क्रॉस कर ली। रौनक भी लाइन क्रॉस करने गया तभी ट्रेन आ गई तथा रौनक उसकी चपेट में आ गया। रौनक को तुरंत नजदीक के मरुधर हॉस्पीटल में भर्ती कराया, जहाँ उपचार के दौरान रौनक की मृत्यु हो गई। जिले में हादसे की जानकारी मिलते ही शोक छा गया।

मिली जानकारी अनुसार, रौनक तीन बहनों का इकलौता भाई था। पिता मुकेश कुवैत में रोजगारत हैं, अभी घर आए हुए हैं। बेटे के जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार खुशी के माहौल में था तथा राज्य स्तर पर उसके अच्छे प्रदर्शन की प्रार्थनाएं कर रहा था। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार टूट गया है।

## '24 साल बाद भी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जस्टिस पी.एस. नरसिंहा की एक बैंच ने यशपाल और अन्य द्वारा दायर एक याचिका पर नोटिस जारी किए। बैंच ने ध्यान दिलाया कि इनमें से कुछ तो पिछले 24 वर्षों से रक्षा मंत्रालय में निरंतर कार्यरत हैं, लेकिन इन्हें नियमित नहीं किया गया है। याचिका में कहा गया कि ''याचिकाकर्ताओं को अब भी दैनिक वेतनभोगी लोडर माना जा रहा है और भारत सरकार की वर्ष 1993 की आकस्मिक श्रमिकों को लेकर बनी योजना (ग्रांट ऑफ टैम्परेरी स्टेट्स एण्ड रैग्यूलराइजेशन) अब तक लागू नहीं की गई है। इस संबंध में भारत सरकार और रक्षा मंत्रालय ने दिनांक 14.10.1993 को तीनों सेनाओं के प्रमुखों– यथा थल सेनाध्यक्ष, नौ सेना अध्यक्ष और वायु सेना अध्यक्ष को पत्र लिखे थे। याचिका में मांग की गई कि प्रार्थियों को भारतीय सेना में नियमित लोडर्स माने जाने के उचित निर्देश प्रदान किए जाएं और उन्हें नियमित लोडर्स की भांति सारे लाभ दिए जाएं।

# सांभर में ए.डी.एम. कार्यालय के लिए 40 साल से बार एसोसिएशन का संघर्ष

## भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के लिए कार्यालय खुलवाना चुनौती बन गया

- **ए.डी.एम. कार्यालय नहीं होने की वजह से मुकदमों में अनावश्यक विलंब हो रहा है तथा लोगों को सही समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है।**

सांभरझील, 1 दिसम्बर (निसं)। सांभर उपखंड मुख्यालय पर अपर जिला कलेक्टर के दफ्तर को खुलवाए जाने के लिए विगत 40 साल से बार एसोसिएशन, सांभर हरेक सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से अपना पक्ष रखता आ रहा है, लेकिन इसके बावजूद आज तक यह मांग उपेक्षित है।

यद्यपि सांभर उपखंड मुख्यालय पर अपर जिला कलेक्टर के कार्यालय को खुलवाने के लिए वर्ष 1984 में क्षेत्र के पक्षकारों को राहत एवं न्यायिक कार्य में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से विकल्प के तौर पर कोर्ट कैंप के आदेश प्रसारित किए थे, लेकिन बाद में इस व्यवस्था को भी समाप्त कर दिया गया और विगत 4 दशकों से राजस्व मुकदमों की सुनवाई एवं उसकी अपील के लिए क्षेत्र के पक्षकारों को अपने वकीलों के माध्यम से जिला कार्यालय जयपुर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि सांभर मुख्यालय पर इस प्रकार की व्यवस्था नहीं होने के कारण मुकदमों में अनावश्यक विलंब हो रहा है समय पर पक्षकारों को न्याय नहीं मिलने से वे मानसिक प्रताड़ना भी सह रहे हैं। काबिलेगौर है कि विगत 1 वर्ष पूर्व ही सांभर उपखंड के न्यायिक क्षेत्राधिकार को यहां से हटा कर एडीएम दूदू के अधीन किये जाने का अभिभाषक संघ की ओर से भारी विरोध किया गया था, क्षेत्र की जनता को मिले प्रबल समर्थन के परिणाम स्वरूप सरकार को उक्त फैसले को वापस लेना पड़ा, लेकिन अभी तक भी सरकार ने सांभर उपखंड मुख्यालय पर एडीएम के दफ्तर को खुलवाने के लिए कोई संकेत नहीं दिए हैं।

यह बताना जरूरी है कि बार एसोसिएशन को अब तक आम जनता की ओर से मिले समर्थन के बावजूद भाजपा और कांग्रेस के सक्षम राजनेता चार दशकों से एडीएम का दफ्तर खुलवाने में कमजोर ही साबित हो रहे हैं जिसका सबसे बड़ा नुकसान पक्षकारों के साथ–साथ वकीलों को भी उठाना पड़ रहा है।

बता दें कि करीब डेढ़ साल पहले बार एसोसिएशन सांभर के पूर्व अध्यक्ष शेख शमीम उल हक, पूर्व सचिव नरेंद्र कुमार शर्मा, लक्ष्मण सिंह खंगारोत, कॉल सिंह खंगारोत, वर्तमान अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह खंगारोत, सचिव सुरेश कुमार शर्मा, भागचंद सांभरिया, वीरेंद्र सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष युगराज माथुर, पुस्तकालय सचिव इलियास बाबू रंगरेज, राहुल वीर गुर्जर, दिव्य राजवीर गुर्जर सहित अनेक वकीलों के शिष्टमंडल ने राजस्व मंत्री से मुलाकात भी की थी तथा इस आशय का एक प्रतिवेदन भी मंत्री हरीश चौधरी व सचिन पायलट को भी सौंपा गया था। लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम नजर नहीं आ रहे हैं।

इस मामले में अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत से बात करने पर बताया कि हमारी वर्षों पुरानी मांग आज भी पेंडिंग चल रही है, जिससे क्षेत्र को बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। जनता का तो पूरा साथ है। सरकार में अपनी गहरी पकड़ रखने वाले सक्षम लोग जब तक दिल से साथ नहीं लगेंगे, तब तक इस मांग का समाधान होना एक प्रकार से मुश्किल ही है। बार एसोसिएशन अपनी इस जायज मांग को पूरा करवाने के लिए आगे भी इसी प्रकार संघर्ष करता रहेगा शीघ्र ही रणनीति तैयार कर नियमानुसार प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

# भारत की इकॉनमी के बारे में नवीनतम ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

निर्माण देश में किया जा सकता था।

मुझे एक जर्मन राजनयिक का वाकया याद आया। उसने मुझे बताया कि वह अपने दिल्ली वाले घर के लॉन के लिए गार्डन अम्ब्रेला खरीदना चाहता था, पर उसको पूरे भारत में कहीं भी भारत में बना गार्डन अम्ब्रेला नहीं मिला।

यह अजीब बात है कि भारत का निर्माण क्षेत्र वर्षों से सुस्त रहा है। इसी के साथ हमने चुनिंदा क्षेत्रों में तो भारी कायापलट देखा है। भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग तो मानो शैशव अवस्था में था, सिर्फ कुछ ही कारें बनती थी वो भी बहुत महंगे दामों पर और अधिकांश का सर्विस व रिपेयर की जरुरत पड़ती थी। पर आज अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की कारों का निर्माण होता है, यहां तक इनमें से कई तो विकसित देशों को निर्यात भी होती है। अब तो भारतीय ऑटोमोबाइल विश्व के बाजार में प्रमुख प्रतिस्पर्धी बन गया है। टाटा मोटर्स भी वैश्विक मार्केट में कभी भी गंभीरता से नहीं लिया गया आज सर्वश्रेष्ठ कम्पनियों से मुकाबला कर रही है।

निर्माण क्षेत्र की विफलता के साथ कई अन्य कमियां भी है। अगर हम कम लागत में निर्माण नहीं करेंगे तो प्रमुख निर्यातक कैसे बनेंगे। जापान का आर्थिक विकास भी निर्यात की नीति पर चलने के साथ हुआ है और दक्षिण कोरिया भी इसी नीति पर चल कर निर्माण में सफल हुआ है।

चीन का मॉडल बताता है कि अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में निर्माण उद्योग की भूमिका क्या है। चालीस साल पहले चीन और भारत की आर्थिक स्थिति लगभग एक जैसी थी फिर निर्माण में चीन की प्रगति और निर्यात पर इसके प्रभाव चीन को वह बना दिया जो आज वह है।

चीन का अनुभव भारत में दोहराना लगभग असंभव सा है क्योंकि वहां अलग राजनैतिक व्यवस्था है। भारत उद्योग क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या निर्माण सैक्टर का विकास करना रहा है यह एक राजनैतिक मुद्दा है और इसके वैसे ही हल करना चाहिए।

अगर निर्माण क्षेत्र विकसित नहीं हो पाता है तो सर्विस सैक्टर की निरंतर सफलता आशा की किरण है। भारतीय सेवायें, का उत्तरोत्तर विकास हुआ है और अब फिर से यह गति पकड़ता लग रहा है।

इस वर्ष सेवा क्षेत्र में अच्छी ग्रोथ दिखी है। अगर भारत को अपनी ग्रोथ रेट 8 प्रतिशत से ऊपर रखनी है, सर्विस सैक्टर की ग्रोथ रेट दहाई के अंक को पार करनी चाहिए।

सर्विस सैक्टर ग्रोथ से इंडियन सर्विस इंडस्ट्री की प्रतिस्पर्धा भी दशाई है। आई.टी.ई.एस. (इनफॉर्मेशन टैक्नॉलजी ऐनेबल्ड सर्विस) जो सरकार की मदद के बिना आगे बढ़ा है या कहें कि सरकार ने इसमें फालतू दखल नहीं दिया। अब अवश्य कभी भी इसमें हस्तक्षेप के प्रयास होते है।

इन आकड़ों से यह भी पता चला है कि अर्थव्यवस्था पूरी तरह से निजी उपभोग पर निर्भर करती है।

## प्रधानमंत्री ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने कहा, अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूँ कि, क्या जी–20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं।

मोदी ने कहा, कि ''भारत की जी–20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम है, ''एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'' अर्थात् वसुधैवकुटुम्बकम।''

उन्होंने आगे कहा, ''विश्व आज जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है जिन्हें आपस में लड़कर नहीं बल्कि, एक साथ मिलकर काम करके ही सुलझाया जा सकता है।''

भारत सरकार ने सभी अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित किया, जिसमें कहा गया है, ''प्रजातंत्र की जननी जी–20 की मेज़बानी करेगी।'' वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर के अखबारों के सम्पादकीय पृष्ठों में ''गैस्ट कॉलम'' लिखा, यह जोर देते हुए कि जी–20 समग्र मानवता को लाभ पहुँचाएगा।

# 'सुबह छ: बजे से चलना और दिन में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किमी से कम नहीं चलना।''

उन्हें आगे यह कहते हुए सुना जा सकता है कि यात्रा के मध्य प्रदेश के चरण के लिए राहुल की तीन पूर्व शर्तें थीं। सूची में आदिवासी नेता टंट्या भील की जन्मस्थली की यात्रा, ओंकारेश्वर और महाकाल मंदिर के दर्शन शामिल हैं। सूची के इन तीनों बिन्दुओं को टिक कर लिया गया। नाथ को गांधी के साथ हर कहीं देखा गया। ओंकारेश्वर से लेकर उज्जैन के महाकाल मंदिर के गर्भ गृह तक।

जनता के साथ बार–बार होने वाली उनकी बातचीत में राहुल गांधी की उनकी फिटनैस को लेकर अधिक तारीफ की जा रही है। वे ना केवल अपनी यात्रा में चलने वालों में सबसे आगे रहते हैं, बल्कि उन्हें पानी की ऊंची टंकी पर चढ़ते हुए और सड़क पर पशु–अप्स करते हुए भी देखा जा सकता है। पार्टी के सीनियर नेता प्राय: उनसे पिछड़ जाते हैं। यात्रा के कर्नाटक चरण के दौरान सिद्धारमैया ही गांधी के साथ कदम–ताल मिलाकर चल पाए थे।

पार्टी के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह यात्रा के दौरान खारगोन जिले में चलते वक्त लड़खड़ा कर नीचे गिर गए थे। कांग्रेस ने इसका दोष राज्य की सड़कों की खराब स्थिति को दिया था। इस पर भाजपा ने एक वाक् युद्ध छेड़ दिया था।

नाथ के वीडियो पर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एक तीखी टिप्पणी व्यक्त की है।

मिश्रा ने अपने ट्वीट में लिखा कि ''कमलनाथ जी मैंने आपका वीडियो देखा है और मैं आपका दर्द महसूस कर सकता हूं।'' मिश्रा के ट्वीट में आगे कहा गया है, और राहुल गांधी भी आपको यात्रा में तीन स्थल जोड़ने के लिए बाध्य कर रहे हैं। आपका दर्द स्पष्ट है और आपके शब्द भी धर्म और आदिवासियों को लेकर राहुल गांधी के पाखण्ड को उजागर कर दिया है।

मैं प्रार्थना करता हूं कि राहुल गांधी उन लोगों को बाध्य ना करें जो शारीरिक रूप से कमजोर होने के कारण यात्रा में चल नहीं सकते, क्योंकि ऐसा होने पर ये लोग मरने की बात करने लगेंगे। कृपया यह सुनिश्चित करें कि आपका कार्यक्रम किसी के लिए नुकसानदेह साबित ना हो।''

एक दिन के अवकाश के बाद यात्रा गुरुवार को उज्जैन से पुन: शुरु हुई और अगार मालवा की तरफ रवाना हुई।

यह स्थल यात्रा के मध्य प्रदेश चरण का अंतिम पड़ाव है। यात्रा का कार्यक्रम पश्चिमी मध्य प्रदेश के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जाने वाले मालवा–निवाइ क्षेत्र तक की 380 किमी. दूरी 12 दिन में कवर करने का है। भाजपा शासित इस राज्य में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं।

कांग्रेस द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार मध्य प्रदेश के बाद यात्रा 4 दिसम्बर को राजस्थान में प्रवेश करेगी।

राहुल गांधी की यात्रा ने गत 23 नवम्बर को पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में प्रवेश किया था।

मध्य प्रदेश में यह यात्रा अब तक बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन और इन्दौर जिलों से गुजर चुकी है।

## कम्प्यूटर से ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है, लेकिन मस्क ने कहा कि, यह इम्प्लांट सबसे पहले किसी ऐसे व्यक्ति में लगाया जाएगा जो अपनी मांसपेशियों का उपयोग नहीं कर सकता। ''वो व्यक्ति फिर, उस व्यक्ति की तुलना में अधिक तेजी से अपना फोन ऑपरेट कर सकेगा जिनके हाथ काम करते हैं।''

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908